दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
WWW.NAVPRADESH.COM

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 9 | कारोबार

रायपुर, शनिवार, 27 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 308 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की स्थिति उस मकड़ी की तरह हो गई है जो अपने बुने हुए जाल में खुद फंस जाती है। खुद को खिलाड़ियों की खिलाड़ी समझने वाली दीदी को इस बात का अहसास हो गया है कि इस बार बंगाल विधानसभा चुनाव में उनका खेला नहीं चल पाएगा। उनकी टीम के खिलाड़ी रहे हुमायूं कबीर ने अपनी अलग टीम बनाने का ऐलान कर दीदी का खेला खराब करने के लिए खतरनाक खेल खेलना शुरू कर दिया है। नतीजतन दिग्भ्रमित दीदी पर यह कहावत चरितार्थ हो सकती है कि - दुविधा में दोनों गए, माया मिली न राम।

बंगलादेश में हिंदुओं की हत्या के मामलों की भारत ने निंदा की

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत ने बंगलादेश में हिंदू समुदाय के एक और व्यक्ति की हत्या की निंदा करते हुए कहा है कि घटना में शामिल अपराधियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि भारत बंगलादेश में एक और हिंदू की हत्या की घोर निंदा करता है। बंगलादेश की अंतरिम सरकार के बनने के बाद से अब तक हत्या, आगजनी और जमीन हड़पने की 2900 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि भारत की मांग है कि अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाया जाए।

राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी समुद्री सफर

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 दिसंबर को कर्नाटक के करवार बंदरगाह से एक पनडुब्बी में समुद्री यात्रा करेंगी। यह यात्रा शनिवार से गोवा, कर्नाटक और झारखंड की उनकी चार दिवसीय यात्रा के दौरान होनी है। राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू 27 दिसंबर की शाम को गोवा के लिए रवाना होंगी। इसके बाद 28 दिसंबर को राष्ट्रपति कर्नाटक के करवार बंदरगाह से एक पनडुब्बी में समुद्री यात्रा करेंगी।

झारखंड के जमशेदपुर भी जाएंगी राष्ट्रपतिः राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को झारखंड के जमशेदपुर में ओल चिकी के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। इस बयान में कहा गया है, उसी दिन वह एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह को भी संबोधित करेंगी।

22 राज्यों में तेज सर्दी-कोहरा छत्तीसगढ़ में बढ़ेगी ठंड

देश सहित प्रदेश में और बढ़ेगी ठंड, दुर्ग में शीतलहर

नई दिल्ली/भोपाल/रायपुर/नवप्रदेश। देशभर में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। यूपी-एमपी, राजस्थान समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेज ठंड और घना कोहरा हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में ठंड और कोहरा और ज्यादा बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में हालात सबसे ज्यादा खराब बने हुए हैं। यूपी में कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या समेत 27 जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई जगहों पर विजिबिलिटी जीरो हो गई। सड़कों पर कुछ मीटर आगे भी दिखाई नहीं दे रहा। देश भर में और उत्तरप्रदेश सहित कई रेलवे स्टेशनों में घने कोहरे के कारण दृश्य क्षमता कम होने की वजह से 150 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर 5 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। इधर, मध्य प्रदेश में भी ठंड ने रिकॉर्ड तोडऩे शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के 25 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान 10ए सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। गुरुवार को पचमढ़ी प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

150 से ज्यादा ट्रेनें लेट

8 राज्यों में घने से बेहद घने कोहरे की चेतावनी

आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, असम, मेघालय, बिहार, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू क्षेत्र, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, सब-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में भी 26 दिसंबर की सुबह तक कोहरा बना रह सकता है।

चिल्फी में जमी ओस, जगदलपुर-चित्रकोट मार्ग पर घना कोहरा

बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे देर रात और तड़के सुबह पूरा इलाका घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आ रहा है। पेड़-पौधों की पत्तियों, घास, खेतों और छतों पर ओस की बूंदें बर्फ के रूप में जमती दिखाई दे रही हैं, मानो प्रकृति ने सफेद चादर ओढ़ा दी हो। हर साल चिल्फी घाटी में तेज ठंड पड़ती है, लेकिन इस बार ठंड का असर कुछ अधिक और पहले देखने को मिल रहा है। बादल छंटने के बाद न्यूनतम तापमान में रोजाना गिरावट हो रही है। चिल्फी घाटी का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड का असर अब सिर्फ रात तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दिन में भी ठिठुरन महसूस की जा रही है।

उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दुर्ग में शीतलहर का असर बना हुआ है, जहां रात का तापमान 9.2डिग्री तक गिर गया। अंबिकापुर, ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर में नगर निगम ने कई जगहों पर अलाव का इंतजाम किया

रायपुर में शीतलहर का असर बढ़ते ही नगर निगम ने आम लोगों को राहत देने के लिए शहर में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी है। निगम ने 12 से अधिक लोकेशन पर रातभर अलाव जलवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि बेघर, राहगीरों और आम नागरिकों को ठंड से तुरंत राहत मिल सके।

स्वास्थ्य विभाग ने भी जारी की एडवाइजरी

स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी कर चेतावनी दी है कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि शीतलहर के दौरान, केवल आवश्यकता होने पर ही यात्रा करें और बाहर निकलते समय पूरी तरह गर्म कपड़े पहनें।

छत्तीसगढ़ की योगिता सहित देश के 20 बहादुर बच्चों को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में 18 राज्यों के 20 साहसी बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया है। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में इन बच्चों के उनके असाधारण कार्यों के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति ने पुरस्कार पाने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पुरस्कार विजेता बच्चों ने अपने परिवारों, अपने समुदायों और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्मान पाने वाले इन बच्चों से देश के अन्य सभी बच्चे प्रेरित होंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि लगभग 320 वर्ष पूर्व, सिख पंथ के दसवें गुरु और सभी भारतवासियों के लिए पूजनीय गुरु गोबिन्द सिंह जी और उनके चारों बेटों ने सत्य और न्याय के पक्ष में युद्ध और संघर्ष करते हुए बलिदान दिया था। इस दिन हम सब उनके दो सबसे छोटे ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी बधाई और शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव जिले की प्रतिभाशाली बालिका योगिता मंडावी ने जूडो खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बालिका गृह, कोण्डागांव में पली-बढ़ी योगिता को उनकी उल्लेखनीय खेल उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ▪ पृष्ठ 2 भी देखे

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला : अब शुरू होगा मामले का ट्रायल

ईडी ने पेश किया 82 आरोपियों के खिलाफ 29 हजार पन्नों का अंतिम चालान

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में श्वष्ठ ने आज कोर्ट में लगभग 29 हजार 800 से अधिक पन्नों का अंतिम चालान पेश किया. सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 82 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की गई है. अब मामले का ट्रायल शुरू होगा।

क्या है शराब घोटाला?- छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है. दर्ज एफआईआर में 3200 करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। इस घोटाले में राजनेता, आबकारी विभाग के अधिकारी, कारोबारी सहित कई लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज है। ईडी ने अपनी जांच में पाया है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में ह्रस् अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था। ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

भगोड़े अपराधियों की वापसी पर सरकार का सख्त रुख

नई दिल्ली(वार्ता)। विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों से जुड़े मामलों को लेकर भारत सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वीजा परेशानियों, सुरक्षा से जुड़े मामलों, भगोड़े अपराधियों की वापसी और विदेशों में भारतीय छात्रों की मौत जैसे मुद्दों पर विदेश मंत्रालय ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार को एच1बी वीजा नियुक्ति के बार-बार ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

सीरिया में नमाज के दौरान मस्जिद में धमाका

बेरूत(वार्ता)। सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक मस्जिद में हुए बम धमाके में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 अन्य घायल हो गए। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना की तरफ से जारी तस्वीरों में मस्जिद के भीतर खून से सने कालीन, दीवारों में छेद, टूटे शीशे और आग से हुए नुकसान के निशान दिखाई दे रहे हैं।

मस्जिद के भीतर लगाए गए थे विस्फोटक उपकरणः धमाका इमाम अली इब्न अबी तालिब मस्जिद में हुआ, जो होम्स के वादी अल-दहाब इलाके में स्थित है। यह क्षेत्र मुख्य रूप से अलावी समुदाय की आबादी वाला माना जाता है। समाचार एजेंसी ने एक सुरक्षा सूत्र के हवाले से बताया कि शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि मस्जिद के भीतर विस्फोटक उपकरण लगाए गए थे। हमले के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हमलावरों की तलाश जारी है। सीरिया के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मस्जिद ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

साहिबजादे देश का गौरव, हर भारतीय को उनसे ताकत और प्रेरणा मिलती है: मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माता गुजरी, गुरु गोविंद सिंह और चारों साहिबजादों की वीरता को देश का गौरव बताते हुए कहा है कि इनके आदर्श आज भी हर भारतीय को ताकत और प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य बच्चों और युवाओं से ही जुड़ा है इसलिए वह अपेक्षा करते हैं कि वे बड़े सपने देखें , कड़ी मेहनत करें और आत्मविश्वास को कमजोर न पडऩे दें। श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीर साहिबजादे क्रूर मुगल शासकों के सामने ऐसे मजबूती से खड़े हुए की महजबी कट्टरपंथ का वजूद हिल गया था। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कतार से सम्मानित 20 बच्चे भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

गरमा-गरमा

नहीं सही टाइम पर नहीं आई ये ट्रेन.. इसे कल इस टाइम पर आना था.. आज पहुंची है!

उपलब्धि...

विद्युत ढांचे को मिली ऐतिहासिक मजबूती , प्रदेश का पांचवां 400/220 केवी उपकेंद्र हर्राडांड में स्वीकृत

सीएम साय के नेतृत्व में जशपुर बना पावर हब

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी और जनहितकारी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के विद्युत अधोसंरचना क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की जा रही है। बीते दो वर्षों में जशपुर जिला बिजली ढांचे के सशक्तिकरण की दृष्टि से एक पावर हब के रूप में उभरकर सामने आया है। राज्य सरकार द्वारा लिए गए रणनीतिक और दीर्घकालिक निर्णयों के परिणामस्वरूप जिले में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण व्यवस्था को नई मजबूती मिली है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

117 नए ट्रांसफार्मर स्थापित, लो वोल्टेज की समस्या से राहत

ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए 117 नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा चुके हैं। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल रही है, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं, व्यापारियों और लघु उद्योगों को भी स्थिर विद्युत आपूर्ति का लाभ मिल रहा है।

बिजली से विकास को मिली नई रफ्तार

जिलेवासियों का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर को मिली विद्युत सौगातों से न केवल बिजली व्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि कृषि, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी विकास को नई गति मिली है। निर्बाध बिजली आपूर्ति से आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

वैश्विक कारोबार में बजा एआई का डंका

भारतीय कारोबारियों ने 2025 में मनवाया अपना लोहा

नई दिल्ली (वार्ता)। वर्ष 2025 भारतीय कॉरपोरेट जगत के लिए नई ऊंचाइयों को छूने वाला साल रहा। यह वह साल था जब सिलिकॉन वैली से ज्यादा चर्चा भारत के नरीमन पॉइंट और बेंगलुरु के टेक-कॉरिडोर की हुई। एक तरफ जहां रिलायंस और अदाणी समूह ने बुनियादी ढांचे और मीडिया के क्षेत्र में अपना दखल बढ़ाया, वहीं दूसरी तरफ 31 साल के एक भारतीय युवक ने गूगल जैसी महाशक्ति को अपनी एआई तकनीक से चुनौती दी। आइए इस विशेष रिपोर्ट में हम 2025 के उन बिजनेस लीडर्स का विश्लेषण करेंगे जिन्होंने न केवल अपनी संपत्ति बढ़ाई, बल्कि भविष्य की इबारत भी लिखी। 2025 में भारतीय उद्योग जगत की कहानी दो शब्दों में सिमटी रही।

ब्लूमबर्ग और हुरुन की 2025 की रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुकेश अंबानी ने एक बार फिर भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज अपने पास बरकरार रखा। उनकी कुल ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

भारत रत्न अटल बिहारी को जयंती पर अर्पित किया श्रद्धासुमन

खैरागढ़/नवप्रदेश। बाजार अतरिया भाजपा मंडल में भारत रत्न,. राज्य के निर्माता एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती श्रद्धा सम्मान के साथ मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया । । कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी एक महान राष्ट्रवादी नेता, कुशल प्रशासक, प्रखर वक्ता और संवेदनशील कवि थे। उनके नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और राष्ट्रीय एकता की नई दिशा प्राप्त की। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में उनका ऐतिहासिक योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा, जिसके कारण प्रदेश की जनता उन्हें छत्तीसगढ़ निर्माता के रूप में श्रद्धापूर्वक याद करती है। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों, विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हरप्रसाद वर्मा, देवकुमार सेन , केशव चंदेल , राजेंद्र ताम्रकार ,डॉ डी सी रॉय , बिनु रजक , नत्थू देवांगन , ईश्वरी यादव , पूर्णचंद गुप्ता, उत्तम वर्मा , नैनदास वर्मा ,नितेश उपाध्याय , प्रेमसागर गुप्ता ,युवराज साहू, मुकेश वर्मा दिना वर्मा , धुर्वा वर्मा ,पप्पू सिन्हा एवं मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अवैध धान परिवहन भंडारण पर जिला प्रशासन की कार्रवाई, 449 क्विंटल धान किया जब्त

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में अवैध धान भंडारण एवं व्यापार के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। राजस्व, खाद्य, कृषि उपज मंडी एवं अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर बड़ी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित धान जप्त किया । जांच के दौरान ग्राम अर्चेडबरी स्थित थोक व्यापारी हे राम ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान से मंडी अधिनियम के तहत 80 क्विंटल धान खैरागढ़ स्थित जैन कुंदल मल कमलेश थोक व्यापारी के मंडी प्रतिष्ठान से वाहन से परिवहन किए जा रहे 100 क्विंटल धान को जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त व्यापारी द्वारा वाहन में लोड 100 क्विंटल धान को भी मंडी अधिनियम के अंतर्गत जप्त किया गया। खैरागढ़ स्थित सम्यक ट्रेडर्स नेमीचंद चोपड़ा थोक व्यापारी के वाहन से 140 क्विंटल धान जप्त कर मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की गई। तहसील साल्हेवारा अंतर्गत पोड़ी-साल्हेवारा मोड़ के पास वाहन से अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए चालक राहुल कुमार वलगे, पिता देवन, निवासी निवासपुर कबीरधाम के कब्जे से 29 क्विंटल धान से भरी पिकअप को मौके पर जप्त कर थाना साल्हेवारा को सुपुर्द किया गया। संयुक्त टीम द्वारा की गई इन विभिन्न कार्रवाईयों में कुल 449 क्विंटल धान जप्त किया गया। मंडी प्रशासन ने कहा कि बिना पंजीयन एवं नियमों का उल्लंघन कर किए जा रहे अवैध धान भंडारण एवं व्यापार के मामलों में आगे भी सघन जांच एवं सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

उर्वरक नियंत्रण आदेश उल्लंघन पर चार कृषि केन्द्रों पर कार्रवाई

खैरागढ़/नवप्रदेश। रबी वर्ष के प्रारंभ से ही कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज, खाद एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विक्रय केन्द्रों में सतत निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई की जा रही है। जिले के विभिन्न स्थानों में संचालित कृषि केन्द्रों के औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर चार कृषि केन्द्रों पर विक्रय प्रतिबंध लगाते हुए सामग्री जब्त की गई। संबंधित चारों कृषि केन्द्र संचालकों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी के मार्गदर्शन में अनुविभागीय कृषि अधिकारी वीरेंद्र डहरिया एवं सहायक संचालक कृषि लुकमान साहू की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान खैरागढ़ अंतर्गत मौर्या कृषि केन्द्र, दाउचौरा; सागर कृषि केन्द्र, पिपलाकछर; विकास कृषि केन्द्र, गाड़ाघाट एवं जानवी कृषि केन्द्र, गाड़ाघाट में जांच के दौरान संबंधित कृषि केन्द्रों में स्कंध पंजी का संधारण नहीं होना, स्त्रोत प्रमाण पत्र का अभाव, मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं होना तथा निर्धारित कैश/क्रेडिट मेमो का संधारण नहीं पाया गया। उक्त कमियों को उर्वरक नियंत्रण आदेश का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए सभी संबंधित कृषि केन्द्र संचालकों को नोटिस जारी किया गया है।

भाजपा नेता अनुराग सिंहदेव को मातृशोक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भाजपा नेता अनुराग सिंह देव की माता श्रीमती स्वर्णलता देवी का निधन हो गया है। शुक्रवार की सुबह 9.30 बजे उन्होंने रायपुर स्थित एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। 27 दिसंबर को अंबिकापुर के शंकर घाट में अंतिम संस्कार होगा। श्रीमती स्वर्णलता देवी स्वर्गीय अरुण प्रताप सिंह देव की धर्मपत्नी और अनुराग सिंह देव, अमिताभ सिह देव की माता हैं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। अंबिकापुर के बीजेपी नेता अनुराग सिंह देव छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के नवनियुक्त अध्यक्ष हैं। वे इस पद पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, विभिन्न बैठकों की अध्यक्षता कर रहे हैं और हाउसिंग बोर्ड की योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की माताजी स्वर्णलता देवी सिंहदेव (धर्मपत्नी : स्व. अरुणप्रताप सिंहदेव) के देहावसान पर गहन शोक व्यक्त किया है। श्री देव ने अपने शोक संदेश में सिंहदेव-परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धेया स्वर्णलता देवी सिंहदेव के देवलोक गमन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। स्व. स्वर्णलता देवी को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री देव ने कहा कि यह हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की व्यक्तिगत रूप से अपूरणीय क्षति है। श्री देव ने स्व. स्वर्णलता देवी की आत्मा को चिरशांति और सभी शोकाकुल परिजनों को धैर्य व सम्बल प्रदान करने की प्रार्थना परमपिता परमेश्वर से की है।

राष्ट्रपति ने किया प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित

योगिता को आसाधारण उपलब्धियों के लिए मिला पुरस्कार

फरसगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की होनहार खिलाड़ी कुमारी योगिता मंडावी ने संघर्ष, मेहनत और लगन की मिसाल पेश करते हुए पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया है। जूडो खेल में शानदार प्रदर्शन और निरंतर उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रिय बाल पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें 26 दिसंबर 2025 को प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दिया है।

संघर्ष से सफलता तक की प्रेरक कहानी

योगिता ने चार वर्ष की उम्र में माता पिता को खो दिया था। कम उम्र में माता-पिता को खोने के बाद योगिता के जीवन में कठिनाईयों का पहाड़ टूट पड़ा था। लेकिन उन्होंने हालातों के आगे हार नहीं मानी। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के अधीन संचालित बालिका गृह, कोंडागांव में रहते हुए उन्होंने खेल को अपना संबल बनाया और जूडो को लक्ष्य बनाकर दिन-रात मेहनत की। अनुशासन, आत्मविश्वास और लगन ने उन्हें एक सफल खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर दिया।

जूडो में बनाई राष्ट्रीय पहचान

आज योगिता मंडावी खेलो इंडिया की राष्ट्रीय स्तर की जूडो खिलाड़ी हैं। उन्होंने राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर यह साबित किया है कि, प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। कक्षा 9 वीं की छात्रा योगिता ने 10 वर्ष की आयु में जूडो 2024-25 में राज्य, खेलो इंडिया क्षेत्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल जीते थे। वर्तमान में भोपाल में प्रशिक्षण ले रही हैं।

योगिता मंडावी की प्रमुख उपलब्धियाँ

अस्मिता खेलो इंडिया महिला जूडो लीग 2025 में सब-जूनियर 44 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स 2024-25 में अंडर-19 गर्ल्स वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। एसजीएफआई नेशनल और खेलो इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन भी किया। लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के चलते योगिता को आज भारतीय जूडो की सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों में गिना जा रहा है। योगिता मंडावी को मिला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार उनकी व्यक्तिगत सफलता के साथ कोंडागांव जिला और पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का विषय है।

कहा- उस दौर में कितने मुसलमान, फिर भी दमन नहीं हुआ

भूपेश बघेल के बाद सिंहदेव भी बोले- 'मुगल-काल में हिंदू सुरक्षित थे'

- **बीजेपी बोली- सनातन विरोधी**

दुर्ग-भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के सीनियर नेता टीएस सिंहदेव ने भिलाई में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें बघेल ने कहा था कि मुगल काल में हिंदू सुरक्षित थे। सिंहदेव ने दावा किया कि इतिहास में हिंदुओं के दमन के कोई प्रमाण नहीं मिलते। सिंहदेव भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से सौजन्य मुलाकात करने उनके सेक्टर-5 स्थित निवास पहुंचे थे। इस मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने ऐतिहासिक विमर्श पर खुलकर अपनी राय रखी। वहीं सिंहदेव के बयान पर बीजेपी सांसद संतोष पांडेय ने पलटवार करते हुए कांग्रेस और टीएस सिंहदेव को सनातन विरोधी बताया है।

सांसद ने टीएस सिंहदेव से पूछा सवाल: सांसद संतोष ने कहा कि तुष्टिकरण अपनाने वाले ये फालतू बातें कहना बंद करें, मैं एक सवाल करता हूं, इसका जवाब जरूर दीजिएगा, बमलेश्वरी में ट्रस्ट बना है,आपके कुतुरगढ़ में ट्रस्ट बना है, रतनपुर के महामाया में ट्रस्ट बना है, लेकिन अंबिकापुर में माता भवानी के नाम पर चढ़ने वाला चंदा कहां जाता है, सब जानते हैं आप वहां ट्रस्ट बनवाइए और ट्रस्ट को सौपिएं।

मुगल शासकों ने हिंदुओं पर नहीं किया अत्याचारः सिंहदेव

इतिहास में एमए कर चुके और स्वयं राजपरिवार से ताल्लुक रखने वाले टीएस सिंहदेव ने कहा कि उन्होंने इतिहास का गंभीरता से अध्ययन किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इतिहास में ऐसे कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिलते जो यह दर्शाते हों कि मुगल शासकों ने हिंदुओं पर सुनियोजित या व्यापक अत्याचार किए।

'मुगल काल में सरगुजा रियासत सुरक्षित'

सिंहदेव ने तर्क दिया कि मुगल संख्या में बहुत कम थे और वे शासन चलाने के लिए धार्मिक टकराव के बजाय सामाजिक संबंधों को प्राथमिकता देते थे। उन्होंने अपने गृह अंचल सरगुजा का उदाहरण देते हुए कहा कि मुगल काल के दौरान भी सरगुजा रियासत सुरक्षित रही।

उस दौर में धर्म पर नहीं हुआ दमनः सिंहदेव

उन्होंने सवाल उठाया कि उस समय वहां कितने मुसलमान थे, फिर भी हिंदू सुरक्षित थे। सिंहदेव ने कहा, हम खुद एक राजपरिवार से आते हैं। इतिहास में कहीं नहीं मिलता कि उस दौर में धर्म के आधार पर दमन किया गया हो। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने प्राचीन और मध्यकालीन भारत में शासकों की कार्यप्रणाली का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि शासक संख्या में सीमित होते थे और शासन के लिए आपसी संबंध बनाते थे। उन्होंने सम्राट अशोक और गौतम बुद्ध का उदाहरण देते हुए कहा कि बौद्ध धर्म के प्रसार में भी कहीं जबरन धर्मांतरण की बात नहीं मिलती। सिंहदेव के अनुसार, जो लोग बौद्ध बने, वे स्वेच्छा से बने, और यही परंपरा मुगल काल में भी दिखाई देती है।

बीजेपी सांसद बोले- कांग्रेस सनातन विरोधी

टीएस सिंहदेव के इस बयान पर सांसद संतोष पांडेय ने पलटवार किया है। उन्होंने कांग्रेस और टीएस सिंहदेव को सनातन विरोधी बताया है। कहा कि कांग्रेस हमेशा सनातन की विरोधी रही है। सांसद ने कहा कि टीएस सिंहदेव के बारे में छत्तीसगढ़ की जनता तो जानती है, देश की जनता को बताना चाहता हूं कि टीएस सिंहदेव भ्रम फैलाने वाले व्यक्ति हैं। कोरोनाकाल में भी इन्होंने कोविशील्ड और कोवैक्सिन पर सवाल उठाए थे, इनकी पार्टी ने कहा था कि इसको लगाने से नामर्द हो जाएंगे।

एनएमएमएस आधारित मोबाइल ऐप से होगी ग्राम सभा की कार्यवाही की एंट्री

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं डिजिटल निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके अंतर्गत जिले के सभी ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने वीबी जीरामजी से संबंधित निर्धारित मोबाइल ऐप को अपने-अपने मोबाइल में अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करें। इस मोबाइल ऐप में लॉगिन करने के लिए रोजगार सहायकों को एनएमएमएस (नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम) की आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग करना होगा। जिला पंचायत द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह ऐप विशेष रूप से विशेष ग्राम सभा की कार्यवाही की ऑनलाइन एंट्री के लिए विकसित किया गया है जिससे ग्राम स्तर पर की गई बैठकों, प्रस्तावों एवं निर्णयों का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से संधारित किया जा सके। जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि अब विशेष ग्राम सभा की समस्त कार्यवाही की एंट्री इसी ऐप के माध्यम से की जानी अनिवार्य होगी। इस प्रक्रिया से न केवल कागजी कार्यवाही में कमी आएगी बल्कि समयबद्ध एवं त्रुटिरहित डेटा संकलन में भी सहायता मिलेगी।

तिल्दा नेवरा शासकीय शराब दुकान में लूट का खेल

- **ओवर रेट वसूली, बिल देने से खुला इनकार**

तिल्दा-नेवरा/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा संचालित तिल्दा नेवरा की शासकीय शराब दुकान इन दिनों अवैध वसूली का अड्डा बनी हुई है उपभोक्ताओं के अनुसार यहां निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर शराब बेची जा रही है और मांगने पर बिल नहीं दिया जाता जिससे पूरा लेन - देन संदेह के घेरे में है

स्थानीय नागरिकों का आरोप है की देशी व विदेशी शराब की लगभग हर किस्म पर 10 से 40 रूपये तक अतिरिक्त वसूली की जा रही है ज़ब उपभोक्ता बिल की मांग करते है तो कर्मचारीयों द्वारा साफ कहा जाता है बिल नहीं मिलेगा, लेना है तो लो नहीं तो छोड़ दो। शासकीय दुकान मे इस तरह की दबंगई ने शासन के पारदर्शिता के दावो की पोल खोल दी है, नियमों के अनुसार प्रत्येक विक्रय पर बिल देना अनिवार्य है, बावजूद इसके बिना बिल शराब बेचना खुलेआम जारी है जिससे यह सवाल उठ रहा है की आखिर इस अवैध वसूली का संरक्षण कौन कर रहा है।

सूत्रों का कहना है की यह खेल एक दो दिन का नहीं बल्कि लम्बे समय से लगातार चल रहा है लेकिन आबकारी विभाग की चुप्पी ने कर्मचारियों को खुली छूट दे दी है उपभोक्ताओं मे भारी आक्रोश है और लोग इसे सरकारी लूट करार दे रहे है।

गड्ढों में गिट्टी डाल 'काम पूरा' समझ बैठा लोकनिर्माण विभाग, जान जोखिम में

- **मौत का रास्ता बना छुरा-सेम्हरा-रसेला सड़क**

छुरा / नवप्रदेश। छुरा-सेम्हरा-रसेला मुख्य सड़क इन दिनों आम लोगों के लिए सफर नहीं, खतरे की चुनौती बन चुकी है। लोकनिर्माण विभाग द्वारा सड़क के गड्ढों में केवल 20 एमएम गिट्टी डालकर काम अधूरा छोड़ देने से हालात और बदतर हो गए हैं।

भारी वाहनों की आवाजाही के कारण गिट्टी सड़क पर बिखर चुकी है, जिससे फिसलन, टायर पंचर और दुर्घटनाएं रोज़ का सिलसिला बन गई हैं। बताया गया है कि विभाग ने पेच रिपेयरिंग के नाम पर टेंडर जारी किया था।

नियमानुसार गिट्टी-मसाला डालने के तुरंत बाद डामर बिछाना अनिवार्य था, लेकिन ठेकेदार ने 15-20 दिन पहले गिट्टी डालकर साइट छोड़ दी। न डामर, न रोलिंग—नतीजा यह कि सड़क अब खुला जाल बन चुकी है। राहगीरों की जान जोखिम में दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। बिखरी गिट्टी पर बाइक फिसलना आम हो गया है।

वीर बाल दिवस: धर्मरक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान

अनिल चंद्रकार सहित नेताओं ने साहिबजादों के बलिदान को किया स्मरण

गरियाबंद/नवप्रदेश। वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के पावन अवसर पर शुक्रवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के वीर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड स्थित गुरुद्वारे पहुंचकर गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत को नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला महामंत्री आशीष शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, विनय दासवानी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बलदेव सिंह हुंडल, घनश्याम सिन्हा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने साहिबजादों के अदम्य साहस, अटूट आस्था और धर्मरक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धा के साथ स्मरण किया।

इतिहास में विरल है साहिबजादों का बलिदान : अनिल चंद्रकार

भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्रकार ने अपने संदेश में कहा कि ÷श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के वीर साहिबजादों ने अल्पायु में ही धर्म और देश की रक्षा के लिए जो बलिदान दिए, वैसा उदाहरण विश्व इतिहास में विरल है। माता गुजरी और गुरु गोबिंद सिंह जी के संस्कारों से साहिबजादों में मानवता, साहस और धर्मरक्षा के ऐसे बीज पड़े, जिन्हें क्रूर से क्रूर अत्याचार भी डिगा नहीं सका।÷ उन्होंने कहा कि चारों साहिबजादों की बलिदान गाथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे, इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वीर बाल दिवस' मनाने की शुरुआत की है। यह दिवस राष्ट्र को उसके गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

अल्पायु में धर्म और मातृभूमि की रक्षा का अद्भुत उदाहरण : आशीष शर्मा

जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों ने बहुत कम उम्र में अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध खड़े होकर धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए दुश्मनों का सामना किया। उनका अद्वितीय साहस, अडिग संकल्प और बलिदान मानव इतिहास में वीरता और त्याग का अमर प्रतीक है, जो सदैव युवाओं को सत्य और राष्ट्ररक्षा के मार्ग पर प्रेरित करता रहेगा। सनातन संस्कृति की रक्षा का शाश्वत संदेश : अजय रोहरा जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा ने कहा कि देश, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान अनंतकाल तक समाज और राष्ट्र को प्रेरणा देता रहेगा। उनका बलिदान मातृभूमि और स्वधर्म की रक्षा के लिए सदैव मार्गदर्शक बना रहेगा। अदम्य साहस और वीरता की अमर गाथा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने साहिबजादों की शौर्यगाथा का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी शहादत अन्याय के विरुद्ध अडिग संकल्प, अदम्य साहस और त्याग की अमर मिसाल है, जिसे देश कभी विस्मृत नहीं कर सकता।

न्यूज गैलरी

पाक्सो कोर्ट का सख्त फैसला पीड़िता को पांच लाख मुआवजा

रायपुर/नवप्रदेश। 10 साल की नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) गिरीश कुमार मंडावी की अदालत ने आरोपित अजय कुमार निषाद को दोषी ठहराते हुए 25 वर्ष के कठोर कारावास और 1,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं पीड़िता प्रतिकर योजना 2018 के तहत पीड़िता को पांच लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है। विशेष लोक अभियोजक गीता चौहान ने कोर्ट को बताया कि घटना 17 मार्च 2024 की रात की है। पीड़िता मां के साथ छट्ठी कार्यक्रम से रात करीब नौ बजे घर लौटी थी। इसी दौरान आरोपित अजय कुमार निषाद ने बच्ची को चाकलेट देने का लालच देकर कालोनी के पास स्थित निर्माणाधीन मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद बच्ची को जान से मारने की धमकी भी दी। डर के चलते पीड़िता ने रात में किसी को कुछ नहीं बताया। अगले दिन सुबह बच्ची की तबीयत बिगड़ने और कपड़ों पर खून के दाग दिखाई देने पर स्वजन ने दोबारा पूछताछ की, तब पूरे मामले का राजफाश हुआ। इसके बाद 18 मार्च 2024 को स्वजन ने धरसींवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। तभी से आरोपित न्यायिक रिमांड पर जेल में था। पुलिस ने विवेचना के दौरान जुटाए गए सभी साक्ष्य, मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के बयान कोर्ट में पेश किए। अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि आरोपित ने अत्यंत गंभीर और जघन्य अपराध किया है, इसलिए उसे अधिकतम सजा दी जाए।

नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश अब 31 दिसंबर तक

रायपुर/नवप्रदेश। एएनएम, जीएनएम और बीएससी (एन), पीबी बीएससी (एन) और एमएससी (एन) पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। 2025-26 के लिए होने वाले एडमिशन अब 31 दिसंबर तक हो सकेगा। इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। बता दें कि इससे पहले 17 सितंबर और 22 अक्टूबर को एडमिशन के लिए जारी नोटिफिकेशन में प्रवेश की अंतिम तारीख को 30 नवंबर 2025 तक के लिए बढ़ाया गया था। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने देश भर में प्रवेश में एकरूपता लाने के लिए एडमिशन की लास्ट डेट को 31 दिसंबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। नर्सिंग के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तारीख को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर किया गया था। मध्य प्रदेश सरकार और एक नर्सिंग कॉलेज के केस में सुप्रीम कोर्ट ने बाद इंडियन नर्सिंग काउंसिल को एडमिशन की तारीख आगे बढ़ाने का आदेश दिया। इसके बाद काउंसिल ने देश के सभी संस्थाओं में चल रहे एएनएम, जीएनएम, बीएससी (एन), पीबी बीएससी (एन) और एमएससी (एन) पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तारीख की आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। काउंसिल द्वारा 22 अक्टूबर को जारी नोटिफिकेशन की शर्ते लागू रहेंगी। इसके अनुसार जिन छात्रों का प्रवेश 31 अक्टूबर 2025 से पहले हो चुका है, वे नियमित छात्र या सम बैच के रूप में जाने जाएंगे। जबकि जिन छात्रों का प्रवेश 1 नवंबर 2025 के बाद होगा, उनको अनियमित या विषम बैच के रूप में माना जाएगा। दोनों बैच की कक्षाएं और परीक्षाएं अलग-अलग होंगी।

चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी की खमतराई पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आकाश यादव के रूप में हुई है, जो पहले भी मारपीट और लड़ाई-झगड़े के मामलों में जेल जा चुका है। शुक्रवार, 26 दिसंबर को खमतराई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि डब्ल्यू कॉलोनी अंडरब्रिज के पास एक युवक हाथ में बड़ा चाकू लहरा रहा है और वहां से गुजरने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी और आरोपी को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम आकाश यादव (27 वर्ष) है, जो सन्यासी पारा (सोलापुरी माता मंदिर के पास), थाना खमतराई का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध धारदार चाकू जब्त किया है।

सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर आकांक्षा टोप्पो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और स्थानीय विधायकों के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने अकांक्षा टोप्पो के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले में धारा 353 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अकांक्षा को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें, अकांक्षा टोप्पो ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा क्षेत्रीय विधायक के विरुद्ध अभद्र, अशोभनीय और मर्यादाहीन शब्दों का प्रयोग करते हुए टिप्पणियां की थी।

भूमिपूजन के दो साल बाद भी 700 बिस्तर अस्पताल का काम सिर्फ निविदा स्तर पर

रायपुर/नवप्रदेश। अंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती होने वाले मरीजों को राहत देने के लिए बनाए गए 700 बिस्तर की क्षमता वाले एकीकृत भवन के निर्माण का काम टेंडर प्रक्रिया से आगे नहीं बढ़ पाया है। इस भवन निर्माण के लिए सितंबर 2023 में भूमिपूजन किया गया था। इसके बाद तकनीकी कारणों से अटका मामला अब टेंडर प्रक्रिया में फंसा हुआ है। पुराने भवन में संचालित होने वाले वार्ड छोटे होने की वजह से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है साथ ही इलाज के दौरान उन्हें बेड भी शेयर करना पड़ता है।

अंबेडकर अस्पताल में नया भवन बनाने की योजना कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बनी थी। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई थी। शासन ने मरीजों की समस्या समझते हुए भवन निर्माण की योजना को मंजूरी दी और सात सौ बेड की क्षमता और आधुनिक सुविधा वाले अस्पताल भवन बनाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया और 9 सितंबर 2023 को इसका भूमिपूजन किया गया। निर्माण के लिए राशि की वित्त विभाग से मंजूरी सहित अन्य प्रक्रिया पूरी करने में काफी वक्त बीत गया। वर्तमान में भूमिपूजन को दो साल बीत चुके है मगर यह योजना टेंडर प्रक्रिया से आगे नहीं बढ़ पाई है। इसके पूरा होकर एजेंसी तय करने और कार्य शुरू होने में काफी वक्त लगने की संभावना है। भवन निर्माण के लिए कालेज परिसर के पुराने हास्टल को चिन्हित किया गया है। भले ही भवन जर्जर हो चुका है मगर काफी बढ़ी जगह पर स्थित है। भवन को हटाने में काफी वक्त लगने और खर्च होने की संभावना है।

700 बेड 1300 हो चुका

अंबेडकर अस्पताल के मूल भवन की शुरुआत 700 बेड की क्षमता के साथ प्रारंभ की गई थी। यहां भर्ती होने वाले मरीजों क क्षमता बढ़ती गई और सात सौ बेड की क्षमता वाला यह अस्पताल 1300 बेड का हो गया है। वर्तमान में आने वाले मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या की वजह से यह भवन भी छोटा पड़?ने लगे हैं। अस्पताल के स्त्री एवं प्रसुति रोग सहित कई विभाग ऐसे हैं जहां मरीजों को इलाज के लिए भर्ती होने के दौरान आपस में बेड शेयर करना पड़ रहा है।

जरूरत होगी अलग सेटअप की

सात बेड के बनने वाले इंटीग्रेटेड हास्पिटल के निर्माण के बाद उसके उपयोग के लिए अलग से स्टाफ की जरूरत होगी। वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल के पास जो स्टाफ है वह सात सौ बेड की क्षमता वाले सेटअप का है जो पुराने भवन के लिए ही पर्याप्त नहीं है। योजना के मुताबिक वहां निर्माण पूरा होने के बाद मातृ एवं शिशु रोग विभाग, मेडिसिन, आर्थो, खी एवं प्रसूति रोग विभाग को शिफ्ट किया जाएगा।

नागरिकों को घर बैठे सेवाएं मुहैया कराने नगरीय प्रशासन विभाग की पहल

53 निकायों में ऑनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा

- **कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर, किरंदुल, बड़े बचेली, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, जशपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर और शिवपुर चरचा जैसे दूरस्थ नगर पालिकाओं में भी लोग ऑनलाइन जमा कर रहे टैक्स**

रायपुर/नवप्रदेश। स्थानीय स्वशासन को आधुनिक बनाने और नागरिकों को घर बैठे सेवाएं मुहैया कराने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग लगातार नई पहल कर रहा है। शहरों में रहने वाले परिवारों की सुविधा के लिए 53 नगरीय निकायों में ऑनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस सुविधा से लोग अपने घर या कार्यस्थल से किसी भी समय अपने संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। ऑनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा वाले नगरीय निकायों के नागरिकों को संपत्ति कर जमा करने अब न तो किसी कार्यालय में जाने की जरूरत है और न ही लाइन लगने की। वे अपनी सुविधा से किसी भी समय इसे जमा कर सकते हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने लोगों को घर बैठे संपत्ति कर जमा करने की सुविधा प्रदान करने इस साल अगस्त में 46 नए नगरीय निकायों में यह सुविधा प्रारंभ की है। पहले केवल राज्य के सात नगर निगमों रायपुर, दुर्ग, रिसाली, भिलाई, बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में ही ऑनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा थी। अगस्त-2025 में तीन और नगर निगमों बीरगांव, भिलाई-चरोदा एवं धमतरी के साथ ही 43 नगर पालिकाओं में भी इस सुविधा को लॉन्च किया गया है। जीआईएस आधारित प्रॉपर्टी टैक्स लाइव पोर्टल के जरिए अब प्रदेशभर के 53 नगरीय निकायों में ऑनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा किए जा सकते हैं।

इन नगर पालिकाओं में है ऑनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस साल 12 अगस्त को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बिलासपुर में आयोजित 'स्वच्छता संगम' में 43 नगर पालिकाओं में जीआईएस आधारित प्रॉपर्टी टैक्स लाइव पोर्टल को लॉन्च किया था। अगस्त–2025 से तिल्दा–नेवरा, गोबरानवापारा, आरंग, गरियाबंद, बलौदाबाजार, भाटापारा, महासमुंद, बागबहरा, सराईपाली, कुम्हारी, अहिवारा, जामुल, बालोद, दल्लीराजहरा, बेमेतरा, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा, कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर, किरंदुल, बड़े बचेली, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, तखतपुर, रतनपुर, मुंगेली, दीपका, कटघोरा, जांजगीर–नैला, चांपा, सक्ती, अकलतरा, खरसिया, सारंगढ़, जशपुर नगर, बलरामपुर, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर और शिवपुर चर्चा नगर पालिकाओं में नागरिकों को ऑनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा मिल रही है।

प्रोफेसर भर्ती का इंतज़ार खत्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सरकारी कॉलेजों में नियमित प्राध्यापकों की कमी जल्द दूर होने वाली है। वर्ष 2021 से अटकी 595 पदों की प्रोफेसर भर्ती प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग जल्द ही विषयवार साक्षात्कार का शेड्यूल जारी करने की तैयारी में है।

कानूनी अड़चनों से बचने के लिए 'कवच' तैयार: भर्ती प्रक्रिया किसी भी कानूनी पचड़े में न फंसे और प्रक्रिया पर स्टे (रोक) न लगे, इसके लिए आयोग ने पहले ही सतर्कता बरतते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। आयोग ने अदालत से गुहार लगाई है कि किसी भी असंतुष्ट अभ्यर्थी की याचिका पर सुनवाई करते समय आयोग का पक्ष सुने बिना भर्ती प्रक्रिया पर रोक न लगाई जाए। जानकारों के मुताबिक, इस कदम से साफ है कि आयोग अब बिना किसी देरी के भर्ती पूरी करने के 'एक्शन मोड' में है।

4 साल से ठंडे बस्ते में थी भर्ती: गौरतलब है कि इन पदों के लिए विज्ञापन वर्ष 2021 (क्रमांक 07/2021) में जारी किया गया था। विशेषज्ञों की समिति न बन पाने और स्क्रूटनी की धीमी रफ्तार के कारण यह प्रक्रिया लगभग चार साल तक रुकी रही। अब शुद्धि पत्र 2024 और स्क्रूटनी के बाद पात्र अभ्यर्थियों की सूची लगभग फाइनल कर ली गई है।

'पंडित धीरेंद्र शास्त्री छत्तीसगढ़ में आते हैं पैसा बटोरने'

- **देश छोड़ने वाले बयान पर भूपेश बघेल का बाबा बागेश्वर पर पलटवार**

रायपुर/नवप्रदेश। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री 5 दिवसीय यात्रा पर इस समय छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। वे भिलाई में पांच दिवसीय हनुमंत कथा करने पहुंचे हैं। इस बीच छत्तीसगढ़ में हो रही बयानबाजी का दौरा जारी है। बाबा बागेश्वर के भूपेश बघेल के विदेश जाने वाले बयान पर अब बघेल ने पलटवार किया है। भूपेश बघेल ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री को कल का बच्चा बताया है।

'जिन्हें अंधविश्वास लगता है उन्हें देश छोड़ देना चाहिए': सके पहले भूपेश बघेल ने बाबा बागेश्वर के दिव्य दरबार को अंध विश्वास बताया था, जिस पर बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने पलटवार किया है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा था, 'जिन्हें लगता है कि हिंदुओं को एकजुट करना और देशभक्ति की बात करना अंधविश्वास है तो उन्हें देश छोड़कर चले जाना चाहिए।'

'धीरेंद्र शास्त्री बीजेपी के एजेंट के रूप में काम कर रहे'

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, 'पंडित धीरेंद्र शास्त्री छत्तीसगढ़ में पैसा बटोरने आते हैं। जबसे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्म नहीं हुआ था तब से हनुमान चलीसा पढ़ रहे हैं। शास्त्री से मेरा बेटा भी 10 साल बड़ा है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कल के बच्चे हैं। बीजेपी के एजेंट के रूप में काम करते हैं। दिव्य दरबार से ठीक हो रहे हैं तो मेडिकल कॉलेज क्यों खोल रहे हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को चुनौती देता हूं कि छत्तीसगढ़ के किसी भी साधु संत शास्त्रार्थ कर लें। छत्तीसगढ़ में कबीर और गुरु घासीदास की वाणी गूंजती है। वो हमको क्या सनातन धर्म सिखाएंगे। दूसरे प्रदेश में होते तो बोल भी नहीं पाते।'

शराब दुकान कर्मचारियों के वेतन में भारी कटौती 31 दिसंबर से प्रदेशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

80 लाख की पेनाल्टी, कर्मचारियों से वसूली!

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर समेत जिले की शासकीय शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों के बीच भारी आक्रोश व्याप्त है। बीआईएस कंपनी के अधीन कार्यरत सुपरवाइजरों, सेल्समैनों और मल्टीवर्करों के नवंबर माह के वेतन में 5 से 10 हजार रुपए तक की कटौती कर दी गई है। इसके विरोध में कर्मचारियों ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि 30 दिसंबर तक काटा गया वेतन वापस नहीं मिला, तो वे 31 दिसंबर से काम बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे। पूरा मामला सीएसएमसीएल द्वारा प्लेसमेंट कंपनी बीआईएस पर लगाए गए 80 लाख रुपए के जुर्माने से जुड़ा है। कंपनी का कहना है कि मुख्यालय ने उन पर यह पेनाल्टी 'डैमेज स्टॉक' (6 माह से अधिक समय तक न बिकी हुई शराब) के कारण लगाई है। कंपनी के समन्वयक विनय शर्मा के अनुसार, यह पेनाल्टी जबरदस्ती थोपी गई है। इसी भारी-भरकम राशि की भरपाई के लिए कर्मचारियों के वेतन में कैंची चलाई गई है।

कर्मचारियों का तर्क: 'हमारा क्या कसूर?': भड़के हुए कर्मचारियों का कहना है कि यदि स्टॉक नहीं बिका या शासन ने कंपनी पर पेनाल्टी लगाई, तो इसमें मैदानी कर्मचारियों की क्या गलती है? एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 'कंपनी ने तो अपना नुकसान हमारे वेतन से पूरा कर लिया, लेकिन हमारे घरों का खर्च कैसे चलेगा?' कर्मचारियों ने साफ कर दिया है कि यदि भुगतान नहीं हुआ तो साल के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर को दुकानें बंद रहेंगी।

मैग्नेटो मॉल में तोड़फोड़ पर भड़के महंत कहा- कार्रवाई नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के मैग्नेटो मॉल में 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद के दौरान हुई गुंडागर्दी और क्रिसमस डेकोरेशन में तोड़फोड़ पर नेता प्रतिपक्ष डॉ। चरणदास महंत ने कहा है कि यह घटना बेहद निंदनीय है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधा है।

उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि 24 घंटे के भीतर दोषियों पर सख्त एक्शन नहीं लिया गया तो कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। हम इस मुद्दे को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे और इस अराजकता के खिलाफ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ हमेशा से 'शांति का टापू' रहा है। यहां सभी धर्मो और समुदायों के लोग मिलजुल कर प्रेम और भाईचारे के साथ अपने त्यौहार मनाते आए हैं, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार के संरक्षण में असामाजिक तत्वों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे खुलेआम राजधानी के बीचों-बीच, दिनदहाड़े लाठियों के साथ घुसकर तोड़फोड़ कर रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। किसी से उसका धर्म पूछकर उसे आतंकित करना यह छत्तीसगढ़ की संस्कृति कभी नहीं रही। बता दें कि 24 दिसंबर को रायपुर के मैग्नेटो मॉल में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर अंदर घुस आए। मॉल में क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए सजावट की जा रही थी। आरोप है कि इन लोगों ने सजावटी सामान तोड़ा, डेकोरेशन को नुकसान पहुंचाया और कर्मचारियों को काम रोकने पर मजबूर कर दिया।

वेरिफिकेशन के बाद अपार आईडी कार्ड जनरेट होगा

30 हजार छात्रों के नहीं बन पाए अपार आईडी, जन्मतिथि-नाम में गड़बड़ी

रायपुर/ नवप्रदेश। रायपुर जिले में 5 लाख 41 हजार 127 विद्यार्थियों का अपार आईडी कार्ड बनाया जाना है। अब तक 5 लाख 10 हजार 221 आईडी जनरेट हो चुकी है। मगर अभी भी 30 हजार 905 विद्यार्थी ऐसे हैं जिनके अपार आईडी कार्ड नहीं बन पाए हैं।

जबकि इसे बनाने की अंतिम तरीख 30 दिसंबर है। ऐसे में जिन विद्यार्थियों के अभी भी अपार आईडी नहीं बने हैं उनमें ऐसे विद्यार्थी ज्यादा हैं जिनका आधार कार्ड पेंडिंग है या आधार वेरिफिकेशन होना बाकी है। इससे शिक्षकों की परेशानी भी बढ़ गई है। अपार आईडी के लिए यू-डाइस पोर्टल में जानकारी दर्ज की जा रही है। इसमें छात्रों के आधार कार्ड और पहचान पत्र का मिलान किया जाएगा। वेरिफिकेशन के बाद अपार आईडी कार्ड जनरेट होगा। इसके बाद एक यूनिक नंबर जारी किया जाएगा।

जिसमें सभी दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। अब स्कॉलरशिप, बुक बैंक के तहत पुस्तक वितरण और गणवेश जैसी सुविधाएं अपार आईडी से जोड़ी जा रहीं हैं। जिन विद्यार्थियों का अपार आईडी नहीं बन पाया, वे इन लाभों से वंचित हो सकते हैं।

12 अंकों का होगा नंबर

अपार आईडी एक यूनिक डिजिटल पहचान होगी। यह डीजी लॉकर के लिंक से जुड़ी रहेगी। अपार आईडी का डिजिटल नंबर 12 अंकों का होगा। इस कार्ड में विद्यार्थियों के सभी जरूरी दस्तावेज और डेटा सुरक्षित होगा। इसका फायदा यह होगा कि छात्रों को मार्कशीट या अन्य कागजात साथ लेकर चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यात्रा के दौरान या बाहर रहने पर केवल डिजिटल नंबर से ही दस्तावेजों की जांच हो सकेगी।



अपार आईडी कार्ड बनने के फायदे

अपार आईडी कार्ड बन जाने से अब छात्रों को कोई भी राज्यों व देश में जाने पर अपने साथ ओरिजनल दस्तावेज ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक्सीडेंट होने, टूर पर जाने पर 12 अंक के यूनिक नंबर से छात्र की पूरी जानकारी मिल जाएगी। किसी भी जगह से यूनिक आईडी कार्ड से विद्यार्थियों के संबंध में सभी जानकारी एकत्र कर सकेंगे। इससे छात्रों को मदद मिलेगी।

आधार में दर्ज जानकारी दाखिल खारिज से अलग

जन्मतिथि और नाम में त्रुटि के चलते छात्रों की परेशानी बढ़ गई है। अपार आईडी जनरेट करने के लिए बच्चों का नाम और दाखिल खारिज रजिस्टर आधार व स्कूल के यू डाइस से मिलान नहीं खा रहा है। जिले में भी ऐसे ही विद्यार्थी हैं जिनके अपार आईडी के आवेदन रिजेक्ट हो चुके हैं। छात्रों के आधार कार्ड के नाम, जन्मतिथि में त्रुटि है। कई छात्रों के पिता के नाम की मात्रा, जन्मतिथि में अंतर आ रहा है। छात्र के नाम के साथ पिता का नाम भी जुड़ा है। ऐसे में त्रुटि पूर्ण जानकारी के लिए अपार आईडी नहीं बन रहे हैं।

सुविचार

सलाह हारे हुए की तजुर्बा जीते हुए का और दिमाग खुद का किसी भी व्यक्ति को कभी हारने नहीं देता। - अज्ञात

बांग्लादेश में निष्पक्ष चुनाव की चुनौती

बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त नसरुद्दीन द्वारा 12 फरवरी को बांग्लादेश देश में आम चुनाव की घोषणा के साथ ही वहां चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है लेकिन चुनाव की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं। बांग्लादेश में जो अराजकता का माहौल बना हुआ है उसे मद्देनजर रखकर चुनाव टल जाएं तो भी ताज्जुब नहीं होगा। दरअसल वहां की अंतरिम सरकार के कार्यवाहक मोहम्मद युसूस तो वहां चुनाव कराने के पक्ष में ही नहीं रहे हैं। यदि चुनाव हो जाएंगे तो वे सत्ता से बेदखल, ओ जाएंगे। आवाम के दबाव में उन्होंने चुनाव कराने की घोषणा की है साथ ही उन्होंने शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग को चुनाव से दूर करने की भी साजिश रची है। इस बाबत शेख हसीना ने एक बयान जारी कर चुनाव की निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा है कि जिस आवामी लीग पार्टी ने बांग्लादेश में नौ बार चुनाव जीतकर सरकार बनाई हो उसके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने की कवायद लोकतंत्र का गला घोटने प्रयास ही कहा जाएगा। उन्होंने बांग्लादेश में अस्थिरता और अराजकता के लिए मोहम्मद युनूस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि उन्होंने बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा दिया है जो बांग्लादेश की विदेश नीति तक तय कर रहे हैं और भारत के साथ दशकों पुराने सौहार्द पूर्ण संबंध को खराब कर दोनों देशों के बीच तनाव को बढ़ा रहे हैं जिससे बांग्लादेश को ही नुकसान उठाना पड़ेगा। शेख हसीना के बयान से स्पष्ट है कि यदि बांग्लादेश में चुनाव हुए तो वे निष्पक्ष नहीं होंगे और कठपुतली सरकार बनेगी जो स्थिरता नहीं दे पाएगी। गौरतलब है कि अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार का तख्ता पलटने के बाद यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। बशर्ते चुनाव निष्पक्ष हो।

बरुण सखाजी श्रीवास्तव

बस इसलिए जब धर्म का धागा मजबूत हो गया। संस्कृति का तार करंट का वाहक बन गया। आत्मचेतना का भाव अपने उरूज पर आने लगा तो हड़बड़ी और घबराहट बढ़ना लाजिमी है। नया ढंग है अरावली। नए रूप में चीजों को पकड़ने का प्रयास है। लेकिन मकसद सिर्फएक है, साढ़े 11 वर्षीय शक्ति के पुंज को बुझा डालना। रोक देना। थमा देना। ठहरा देना। झौंक देना वापस देश को आंतरिक उन्माद, तुष्टिकरण में। लेकिन लोग ज्यादा सतर्क हैं। ख़राब समूह के अच्छे लोगों की भी उपेक्षा कर रहे हैं। क्योंकि वे डर रहे हैं, कहीं खराब समूह न शक्तिपुंज बन जाए इस वक्त। राज्यों के चुनावी नतीजे बता रहे हैं, औसत काम करने वाली भाजपा की सरकारें भी विकराल और विशाल बहुमतों से वापसी कर रही हैं। लोग चूकना नहीं चाहते। रुकना नहीं चाहते। कसर नहीं छोड़ना चाहते। ऐसे में अगर कोई चार सौ पार का ख्वाब पाल ले तो बुरा कुछ नहीं।

नया पैंतरा : अरावली न्यू अराइवल्स, बिग ऑफर्स और भारी डिस्काउंट

देश की सरकार एक राजनीतिक दल के हाथों में पिछले साढ़े 11 सालों से निरंतर चल रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा, संस्कृति, एकता, समग्रता, संप्रुभता, मौलिक पहचान, अध्ययनशीलता, प्रगतिवादिता, सक्रियता, विश्वसनीयता आदि पैमानों पर सतत परीक्षा देती यह सरकार संभल रही है और चल रही है। बारंबार घेराबंदी, बागड़बंदी, हाथपैर पकड़कर रोकने की कोशिश, राजनीतिक शक्ति संपन्नता को बाधित करने के हथकंडे भी निरंतर चल और संभल रहे हैं। आजमाए हुए अस्त्र एक-एक करके छोड़े, फेंके जा रहे हैं। इनमें से कुछ असर कर रहे हैं कुछ चूक रहे हैं। कुछ ठीक ही काम कर रहे हैं। कुछ सरकार को बुरी तरह से हिला भी दे रहे हैं। मसले बदल जाते हैं, मंतव्य लेकिन वही रहता है। देश को अस्थिर करना। देश की गति को रोकना। सरकार को हटाना। क्यों कारण आगे पढ़िए।

सारे इकोसिस्टम में भर्तियां बंद हैं। पुरानी नियुक्तिया अपना समय निकाल रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक सब तरह के छद्म, खुले, कुत्सित युद्ध चल रहे हैं। चलाए जा रहे हैं। बताए जा रहे हैं। कहा जा रहा है। सिस्टम को खोखला करने की हर कोशिश को सराहा जा रहा है। प्रश्रय दिया जा रहा है। गुलामी को उन्मादित बनाने के लिए मनोविज्ञान के शस्त्र-अस्त्र छोड़े, फेंके जा रहे हैं।

साढ़े 11 वर्ष पूर्व पहले असहिष्णुता जैसे विशुद्ध हिंदी शब्द से गौरवान्वित भारतीय छातियों में इंतकाम धधकाया गया। नहीं धधका तो अवार्ड वापसी का नैरेटिव शुरू हुआ। 24 महीने भी सहा न गया तो नोटबंदी को रोजगार और रोजगार को कथित क्रांति, कथित क्रांति को लोकतंत्र बचाव से जोड़कर अराजकता का आगाज किया गया है। लाइन में लगे-लगाए गए, बैंक सिस्टम से नोट लौटाए गए, नोटबंदी बड़ा करप्शन सिद्ध करने की कोशिश में भूल गए अर्थव्यवस्था को धक्का देने वाले बयान दिए जाते रहे।

जब इन सबका दौर गुजरा तो मीडिया को गोदी में बिठाया बताया जाने लगा। सुप्रीम कोर्ट को बिका हुआ बताया जाने लगा। एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक, अभिनंदन को पाकिस्तानी कब्जे में सरकार के फैल्योर के रूप में कार्व किया जाने लगा। रक्षा, सुरक्षा, सीमा विवादों को ऐसे पेश किया जाने लगा जैसे सब फैल हो गया है। चीन, डोकलाम, तवांग यूं बताए गए ज्यों गए तो गए अब। और धार देने के लिए आपसी असहमतियों को कलह बताया जाने लगा। योगी-मोदी की लड़ाई, संघ-भाजपा के बीच के रिश्तों में खिंचाव दिखाया जाने लगा। गति न रुकी तो जीएसटी को प्रेरक न मानकर डाकुओं की लूट से तुलना करके पेश किया जाने लगा। फिर सुरक्षा उपकरणों की खरीदी में उन्माद तलाशा गया। रफेल से लेकर चंद्रयान प्रथम की असफलता तक तालियां पीटी गईं। अब भी पीटी गईं। मई 2025 तक रफेल के फेल होने की कामना की गई। चंद्रयान जैसे विशुद्ध विज्ञानिक विषय में कामयाबी या नाकामयाबी को पनौती शब्द से महिमामंडित किया गया। कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग तक हमलों का दायरा बढ़ाया गया। बताया गया आयोग किसी राजनीतिक दल का पैट है। पला हुआ पालतू है। एसआईआर को रोकने के लिए जंजीरें फेंकी गईं। किसान आंदोलन तो कोई भूल नहीं सकता। बंगाल की हिंसा पर मौन, बांग्लादेश की इस्लामी बर्बरता पर सिले होठ इजराइल से भारत की नजदीकी पर बुक्का फाड़कर रोते दिखे। कभी साढ़े 11 वर्षीय यह ताकत झिझकी, ठिठकी, रुकी, लेकिन चलती रही। कुछ दिन पहले एक्यूआई हत्थे चढ़ गया। हिड़मावादियों का जमावड़ा लगाया गया। तमाम बातें, तरीके, टेक्निक्स अपनाई गई अथवा अपनाई जा रही हैं। जेन-जी तो कोई भूल ही नहीं सकता। नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यांमार को अपना आदर्श बनाने की कोशिश कैसे छूट जाएगी।

अब लेकर आए हैं नया-नवेला अरावली। न समझने की कोशिश न समझाने का प्रयास। मिला और लेकर भागो। जल्दी से लोगों तक पहुंचाओ। भ्रम फैलाओ। बताओ देश बर्बाद हो रहा है। बताओ क्या हो रहा है सिद्ध ही कर दो। सिद्ध करो या न करो, सच में बर्बाद ही कर दो। सिर्फइसलिए क्योंकि हम ही सिर्फजीत सकते हैं। हम ही सिर्फलड़ सकते हैं। हम ही सिर्फ सत्ता पर काबिज हो सकते हैं। और सबसे बड़ी बात, हम ही सिर्फ भारत की सनातन आत्मा को झकझोर सकते हैं। सनातनियों को जातियों की तनातनियों में फंसाए रख सकते हैं। जाति जनगणना भी एक हथियार था। आजमाया गया। सरकार बैकफुट पर आई, ऐलान हुआ।

यानि कहिए, किसान आंदोलन, अरावली, जीएसटी आंशिक, एक्यूआई, जाति जनगणना जैसे विषयों में साढ़े 11 वर्षीय शक्ति झुकी, रुकी, ठिठकी, झिझकी, पीछे हटी। लेकिन इतना काफी नहीं है। 240 सीटों के बाद से जकड़न और बढ़ाई गई। हर मोर्चे पर इंगेजमेंट बढ़ाया गया। एक सिरा पकड़कर दौड़ाया गया। लेकिन धन्य है भारत। जितना पीछे खींचा जा रहा है उतना ही रबर की तरह बढ़ा जा रहा है। एमपी, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा के नतीजे बता रहे हैं सकारात्मक लोगों की संख्या दुनिया में बढ़ रही है।

अरावली न्यू अराइवल्स है। ज्यों बाजार में नया प्रयोग होता है सेल्स बढ़ाने का। ज्यों नए ग्राहकों को जोड़ने की जो पहल होती है। ज्यों ग्राहकों की संख्या बढ़ाने की कोशिश होती है। वैसे ही यह नया अराइवल्स है। ऑफर्स का पहाड़ है। न फिक्र बाजार की न फिक्र माल की, फिक्र है सिर्फ लोगों को भरमाने की। सेल्स बढ़ाने की।

प्रथम पुण्यतिथि पर विशेष

सच्चे लोकतंत्र सेनानी डोमार सिंह चन्द्राकर

आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए जिन हजारों लोगों ने महीनों जेल में यातनाएं सही उनमें एक प्रमुख नाम है स्व. डोमार सिंह चन्द्राकर का। जो सच्चे लोकतंत्र सेनानी थे। पंचशील नगर दुर्ग निवासी रहे स्व. डोमार सिंह चन्द्राकर पेशे से पत्रकार रहे और उन्होंने दैनिक युगधर्म के दुर्ग जिला प्रतिनिधि के रुप में अपनी कलम को औजार बनाकर जनता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। विभिन्न समाचार पत्रों में उन्होंने अपनी सेवाएं दी। दैनिक श्रमबिंदु से भी वे अपने उम्र के अंतिम पड़ाव तक जुड़े रहे। दुर्ग जिले में सहकारी आंदोलन को आगे बढ़ाने में उन्होंने दुर्ग जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीत पाल बेलचंदन के विश्वस्त साथी के रूप में अग्रणी भूमिका निभाई। कृषकों की संस्था सबको के भी वे संस्थापक सदस्य थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कर्मठ कार्यकर्ता के रुप में उन्होंने लंबे समय तक पंचशील नगर दुर्ग में शाखा का संचालन भी किया। स्वभाव से सरल, सहज लेकिन स्पष्टवादी स्व.डोमार सिंह चन्द्राकर यद्यपि सक्रिय राजनीति में नहीं रहे लेकिन दुर्ग जिले के सभी प्रमुख राजनीतिज्ञों से उनके आत्मीय संबध रहे। किंतु इन सबंध का उन्होंने कभी कोई अनुचित लाभ नहीं उठाया।अपने स्वाभिमान से उन्होंने कभी कोई समझौता नहीं किया भले ही उन्हें इसकी कितनी भी बड़ी कीमत क्यों न चुकानी पड़ी हो। अपनी मित्र मंडली में दाऊजी के नाम से जाने जाने वाले स्व. डोमार सिंह चन्द्राकर की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें इन पंक्तियों के साथ शत् शत् नमन - हजारों बरस नर्गिस अपनी बेनुरी पर रोती रही, बड़ी मुश्किल से चमन में दीदावर होता है पैदा।

- एस. के. चौहान
मोती पारा दुर्ग

योगेश कुमार गोयल

गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। गुरु गोबिंद सिंह ने 7 अक्टूबर 1708 को महाराष्ट्र के नांदेड़ में स्थित श्री हुजूर साहिब में अपने प्राणों का त्याग किया था।

त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक गुरू गोबिंद सिंह

सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व इस वर्ष 27 दिसंबर को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत् को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी को बचपन में गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पटना में रहते हुए गुरू जी तीर-कमान चलाना, बनावटी युद्ध करना इत्यादि खेल खेला करते थे, जिस कारण बच्चे उन्हें अपना सरदार मानने लगे थे। पटना में वे केवल 6 वर्ष की आयु तक ही रहे और सन् 1673 में सपरिवार आनंदपुर साहिब आ गए। यहीं पर उन्होंने पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह जी को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति को न किसी से डरना चाहिए और न ही दूसरों को डराना चाहिए। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। दरअसल कहा जाता है कि 52 कवियों

और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरू जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी। कहा जाता है कि एक बार गुरु गोबिंद सिंह अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को 'पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें 'पंच ककार' (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में गुरु गोबिंद सिंह ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। गुरु जी का जीवन दर्शन था कि धर्म का मार्ग ही सत्य का मार्ग है और सत्य की हमेशा जीत होती है। वे कहा करते थे कि मनुष्य का मनुष्य से प्रेम ही ईश्वर की भक्ति है, अतः जरूरतमंदों की मदद करो। अपने उपदेशों में उनका कहना था कि ईश्वर ने मनुष्यों को इसलिए जन्म दिया है ताकि वे संसार में अच्छे कर्म करें और बुराई से दूर रहें। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। सन् 1700 में दस हजार से भी ज्यादा मुगल सैनिकों को सिख जांबाजों के सामने मैदान छोड़कर भागना पड़ा था और गुरु जी की सेना ने 1704 में मुगलों के अलावा उनका साथ दे रहे पहाड़ी हिन्दू शासकों को भी करारी शिकस्त दी थी। मुगल शासक औरंगजेब की भारी-भरकम सेना को भी आनंदपुर साहिब में दो-दो बार धूल चाटनी पड़ी थी।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ वस्तु कोई भी जो आप खरीदते हैं वो आपको सुख दे सकता है किन्तु आपकी समझ आपको आनंद दे सकती हैं।

◆ अब आपको ही समझना है, अब आपको ही जागना है, अब आपको ही भोगना है, अब आपको ही अपने आप को आगे बढ़ाना है और जहाँ रोकना है खुद को रोकना है। उद्देश्य यह है कि हमारे परम आनंद में कोई बाधा न आए। यह विकसित होने के चक्कर में विक्षिप्त

◆ महा बेवकूफों की पहचान सुन लो ! जो चाहते तो अलग है, कुछ अलग बदलाव चाहते हैं, कुछ हटके लाइफचाहते हैं लेकिन करते वही है जो उनके आदत में है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1934 - पर्सिया के शाह ने पर्सिया का नाम बदलकर ईरान करने की घोषणा की। 1939 - तुर्की में भूकंप से लगभग चालीस हजार लोगों की मौत। 1945 - वैश्विक अर्थव्यवस्था को मज़बूती प्रदान करने के लिए विश्व बैंक की स्थापना की गई। 1960 - फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया। 1961 - बेल्जियम और कांगो के बीच राजनयिक संबंध बहाल हुए। 1972 - उत्तरी कोरिया में नया संविधान प्रभाव में आया। 1975 - झारखंड के धनबाद जिले स्थित चासनाला कोयला खदान दुर्घटना में 372 लोगों की मौत। 1979 - अफ़ग़ानिस्तान ने राजनीतिक परिवर्तन एवं हफीजुल्लाह अमीन की सैनिक क्रान्ति में हत्या। 1985 - यूरोप के विएना और रोम हवाई अड्डों पर चरमपंथियों के हमले में 16 लोग मारे गए और सौ से ज्यादा घायल हुए।1998 - चीन के परमाणु कार्यक्रम के जनक वांगकान धांग का निधन।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

1 जनवरी

"1 जनवरी 1937 23 दिसंबर 2025 कुछ पंक्तियाँ रील नहीं होतीं, मन में रुक जाती हैं।" "कुछ कविताएँ शब्द नहीं होतीं, अनुभूति होती हैं।" "विनोद कुमार शुक्ल हिंदी कविता की सबसे शांत आवाज़।" "उन्होंने कविता को शोर नहीं बनने दिया, उसे इंसान बनाए रखा।" "विनोद कुमार शुक्ल हिंदी साहित्य की वह ख़ामोशी हैं जो बहुत कुछ कह जाती है। साधारण जीवन, गहरी संवेदना और शब्दों में सच्चाई।"

- रेनु सिंघल

फिर ये साल गुज़र

फिर ये साल गुज़र रहा है,कैलेंडर के पन्नों की तरह चुपचाप– बिना आवाज़ किए। कुछ सपने अभी भी अधूरे हैं, कुछ वादे अब यादों में बदल चुके हैं। हँसी थी, पर थोड़ी थकी हुई, आँसू भी थे, पर छुपाकर बहाए गए। कई लोग साथ थे और कुछ रास्ते में ही छूट गए– बिना अलविदा कहे। फिर भी,दिल कहीं न कहीं आशा सँभाले बैठा है, कि अगला साल शायद थोड़ा और अपना होगा।

- रश्मि अभय

सादगी और कुशलता परस्पर विरोधी

सादगी और कुशलता परस्पर विरोधी प्रतीत होते हैं, लेकिन हैं नहीं। सरल होना, भोलापन नहीं है और कुशल होना चालाकी नहीं है। बाहरी संसार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कौशल की आवश्यकता है और अपने भीतर गहरे जाने में सक्षम होने के लिए सरल और निर्दोष होने की आवश्यकता है। जीवन में दोनों आवश्यक हैं। **- प्रेरणा गुप्ता**

सफ़र में साथ निभाने का जिनका वादा

सफ़र में साथ निभाने का जिनका वादा था। बदलते रहे और वो चलतें बने बहाने से।। अकेला छोड़ दे जो मुश्किलों के आने पर। कमल खुदा बचा के रखे ऐसे दोस्ताने से।। यूँ फ़र्क़ ख़त्म किया अपनो और ग़ैरों का। ख़फ़ा वो हमसे हुए शिकवा था ज़माने से।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो। - **कमलकातं डोंगरे**

पल भर की छाया लंबे अवधि

पल भर की छाया लंबे अवधि की धूप बेशक आज श्रृंगार है कल दिखोगे कुरूप पूछो तुम हसदेव से या फिर पूछो बस्तर से ठूंठ पड़ा बिलख रहा लिपट के रोया प्रस्तर से मुंबई में आरे रोया फिर भी दिल न पिघला कराहते अरावली पर भी देखना रहेंगे वो चुप। **- संत आर थवाइत**

हसदेव अरण्य के हत्या काबर ...

हसदेव अरण्य के हत्या काबर ... हर बछर रुख -राई जगाए के उदीम करैया अब हसदेव म आरी चला दिस आंदोलन करैया मन के कोई नइहे सुनैया हसदेव के होगे हत्या काखर ऊपर चलही मुकदमा परियावरन के होगे नास फेर बरसात म चलही रुख -राई जगाए के उदीम हसदेव के होगे हत्या... **- लक्ष्मी नारायण लहरे**

तू चलता न भले ही संग तेरी परछाई बहुत

तू चलता न भले ही संग तेरी परछाई बहुत थी, निभाता न भले वादा ए वफ़ा रुसवाई बहुत थी, खुश्क होती ज़मीन पर उगती न इश्क की फसलें इन आँखों में तेरे ख्वाबों की आवाजाही बहुत थी।

- प्रियंवदा अवस्थी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : व्यवसाय के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा। बेरोजगार व्यक्तियों को भी रोजगार मिलने की सम्भावना अधिक है। पारिवारिक वातावरण में उतार-चढ़ाव आएंगे फिर भी आनंद रहेगा।

वृष: आज के दिन आप व्यापारिक गतिविधियों की व्यस्तता के चलते परिवार के लिए ज्यादा समय नहीं निकाल पाएंगे। संतानों पर ध्यान देंने की आवश्यकता है। स्त्री से सम्बन्ध भावनात्मक रहेंगे। सुख के साधनों पर खर्च करेंगे।

मिथुन: आज का दिन आपको सुख शांति प्रदान करेगा। कुछ दिनों से चल रही मानसिक खींच तान कम होने से राहत अनुभव होगी। सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

कर्क: आज का दिन मिश्रित फल देगा पूर्वार्ध में सेहत थोड़ी नरम रह सकती है जिसके कारण आलस्य भी रहेगा। काम बेमन से करने पड़ेंगे व्यवहार में भी रुखापन रहने से संबंधो में खटास रहेगी।

सिंह: आज के दिन ग्रह स्थिति में थोड़ा बदलाव आने से आपको घरेलु मामलो में सफलता मिलेगी। परन्तु आज कार्य क्षेत्र पर अन्य व्यक्ति आपकी कमजोरी का फायदा उठा सकता है। मानसिक रूप से संतोषी रहेंगे।

कन्या: आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज किसी अनुबंध के आगे रुकने से धन लाभ की कामना अधूरी रहेगी। अधिकारी वर्ग भी गर्म हो सकते है।

तुला: आज दिन के आरम्भ में बनते कार्यो में रुकावट आने से अधिक भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।

वृश्चिक: आज के दिन आप भावनाओ में बहकर अनुचित कदम उठा सकते है। लोगो के बहकावे में ना आये अन्यथा मान हानि कोर्ट-कचहरी की नौबत आ सकती है।

धनु: आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। कार्य क्षेत्र पर अतिरिक्त आय के साधन बनेंगे। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन लाभ होगा।

मकर: आज भी दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा। थोड़ी आर्थिक परेशानियां रह सकती है परंतु मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे। संध्या के समय धन लाभ हो सकता है।

कुंभ: आज के दिन आप कार्य क्षेत्र से कुछ समय निकालकर मित्र परिवार के साथ मनोरंजन में व्यतीत करेंगे परन्तु आज गलतफहमियों से दूर रहना अति आवश्यक है व्यर्थ के टकराव होने की संभावना है।

मीन: आज आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी।

QUIZ TIME

1) भारतीय रेल का सबसे नया क्षेत्र कौन-सा है?

2) सम्राट अशोक की वह पत्नी कौन थी जिसने उसको प्रभावित किया था?

3) दीवान-ए-अमीर-कोही नामक एक नया विभाग किस सुल्तान द्वारा शुरू किया गया था?

4) राजस्थान का हृदय किसे कहा जाता है?

5) गणित के लिए एबेल पुरस्कार 2025 में किसको दिया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दक्षिण तट रेलवे ज़ोन, विशाखापट्टनम (2) कारुवाकी (3) मुहम्मद बिन तुगलक (4) अजमेर और नागौर (5) मासाकी काशीवारा

शब्द सागर

न्यूज गैलरी

ट्रक ने महिला को रौंदा, मौत

दुर्ग। शहर के पुलगांव चौक पर सुबह सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। सुबह करीब 7 बजे काम करने जा रही महिला को ट्रक ने रौंद दिया। इसके बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद चौक पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। मामला पुलगांव थाना क्षेत्र का है। मृतका की पहचान कोल्हापुरी निवासी उत्तरा (50 साल) के रूप में हुई है। वह केपीएस स्कूल में सफाई कर्मचारी थी। उत्तरा रोज की तरह सुबह अपने घर से स्कूल के लिए निकली थीं। पुलगांव चौक पर राजनांदगांव की ओर से आ रहा एक ट्रक बालोद की दिशा में मुड़ रहा था। इसी दौरान ट्रक ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर पुलगांव थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस ट्रक और उसके चालक की तलाश कर रही है।

झाड़फूंक के बहाने नाबालिग से रेप

भिलाई। नंदिनी थाना के अंतर्गत झाडफूंक के बहाने बीमार नाबालिग से बैगा द्वारा रेप किये जाने का मामला उजागर हुआ है। जानकारी के अनुसार बेटी के बीमार होने पर मां ने बेमेतरा जिले के एक बैगा परमेश्वर बघेल (25 साल) को झाड़-फूंक के लिए बुलाया। 22 दिसंबर को बैगा घर पहुंचा और नाबालिग की हालत देखकर बाहरी हवा का साया बताया। बैगा झाडफूंक करने का नाटक करता रहा। नींबू फेंकने का बहाने करके अपने साथ घर से दूर ले गया। आरोपी बैगा पीड़िता को अपने साथ एक नर्सरी ले गया। वहां उसने डरा धमकाकर नाबालिग से रेप किया। डर के कारण नाबालिग दो दिनो तक चुप रही। इसके बाद उसने अपनी मां को पूरी बात बताई। मां ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बैगा को गिरफ्तार कर लिया है। नंदिनी थाने में 24 दिसंबर को पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग बेटी की तबीयत खराब थी। बेमेतरा जिले के ग्राम परसबोड़ के रहने वाले परमेश्वर बघेल उर्फ बाडू बैगा को इलाज और झाडफूंक कराने के लिए अपने घर बुलाई थी। आरोपी बैगा ने नाबालिग बेटी को अपने साथ घरसे कुछ दूरी पर स्थित नर्सरी के भीतर ले जाकर रेप किया। आरोपी ने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे पीड़िता डर के कारण चुप रही। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी युवक परमेश्वर का गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

31 तक दावा आपत्ति

दुर्ग। नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र में एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई 02 जिला दुर्ग के तहत नवीन स्वीकृत देवनगर जामुल वार्ड क्रमांक 17 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के 1-1 पद पर नियुक्ति के लिये 31 दिसम्बर तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 में कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत दावा आपत्ति मान्य होगा।

रचा नया कीर्तिमान: संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस 8 में एक दिन में 10.025 टन हॉट मेटल का उत्पादन

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 8 महामाया ने 25 दिसंबर को एक दिन में 10.025 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर अब तक का सर्वाधिक एक दिवसीय उत्पादन दर्ज करते हुए नया रिकॉर्ड स्थापित किया। इस उपलब्धि के साथ फर्नेस ने 10 दिसंबर के 9.606 टन के पूर्व सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय उत्पादन रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस अवसर पर ब्लास्ट फर्नेस 8 के सीसीआर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संकार्य तापस दासगुप्ता रहे। तापस दासगुप्ता ने कहा कि यह उत्कृष्ट उपलब्धि विभिन्न विभागों और अनुभागों के सामूहिक और समन्वित प्रयासों का परिणाम है। कोक ओवन, सिंटर प्लांट, ओएचपी, आरएमडी, ऑक्सीजन प्लांट, इंस्ट्रूमेंटेशन, पीबीएस, आरसीएल, एसएमएस, टी एंड डी, आरईडी सहित अन्य सहयोगी विभाग शामिल हैं। उन्होंने सभी

विभागों और कर्मियों को ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने समस्त ब्लास्ट फर्नेस 8 टीम को बधाई देते हुए प्रतिदिन 10.000 टन प्रति दिवस हॉट मेटल उत्पादन को निरंतर बनाए रखने और प्रदर्शन को दोहराने पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक ब्लास्ट फर्नेस मनोज कुमार ने भी टीम को बधाई देते हुए इस सकारात्मक गति को बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सेवाएं तुषारकान्त, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, एम एंड यू बिजय कुमार बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक कोक ओवन तुलाराम बेहेरा मुख्य महाप्रबंधक मैकेनिकल प्रमोद कुमार मुख्य महाप्रबंधक आरईडी प्रोसेनजीत दास मुख्य महाप्रबंधक पीपीसी प्रवीण राय भल्ला मुख्य महाप्रबंधक एसएमएस3 त्रिभुवन बैठा मुख्य महाप्रबंधक आरसीएल राहुल श्रीवास्तव महाप्रबंधक प्रभारी टी एंड डी गोपीनाथ मल्लिक महाप्रबंधक प्रभारी पीबीएस जाकिर शैख महाप्रबंधक प्रभारी एसपी 2 जगेन्द्र कुमार सहित ब्लास्ट फर्नेस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और ब्लास्ट फर्नेस 8 की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

दिव्य हनुमंत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान चालीसा की चौपाइयों का बताया गूढ़ महत्व

- आज दोपहर 1 बजे से लगेगा दिव्य दरबार

भिलाई/नवप्रदेश। औद्योगिक नगरी भिलाई में आयोजित दिव्य हनुमंत कथा के दूसरे दिन जयंती स्टेडियम स्थित कथा स्थल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर पीठ) ने हनुमान चालीसा की चौपाइयों का भावपूर्ण व्याख्यान करते हुए सनातन धर्म, भक्ति और सेवा के महत्व को रेखांकित किया।

कथा के दौरान पंडित शास्त्री ने हनुमान चालीसा की छठवीं चौपाई हाथ बज्र व ध्वजा विराजे की व्याख्या करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सनातन धर्म और हिंदुओं की रक्षा के लिए ध्वज, माला और भाला तीनों का साथ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विभिन्न स्थानों पर निर्दोष हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। ऐसे में धर्म के प्रति सजग रहना आज की आवश्यकता है। पंडित शास्त्री ने कहा कि श्रीराम जी के बिना हनुमान और हनुमान के बिना श्रीराम जी अधूरे हैं। हनुमान चालीसा का प्रत्येक शब्द केवल भगवान और भक्त की महिमा ही नहीं, बल्कि मानव जीवन का सार भी है। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा अधर्म और बुरी शक्तियों के विरुद्ध बज्र-बाण है, जिसे मनुष्य अपने आचरण में उतार ले तो उसका

कल्याण निश्चित है। कथा के दौरान श्रीराम-हनुमान भक्ति से ओतप्रोत स्तुति और भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए।

कथा में सीएम की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय शामिल हुई

कथा श्रवण करने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, सांसद विजय बघेल व धर्मपत्नी रजनी बघेल, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी, दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार, भिलाई के महापौर नीरज पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की माता पुष्पादेवी यादव, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, सांवलाराम डाहरे, बस्तर के राजा कमल सिंह भंजदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

हनुमंत कथा के तीसरे दिन शनिवार को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक दिव्य दरबार आयोजित किया जाएगा, जिसमें पर्ची के माध्यम से श्रद्धालुओं की समस्याओं और दुखों के समाधान बताए जाएंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक पुनः कथा का आयोजन होगा। सेवा समर्पण संस्था के संयोजक राकेश पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित दिव्य हनुमंत कथा में दुर्ग-भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

खामियां खुद में देखो और खूबियां दूसरों में, तभी सफल होगा जीवन - पं. धीरेंद्र शास्त्री

हनुमंत कथा के प्रथम दिन सनातन धर्म के ध्वजवाहक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भिलाई की पावन धरा वेदव्यास की भूमि है।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आगे कहा कि हनुमान चालीसा तो सभी पढ़ते हैं, सब गाते हैं लेकिन हनुमान चालीसा का अर्थ नहीं जानते। इस भाव को हमें समझना है। खूबियां और खमियां हर इंसान पर होती है, पर इंसान दूसरों में खामियां ढूंढता है और अपने में खूबियां। जिस दिन इंसान अपने अंदर खामियों को ढूंढ कर दूसरों के अंदर खूबियां ढूंढने लग जाएगा, उस दिन अपना जीवन सार्थक कर लेगा।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भिलाई के बच्चे, युवा, छात्र छात्राओं से कहना चाहूंगा कि आप सभी जीवन में आपदा को अवसर बना ले यानी जीवन में कितनी भी संकट विपत्तियां आए, उसे घबराए नहीं बल्कि उसे आपदा को अवसर के रूप में बदलकर अपने जीवन को सफलता के मार्ग पर ले चलें।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आगे कहा कि जीवन में गुरु वह होता है जो हमें अंधकार से खींचकर उजाले की ओर ले चलता है। वही सच्चा गुरु कहलाता है। जीवन में गुरु ही परिवर्तन लाता है। गुरु ही सत मार्ग दिखाता है। आप अपने जीवन में ऐसे गुरु का चयन करें जो आपके जीवन को सत्मार्ग की ओर ले जा सके।

कथा में मुख्य रूप से विधायक डोमन कोर्सेवाडा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, पूर्व विधायक सावलाराम डाहरे, दयाराम साहू, लाभचंद बाफना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, राजा महोबिया उपस्थित रहे।

राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने पाटन क्षेत्र में 1 करोड़ 8 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति दी

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनपद पंचायत पाटन के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए कुल 108.80 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने अनुशंसित कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन द्वारा किया जाएगा। ग्राम चुनकट्टा वार्ड 13, ग्राम ढौर, ग्राम बोहारडीह, ग्राम तर्रा वार्ड 06, ग्राम असोगा, ग्राम राखी, ग्राम निपानी वार्ड 15 व वार्ड 16 तथा ग्राम बटरेल में दो अलग-अलग स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण हेतु प्रति कार्य 5.20 लाख रुपये के मान से कुल 10 कार्यों के लिए 52 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम करसा में शीतला तालाब के पास शेड निर्माण और ग्राम जामराव के साहू पारा में सामुदायिक केंद्र की बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु प्रति कार्य 5 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

ग्राम चुलगहन के मरार पारा, ग्राम बरबसपुर और ग्राम मोतीपुर के सतनामी पारा में सामुदायिक केंद्र व मंच निर्माण हेतु प्रत्येक कार्य के लिए 7 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। ग्राम सेलूद वार्ड 2 में सी.सी. रोड निर्माण और ग्राम पाहन्दा (अ) के कुर्मीपारा में बाउंड्री वॉल व सामुदायिक रसोई हेतु शेड निर्माण के लिए 10-10 लाख रुपये व ग्राम कसही में सी.सी. रोड निर्माण हेतु 5.80 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

लोकवाद्य संग्राहक रिखी के साथ अंडमान पहुंचा छत्तीसगढ़ी समूह

भिलाई/नवप्रदेश। प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय व उनका समूह अंडमान निकोबार द्वीप पहुंच गया है। यहां 27 से 31 दिसंबर तक होने वाले आईलैंड टूरिज्म फेस्टिवल 2025 में देश भर के कलाकारों के बीच रिखी क्षत्रिय का समूह छत्तीसगढ़ लोकनृत्य व संगीत का जादू जगाएगा। संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा छत्तीसगढ़ शासन रायपुर की ओर से अंडमान निकोबार में होने वाले लोक नृत्य महोत्सव में रिखी क्षत्रिय व उनके समूह को यह अवसर दिया गया गया है। रिखी के साथ 16 सदस्यीय दल वहां के अलग-अलग द्वीपों में 31 दिसंबर तक अपनी प्रस्तुति देंगे।

'मैं कौन हूं' की गुत्थी सुलझाने पर सब कुछ सहज हो जाएगा

दुर्ग/नवप्रदेश। आनंद सरोवर, बघेरा दुर्ग में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चल रहे वाह जिंदगी वाह शिविर के पांचवें दिन राजयोग मेडिटेशन विषय पर बोलते हुए प्रो ब्रह्माकुमार ईवी गिरीश ने कहा कि हमारा कहीं ना कहीं योग रहता ही है। चाहे व्यक्ति का व्यक्ति के साथ या व्यक्ति का किसी वस्तु के साथ या किसी परिस्थिति के साथ हो। आज दुनिया में अनेक प्रकार के योग प्रचलित है। आज आसन और प्राणायाम को ही योग मान लिया गया है, जबकि पतंजलि अष्टांग योग में आठ सूत्र बताया गया है। उसमें से केवल दो ही सूत्र प्रचलित हैं।

आसन और प्राणायाम केवल शारीरिक अभ्यास है। श्रीमद् भगवत गीता में भी योग का वर्णन मिलता है। ज्ञानयोग, भक्तियोग, बुद्धियोग, कर्मयोग, सांख्ययोग आदि, लेकिन सभी योगों में सर्वश्रेष्ठ योग राजयोग मेडिटेशन है। राजयोग मेडिटेशन वह विधि है जिसके द्वारा हम अपने मन बुद्धि के तार उस सर्वशक्तिमान परमात्मा से जोड़ते हैं और सहज रूप से प्रेम, शांति, आनंद और शक्ति की प्राप्ति करते हैं। परमात्मा इन सभी गुणों का सागर है भंडार है मुख्य स्रोत है। हम सभी की यही शिकायत होती है कि योग में मन एकाग्र नहीं होता, इधर-उधर भटकता है।

मैं कौन हूं? की गुत्थी को सुलझाने पर सब कुछ सहज हो जाएगा। हम स्वयं को देह से न्यारा, एक ज्योति पुंज, एक पॉइंट ऑफ लाइट, चैतन्य शक्ति आत्मा समझते हैं और फिर परमात्मा से कनेक्ट होने का अभ्यास करते हैं तो सहज ही हम परमात्मा से योग युक्त हो सकते हैं। परमात्मा आकर के हमें राजयोग सिखलाते है। परमात्मा को योगेश्वर भी कहते हैं। परमात्मा का पहली श्रेष्ठ शिक्षा है।

महापौर ने किया डामरीकरण कार्य का निरीक्षण, गुणवत्ता पर दिया जोर

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर के साथ वार्ड 15 में नाला से एप्रोच रोड तक सड़क डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। यहां कुल 30.54 लाख से डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि काफी समय से सड़क डामरीकरण व सुधार कार्य की मांग की जा रही थी। यह कार्य पूरा होने से जनता को बेहतर सड़क उपलब्ध होगी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सड़क की मजबूती मोटाई और उपयोग में लाई जा रही सामग्री व मशीनों की कार्यक्षमता का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य कर रहे ठेकेदार व अधिकारियों से निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। इस मौके पर महापौर अलका बाघमार के साथ लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद युवराज कुँजाम, सुरुचि उमरे, उपअभियंता मोहित मरकाम, पंकज साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न पर दुर्ग-भिलाई में आक्रोश रैली, सड़क पर उतरा हिंदू समाज

दुर्ग/नवप्रदेश। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर कथित अत्याचारों और हिंदू युवक दीपू चरण दास की हत्या के विरोध में दुर्ग जिले में हिंदू संगठनों और सर्व हिंदू समाज ने प्रदर्शन किया। दुर्ग और भिलाई में दो अलग-अलग स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया गया। भिलाई के खुर्सीपार स्थित दुर्गा मैदान में दोपहर 3 बजे एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली श्री हनुमान चालीसा सेवा समिति खुर्सीपार, सर्व हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई। आयोजकों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया और इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाने की मांग की। रैली के माध्यम से हिंदू समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा का संदेश दिया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। जिला मुख्यालय दुर्ग के पुराना बस स्टैंड में शाम 4 बजे पुतला दहन और प्रदर्शन किया गया। बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चरण दास की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कट्टरपंथी हिंसा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुतला दहन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुदाय और भारत सरकार का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा।

आज सांस्कृतिक संध्या

भिलाई। बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा प्रसिद्ध पार्श्व गायक केकेजे येसुदास की 86 वीं जयंती व उनकी अमर संगीत विरासत के सम्मान में 27 दिसम्बर को शाम 7 बजे महात्मा गांधी कला मंदिर भिलाई में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी फिल्म संगीत कर्नाटक शास्त्रीय संगीत शास्त्रीय व अर्ध शास्त्रीय गायन में विख्यात उल्लास कुमार के साथ गायिकाएं अंजलि शुक्ला व गौतमी चक्रवर्ती भी मंच साझा करेंगी।

31 से 3 जनवरी तक रिसाली दशहरा मैदान में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

भिलाई/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार रिसाली सेक्टर के छोटा दशहरा मैदान में 31 दिसंबर से 3 जनवरी तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। आयोजक मंडल की टीम सक्रियता से तैयारियां कर रही है। यज्ञ स्थल पर पंडाल आदि का कार्य शुरू हो चुका है। 6 टोलियां पिछले तीन माह से घर-घर पहुंचकर निमंत्रण पत्र, अन्नघट, पांपलेट, मंत्रलेखन पुस्तिका का वितरण कर रहे हैं। बड़े यज्ञों को संपन्न करने धन संग्रह आम नागरिकों के मुट्ठी भर अन्न एकत्र किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 2000 व्यक्तियों के भोजन की व्यवस्था की जा रही है। अंतिम दिन 5000 लोग पूर्णाहुति के बाद भोजन करेंगे। क्षेत्र के वरिष्ठ प्रतिनिधियों को भी निमंत्रण दिया जा रहा है। सांसद विजय बघेल, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक देवेद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, महापौर शशि सिन्हा सहित भिलाई निगम के वरिष्ठ पदाधिकारियों को निमंत्रण देने का काम भी जोरशोर से चल रहा है। प्रथम दिन विराट शोभायात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन अग्नि स्थापना व विशेष देव पूजन, निःशुल्क विभिन्न संस्कार, संध्या शांतिकुंज प्रतिनिधियों के उद्बोधन, तीसरे दिन सुबह 24 कुंडीय यज्ञ और संध्या दीपयज्ञ संपन्न होगा। 3 जनवरी को सुबह यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न की जाएगी। आयोजन के प्रभारी डॉ कामता साहू ने यह जानकारी दी। यज्ञस्थल का निरीक्षण व निर्देशन एस पी सिंह, डॉ कामता साहू, धीरज लाल टांक, आरडी महिलांग व अन्य सदस्यों ने किया।

पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधायक चंद्राकर ने दी श्रद्धांजलि

गुरु घासीदास का जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक : विधायक ललित

दुर्ग/नवप्रदेश। मनखे-मनखे एक समान का संदेश देने वाले सतनाम पंथ के संस्थापक बाबा गुरु घासीदास की जयंती आलबरस, भोथली में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने जैतखाम गुरुगद्दी व बाबा गुरु घासीदास के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रदेशवासियों को गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दी।

चंद्राकर ने कहा कि बाबा गुरुघासीदास ने अपने जीवनकाल में समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वह एक महान संत, समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में गरीबों, दलितों, और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया था। बाबा गुरू घासीदास ने सम्पूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला रखी।

बाबा गुरुघासीदास की जयंती के अवसर पर हमें उनके जीवन और उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए। हमें उनकी शिक्षाओं और आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए और समाज में एक बेहतर भविष्य के लिए काम करना चाहिए।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख, सोसायटी अध्यक्ष प्रताप यादव, पुराणिक लाल चेलक, कामता डहरे, लालजी भारती, हेमलाल गायकवाड़, श्रवण चेलक, अमरदास भारती, डॉ मारकंडे, संतोष कुर्रे, अरुण चेलक, गोपाल डहरिया, अशोक हरमुख, लक्ष्मण देशमुख, पुरषोत्तम साहू, बीआर बघेल सरपंच नेमीन खुटेल, वेदराम निषाद, तोरण निषाद, निर्मल निषाद, ग्राम अध्यक्ष दुर्वासा साहू, लक्ष्मन देशलहरे, पवन खुटेल, रमेश कुमार, घनश्याम साहू, शीतल खुटेल व समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अटल जी ने लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण और सुशासन की स्थापना की

रिसाली मनोकामना परिसर में विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। चंद्राकर ने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहा। लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण, सुशासन की स्थापना और जनकल्याण के व्यापक दृष्टिकोण के कारण वे देशवासियों के हृदय में सदैव अमर रहेंगे। वे केवल महान राजनेता ही नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि, दूरदर्शी राजनेता और करुणा से भरे जननायक थे, जिन्होंने राजनीति को जनसेवा का सशक्त माध्यम बनाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल सोनू राम सिंह, अजीत चौधरी, अमन शर्मा, विकास कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ऋण समिति की बैठक में 3.71 करोड़ के ऋण स्वीकृत

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन अधिकारी की अध्यक्षता में ऋण उप समिति की बैठक में 3.71 करोड़ के लोन स्वीकृत किये गए। बैठक में उपाध्यक्ष नरेश यदु, उपायुक्त सहकारिता सतीष पाटले, उप संचालक कृषि संदीप कुमार भोई और सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी हृदेश शर्मा उपस्थित थे।

बैठक में बैंक के कार्यक्षेत्र जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के अंतर्गत 311 सहकारी समिति से संबंधित कृषकों का फसल ऋण के साथ-साथ गन्ना टिशू, फसल ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 से 2027-28 के 1 प्रकरण में 0.99 लाख, गौपालन हेतु नवीन केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के 8 प्रकरणों में 15.45 लाख, गोपाल के लिए नवीनीकरण के 5 प्रकरणों में 9.28 लाख, मत्स्य पालन हेतु नवीनीकरण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के 1 प्रकरण में 0.93 लाख, व्यक्तिगत ऋण के 16 प्रकरणों में 70.80 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत 1 प्रकरण में 5 लाख, स्वयं सहायता समूह अंतर्गत 7 ऋण प्रकरणों में 9.50 लाख, अन्न भण्डारण योजनांतर्गत 2500 मी. टन गोदाम निर्माण हेतु 2 प्रकरणों में 259.98 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई।

बैंक के माध्यम से ऋण नीति अनुसार उप संचालक कृषि/उद्यानिकी/पशुपालन/मत्स्य विभाग के विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कृषकों के मध्य करने के लिये अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिया गया। बैंक के माध्यम से इन योजनाओं में अधिकाधिक कृषक लाभान्वित हो। बैठक में कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक और एसपी वाहने शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

शिव सेना ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शिवसेना द्वारा बांग्लादेश के प्रधानमंत्री यूनुस खान के पुतले को फांसी लगाकर शहर के फौव्वारा चौक से गुरुनानक चौक तक जुलूस निकालकर पुतला फूंका। एवं डोंगरगांव के बस स्टैंड में भी मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका गया। शिवसेना के जिलाध्यक्ष आकाश सोनी ने बताया कि राजनांदगांव जिला ईकाई द्वारा बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओ की निर्मम हत्या, मंदिरों में तोड़फोड़, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की शिवसेना घोर निंदा करती है और साथ ही बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री की चुप्पी पर आक्रोश व्यक्त करते हुवे मोहम्मद यूनुस का पुतला छत्तीसगढ़ के हर जिला मुख्यालय एव ब्लॉक मुख्यालय में दहन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव सेना दुर्ग संभाग अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव कमल सोनी, जिलाध्यक्ष आकाश सोनी, राजनांदगांव, विधानसभा अध्यक्ष मुकेश साहू, छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष संजय सरपे, महिला सेना प्रदेश सचिव शिरोमणि पगारे, संजय यादव, नीलकंठ यादव, थरवेतन साहू, धनेश साहू, गोविंद साहू, ज्ञान चंद लोढ़ा, मुन्ना यादव, प्रेमदास मानिकपुरी, हरेंद्र मालेकर, प्रकाश सोनी, सहित बढ़ी संख्या में शिव सैनिक उपस्थित रहे।

सुरगी में 29 एवं 30 दिसंबर को दो दिवसीय संत समागम

टेड़ेसरा/राजनांदगांव /नवप्रदेश। सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा दामाखेड़ा से परम पूजनीय गुरु माता साहिबा सुलक्षणा देवी का आगमन ग्राम सुरगी में होने जा रहा है। जिसमें 29 दिसंबर को

सद्गुरू कबीर संत समागम समारोह सुरगी, (सिंघोला -सुरगी) परिक्षेत्र में दिनांक 29 एवं 30 दिसम्बर 2025 को दोनों दिन विशेष संत समागम आयोजित होगी। जिसमें 29 दिसंबर को प्रथम दिवस उनमुनि दीदी दामाखेड़ा से पधारेंगी। साथ ही नारी वीरांगना के अंतर्गत संत जनों को प्रवचन के माध्यम से जागरूक करेंगे । एवं 30 दिसंबर को ग्राम सुरगी के पावन धरा पर परम पूज्यनीय गुरु माता साहिबा सुलक्षणा देवी का आगमन होगा साथ ही शोभायात्रा माता जी के द्वारा आशीष प्रवचन एवं भेंट बंदगी संत जनों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में परी क्षेत्रीय एवं जिले के सभी संत जन एवं आमीन माता महिला मंडल के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने विशेष सहयोग प्रदान करेंगे।

ग्राम पनेका में बेटियों ने निभाया अंतिम कर्तव्य, मां को दी मुखाग्नि

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बौद्ध समाज की समतामूलक सोच और मानवीय मूल्यों को साकार करता एक प्रेरणादायक दृश्य ग्राम पनेका में देखने को मिला जहाँ सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ते हुए बेटियों ने अपनी मां को अंतिम विदाई दी। दिवंगत माता देवला नोन्हारे (उम्र लगभग 73 वर्ष) के अंत्येष्टि संस्कार में उनकी चारों पुत्रियों ने मिलकर मुखाग्नि देकर समाज को नई दिशा देने वाला संदेश दिया। दिवंगत माता देवला नोन्हारे के अंतिम संस्कार के दौरान उनकी चार पुत्रियां आशा, सुमन, अनिता एवं कुमारी सरिता नोन्हारे ने संयुक्त रूप से मुखाग्नि दी। यह दृश्य न केवल भावुक था बल्कि मातृभक्ति, साहस और कर्तव्यबोध का जीवंत प्रतीक भी बना। यह आयोजन बौद्ध धम्म की उस मूल भावना को दर्शाता है जिसमें नर-नारी समानता, करुणा, सम्मान और न्याय को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। बौद्ध समाज में बेटा-बेटी के भेदभाव को नकारते हुए यह कार्य सामाजिक चेतना को मजबूत करने वाला साबित हुआ। अंत्येष्टि के दौरान उपस्थित समाज के लोगों ने इस पहल को गर्व, सम्मान और श्रद्धा के साथ देखा। समाजजनों का कहना था कि बेटियों द्वारा किया गया यह कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत प्रेरणा बनेगा और समाज में समानता की सोच को और बल देगा। इस अवसर पर यह स्पष्ट हुआ कि बदलते समय में बेटियां हर क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी और सामर्थ्य का प्रमाण दे रही हैं। यह घटना समाज में व्याप्त रूढ़ मान्यताओं को तोड़ते हुए समान अधिकार और कर्तव्य की भावना को मजबूत करती है। इस प्रेरणादायक घटना की जानकारी बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश गायकवाड द्वारा दी गई।

जयस्तंभ चौक में कांग्रेस ने चारों साहिबजादों को किया नमन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। चार साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए सिख समाज ने शुक्रवार को सफर-ए-शहादत पैदल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी भी यात्रा में शामिल हुई और साहिबजादों के प्रति सम्मान प्रकट किया। जयस्तंभ चौक पर कांग्रेसजनों ने सिख समाज के लोगों का अभिवादन कर श्रद्धा व्यक्त की। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि चार साहिबजादे गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्र थे, जिन्होंने धर्म, सच्चाई और न्याय की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। विशेष रूप से छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया, लेकिन उन्होंने अत्याचार के आगे झुकने से इनकार कर दिया। उनका बलिदान यह संदेश देता है कि उम्र भले ही छोटी हो, लेकिन साहस, सिद्धांतों पर अडिगता और आत्मसम्मान सर्वोपरि होते हैं। अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होना ही उनका सबसे बड़ा संदेश है। इस अवसर पर रमेश राठौर 'नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, राकेश जोशी, शारदा तिवारी, आफ़ताब आलम, अशोक फड़नवीस, इकरामुद्दीन सोलंकी, मामराज अग्रवाल, मुकेश साहू, प्रेम रुपचंदनी, उत्तर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली, पार्षद राजा तिवारी, प्रकाश बाफना, ललित मरकाम, राजिक सोलंकी, अशोक पंजवानी, ऋषि शास्त्री, मुस्तफा, महेश यादव, अमीन हुद्दा, अमन बाबा राठौर, बंटी यादव, लोकू यादव व गीतेश्वर हंसा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और नागरिक उपस्थित रहे।

आरोप-प्रत्यारोप के बीच ठप पड़ा विकास, कलेक्टोरेट तक पहुंचा विवाद

सूखाताल पंचायत में नहीं बैठ रही सरपंच-सचिव की पटरी

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत सूखाताल में सरपंच और सचिव के बीच चल रहा टकराव अब गंभीर प्रशासनिक संकट का रूप ले चुका है। हालात ऐसे बन गए हैं कि पंचायत का कामकाज प्रभावित हो रहा है और गांव का विकास ठहर गया है। कभी सरपंच अपने समर्थक ग्रामीणों के साथ सचिव के खिलाफ शिकायत लेकर जिला कार्यालय पहुंचती हैं, तो कभी सचिव के समर्थन में पंच और ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचकर सरपंच पर गंभीर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं।

सरपंच पक्ष के आरोपः मतदाता सूची से छेड़छाड़ का दावाः कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत सूखाताल की सरपंच श्रीमती नेहा वर्मा और उनके पति ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए पंचायत सचिव अशोक वर्मा पर गंभीर आरोप लगाए थे। सरपंच पक्ष का कहना था कि सचिव अपने ही मूल ग्राम सुखाताल में 23 सितंबर 2024 से अतिरिक्त प्रभार पर पदस्थ हैं। आरोप लगाया गया कि मतदाता सूची के प्रथम प्रकाशन के दौरान करीब 200 से 250 मतदाताओं को बिना सूचना एक वार्ड से दूसरे वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभावित होने की आशंका है। इसी आधार पर सचिव को तत्काल ग्राम पंचायत सूखाताल से हटाने की मांग की गई थी।

सचिव समर्थकों का पलटवारः सरपंच पर मनमानी का आरोप

अब इस विवाद ने उलटा मोड़ ले लिया है। शुक्रवार को सचिव के समर्थन में बड़ी संख्या में पंच और ग्रामीण जिला कार्यालय पहुंचे और सरपंच श्रीमती नेहा वर्मा तथा उनके पति के खिलाफ लंबी-चौड़ी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत करने पहुंचे पंचों में राजेंद्र वर्मा, सुशील वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, धनीराम वर्मा, शिवकुमार साहू, श्रीमती सिया बाई, सतिबाई और श्रीमती बबिता कुर्रे सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

बैठकों से दूरी, विकास कार्यों पर ब्रेक

ग्रामीणों और पंचों का आरोप है कि सरपंच पिछले करीब आठ महीनों से ग्राम पंचायत की बैठकों में शामिल नहीं हुई हैं, जबकि इस अवधि में लगभग 15 बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। पंचों का कहना है कि सरपंच की अनुपस्थिति और कथित मनमानी के कारण पंचायत के कई जरूरी निर्णय अटके पड़े हैं, जिससे गांव की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा।

लाखों के काम अटके, ग्रामीण परेशान

पंचों ने आरोप लगाया कि पंचायत में स्वीकृत सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए 4.50 लाख रुपये, हाई स्कूल मरम्मत के लिए 1.60 लाख रुपये, हाई स्कूल शौचालय मरम्मत के लिए 10.30 लाख रुपये और मनरेगा के तहत स्वीकृत कई कार्यों को राशि मंजूर होने के बावजूद आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है।

प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

पंचों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत सूखाताल में चल रहे इस गतिरोध को खत्म करने के लिए त्वरित हस्तक्षेप किया जाए। उन्होंने सरपंच को पद से हटाने की मांग भी उठाई है, ताकि पंचायत के विकास कार्य दोबारा शुरू हो सकें।

गुरु घासीदास बाबा जी सामाजिक चेतना, समता की अलख जगाने वाले युगद्रष्टा थेः भावना बोहरा

कवर्धा/नवप्रदेश। आज पंडरिया विधानसभा में विधायक भावना बोहरा के ग्राम रणवीपुर निज निवास स्थित विधायक कार्यालय में कैबिनेट मंत्री और सतनाम समाज के धर्म गुरु गुरु खुशवंत साहेब जी का आगमन हुआ। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने समाज के प्रतिनिधि मंडल, सदस्यों, रणवीरपुर भाजपा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान गुरु खुशवंत साहेब जी और विधायक भावना बोहरा ग्राम गौरमाटी, डोंगरिया खुर्द, कुआँमालगी और बीजाभाटा में आयोजित गरु प्रकाश पर्व एवं गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह में शामिल हुए और जैतखाम व गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की समृद्धि एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर गुरु खुशवंत साहेब जी ने कहा कि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के विचार आज भी समरस समाज का मार्गदर्शन करते हैं। परम् पूज्य बाबा जी के अमूल्य विचार एवं शिक्षाएं जनकल्याण हेतु हमें सदैव प्रेरित करती है। आप सभी बाबा जी के बताये मार्ग का अनुसरण कर आगे बढ़ने का संकल्प लें। गुरु प्रकाश पर्व समस्त मानव समाज के जीवन में वैभव एवं ऐश्वर्य का प्रकाश लेकर आएगा। आज देश‍ प्रदेश परम् पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के संदेशों को आत्मसात कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने ÷मनखे-मनखे एक समान÷ का जो संदेश दिया, वह समाज को समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और संदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

विधायक भावना बोहरा ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा जी एक महान संत और सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के पूरे समाज को समानता का संदेश दिया। 'मनखे-मनखे एक समान' का विचार आज भी सामाजिक एकता और मानव मूल्यों की सबसे मजबूत नींव है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार गुरु घासीदास बाबा जी के विचारों और सतनाम समाज की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मैं समाज के सदस्यों और खासकर युवाओं से आह्वान करती हूँ कि वे बाबा जी के आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका जरुर सुनिश्चित करें। गुरु घासीदास बाबा जी सामाजिक चेतना और समता की अलख जगाने वाले युगद्रष्टा थे। उनका संपूर्ण जीवन इस बात का सशक्त उदाहरण है कि सत्य, अहिंसा और नैतिकता के बल पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि सतनाम समाज ने भी बाबा जी के विचारों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाकर सामाजिक समरसता को सुदृढ़ किया है। सर्व समाज के प्रति उनके आदर्शों को आत्मसात करके हमने भी पंडरिया विधानसभा में हर व्यक्ति और समाज को एक साथ लेकर चलने व सेवाओं और सुविधाओं की पहुँच हर व्यक्ति एवं समाज तक हो इसके लिए निरंतर प्रयास कर रहें हैं। छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा हो या निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग और हर क्षेत्र व समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के आदर्शों व संदेशों से भी प्रेरणा लेकर हम अपने दायित्वों को निभा रहें हैं जिसमें सतनाम समाज के आप सभी सदस्यों और प्रतिनिधियों का बहुमूल्य सहयोग व अपनत्व हमें लगातार मिल रहा है। आप सभी ने जिस स्नेह और आत्मीयता से स्वागत किया उसके लिए मैं सतनाम समाज के समस्त सदस्यजनों का आबह्र व्यक्त करती हूँ और गरु प्रकाश पर्व कीहार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

देश एवं प्रदेश में जनजातीय समाज का समृद्धशाली इतिहासः मुख्यमंत्री

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज छुरिया विकासखंड के ग्राम गोड़लवाही में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के शक्ति दिवस, शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक मूर्ति अनावरण, बिरसा मुण्डा 150वीं जन्म शताब्दी एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक की मूर्ति का अनावरण तथा 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार रूपए की लागत से निर्मित हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन एवं 1 करोड़ 52 लाख 97 हजार रूपए की लागत से निर्मित 50 सीटर प्री मैट्रिक छात्रावास भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में ग्राम गोड़लवाही से ग्राम उमरवाही तथा उमरवाही से करमरी तक सड़क चौड़ीकरण की घोषणा की। उन्होंने गोड़लवाही में नवीन महाविद्यालय स्थापना की घोषणा की। स्कूल परिसर में बाऊण्ड्रीवाल तथा अटल समरसता भवन निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैंस कनेक्शन का वितरण किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज द्वारा आयोजित शक्ति दिवस, शहीद गैंदसिंह नायक की मूर्ति अनावरण, भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर सौभाग्य से शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी को शक्ति दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि देश एवं प्रदेश में जनजातीय समाज का समृद्धशाली इतिहास रहा है और शासन जनजातीय समाज के महापुरूषों एवं क्रांतिकारियों का सम्मान बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है।

जिला खाद्य अधिकारी पर गंभीर आरोप, राशन दुकानों का बलपूर्वक समर्पण कराने का मामला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली ने जिला खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी की जिलाधीश के माध्यम से छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को कार्यवाही करने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली ने अपने शिकायत में कहा कि शहर राजनांदगांव में स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान सोसायटी, समूह एवं अन्य के द्वारा वर्तमान में संचालित किया जा रहा है, जिसे जिले में पदस्थ जिला खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी द्वारा समिति के सदस्यों को बुला-बुलाकर धमकी दिया जा रहा है और कोरे कागज पर राशन दुकान नहीं चला सकते है, करके सील लगवाकर साईन कराया जा रहा है। साईन नहीं किये जाने पर जेल भेजने की धमकी देते हुए संचालित राशन दुकान को बलपूर्वक समर्पण कराया जा रहा है, जिसके कारण वार्डवासियों में काफी आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। इसके पहले भी स्टेशन पारा के राशन दुकान को वार्ड के सोसायटी-समूह को दरकिनार रखकर दूसरे वार्ड के समूह को नियम विरूद्ध आबंटित किये जाने के कारण अधिकारी रविन्द्र के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई थी।

श्री अली ने यह भी आरोप लगाया है कि स्टेशन पारा में शासकीय राशन दुकान को वार्ड के महिला समूह द्वारा संचालित किया जा रहा था, उसको भी जिला खाद्य अधिकारी द्वारा दूसरे वार्ड के समूह को आबंटित कर दिया गया है। उक्त शासकीय राशन दुकान को समूह के सदस्य द्वारा संचालित कराना छोड़ वार्ड क्रमांक 4 के भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व पार्षद श्यामा सुखदेवे द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस मामले की शिकायत करने के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया जा रहा है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त भाजपा नेता को जिला खाद्य अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है।

इसके पहले भी श्री अली द्वारा जिला खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी के ऊपर कार्यवाही की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था, मगर आज पर्यंत तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गयी है। श्री अली ने कहा कि यदि समय-सीमा पर उक्त शिकायत पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने पर ब्लॉक कांग्रेस पार्टी के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

किसानों के सवाल-जब भवन उनके लिए बनाया गया है तो ताला क्यों लटकाया..?

- **बलराम सदन में हमेशा लटकता रहता है ताला, सीढ़ियों पर बैठकर समय गुजारने को मजबूर अन्नदाता**

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के किसानों की सुविधा और सम्मान को ध्यान में रखते हुए तहसील कार्यालय परिसर में लाखों रुपये की लागत से निर्मित बलराम सदन किसान रेस्ट हाउस फिलहाल अपने उद्देश्य से भटका हुआ नजर आ रहा है। शासन की मंशा थी कि दूर-दराज के गांवों से तहसील कार्यालय आने वाले किसानों को बैठने, विश्राम करने और जरूरी सुविधाएं मिल सकें, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि किसानों को अपने नाम से बने इस रेस्ट हाउस का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ताला बंद भवन, बाहर बैठे किसानः तहसील कार्यालय पहुंचने वाले किसानों का कहना है कि बलराम सदन किसान रेस्ट हाउस में अधिकांश समय ताला लटका रहता है। ऐसे में यदि कोई किसान अपने कामकाज के बीच कुछ देर आराम करना चाहे या शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा का उपयोग करना चाहे, तो उसे निराशा ही हाथ लगती है। मजबूरी में किसान उसी भवन की सीढ़ियों पर बैठकर घंटों समय गुजारते नजर आते हैं। किसानों का सवाल है कि जब यह भवन उनके लिए बनाया गया है, तो फिर इसके दरवाजे उनके लिए खुले क्यों नहीं रहते।

किसानों की मांगः कार्यालयीन समय में रहे खुलाः किसानों ने साफ कहा कि यदि बलराम सदन वास्तव में किसानों की सुविधा के लिए बनाया गया है, तो इसे कार्यालयीन समय और दिवस में अनिवार्य रूप से खुला रखा जाना चाहिए। किसानों का कहना है कि दूर-दराज से आने वाले लोगों के लिए तहसील परिसर में बैठने की समुचित व्यवस्था न होना पहले से ही परेशानी का कारण रहा है।

प्रथम पेज का शेष

चिल्फी में जमी ओस...

पेंड्रा और रायगढ़ में भी ठिठुरन बढ़ गई है, और सुबह-शाम के वक्त लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। वहीं शुक्रवार सुबह तक जगदलपुर-चित्रकोट मार्ग पर घना कोहरा छाया रहा।

वनांचल में सबसे ज्यादा असरः बोड़ला विकासखंड के वनांचल क्षेत्रों-चिल्फी घाटी, तरेगांव जंगल, आमानारा, लरबी, दलदली, कुकरापानी, बनगौरा, सुकझर, पीपरखूंटा, साजपानी, चेंद्रा दादर, बाकी, मुंडादादर, सहित रेंगाखार, झलमला, समनापुर, बहनाखोदरा, सिवनी, धवईपानी और बोड़ाखार क्षेत्र में ठंड का असर सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। पिछले दो-चार दिनों से इन इलाकों में ठंड अचानक बढ़ी है। सुबह 8 बजे तक भी कोहरा छाया रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई मार्गों पर दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ रही है।

छत्तीसगढ़ की योगिता ..

साहिबज़ादों का स्मरण करते हैं जिनकी वीरता का सम्मान देश-विदेश में किया जाता है। श्रीमती मुर्मु ने कहा मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई है कि सभी पुरस्कार विजेता बच्चों ने अलग-अलग क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिये हैं। वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, नवोचार, विज्ञान तथा तकनीकी, समाज-सेवा और खेल-कूद जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आपकी असाधारण बाल-प्रतिभा का परिचय प्राप्त हुआ है।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाल...

अब तक इनकी हो चुकी है गिरफ्तारीः शराब घोटाला मामले में अब तक कई बड़े नामों की गिरफ्तारी हो चुकी है. इनमें पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, सौम्या चौरसिया शामिल हैं। इसके अलावा आबकारी विभाग के 28 अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया था, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

भगोड़े अपराधियों की ...

पुनर्निर्धारित होने को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। इस कारण बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक लंबे समय से विदेशों में फंसे हैं, जिससे उनके परिवार और बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है।

सीरिया में नमाज के दौरान...

के आसपास सुरक्षा घेरा लगा दिया गया है। सरकार ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। हाल के हफ्तों में सीरिया के कई हिस्सों में तनाव बढ़ा है। लंबे समय से चले आ रहे सांप्रदायिक, जातीय और राजनीतिक मतभेद एक बार फिर उभर आए हैं, हालांकि गृह युद्ध फिलहाल थमा हुआ है। पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से हटने और देश छोड़कर रूस चले जाने के बाद देश की स्थिति नाजुक बनी हुई है। असद भी अलावी समुदाय से संबंध रखते हैं और उनके जाने के बाद इस समुदाय के लोगों पर हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं।

सीएम साय के नेतृत्व में ...

विद्युत उपकेंद्र की स्थापना को मंजूरीः साय सरकार ने जशपुर जिले के हर्राडांड में प्रदेश के पांचवें 400/220 केवी उच्च क्षमता वाले विद्युत उपकेंद्र की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की है। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इस परियोजना का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। यह उपकेंद्र न केवल जशपुर बल्कि पूरे सरगुजा संभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा और क्षेत्रीय विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ बनाएगा।

भारतीय कारोबारियों ने ...

संपत्ति 9.55 लाख करोड़ के पार पहुँच गई । इस साल की सबसे बड़ी खबर रिलायंस की (वायकॉम18 और डिज्नी+ हॉटस्टार का विलय) का गठन थी। 8.5 बिलियन की इस डील ने भारत के मनोरंजन बाजार का नक्शा बदल दिया। अंबानी का अब न केवल तेल और टेलीकॉम क्षेत्र में दबदबा बल्कि मीडिया के क्षेत्र में भी कंपनी ने अपनी दावेदारी मजबूत की है। आकाश और ईशा अंबानी के नेतृत्व में रिलायंस ने ग्रीन एनर्जी और रिटेल में आक्रामक विस्तार किया, जिससे रिलायंस के शेयरों में साल भर मजबूती बनी रही। अदाणी समूह के लिए हिंडनबर्ग के आरोपों के कारण अगर 2023-24 संकट का समय था, तो 2025 में उन्होंने वापसी सुनिश्चित की। भारतीय कारोबारियों में वे ?8.14 लाख करोड़ की संपत्ति के साथ वे दूसरे स्थान पर मजबूती से डटे रहे। अदाणी समूह ने गुजरात के खावड़ा में दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी पार्क के विकास में तेजी दिखाई। इसके साथ ही, उन्होंने बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम में भारत की सबसे बड़ी परियोजना की घोषणा की, जो देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए गेम-चेंजर साबित हुई ।

न्यूज गैलरी

स्व. अटल के विचार और कृतित्व युगों तक दिशा देता रहेगा: येतराम

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के महान राष्ट्रद्रष्टा थे। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और सुशासन को समर्पित रहा। अटल का व्यक्तित्व राजनीति में शुचिता, विचारों में स्पष्टता और व्यवहार में विनम्रता का प्रतीक था। जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि अटल की विदेश नीति संतुलित, दूरदर्शी और राष्ट्रहित पर आधारित थी। पड़ोसी देशों के साथ संवाद, विशेषकर बस यात्रा के माध्यम से शांति का संदेश देना, उनके उदार किंतु दृढ़ नेतृत्व को दर्शाता है। वे शांति के पक्षधर थे, परंतु देश की सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं किया।

31 को राधाकृष्ण मंदिर में भक्तिमय आयोजन व हिंदू सम्मेलन

महासमुंद/नवप्रदेश। इमलीभाठा में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के द्वितीय वर्षगांठ पर भक्तिमय आयोजन एवं भंडारा की तैयारी की जा रही है। आयोजन संयुक्त रुप से इमलीभाठा, अयोध्या नगर, रामरहीम नगर, इंद्रा कॉलोनी, वर्धमान नगर, राम वाटिका (रानी लक्ष्मीबाई बस्ती) की ओर से किया जा रहा है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने बताया कि प्रात: 11 बजे से राम चरित मानस गान, दोपहर 12 बजे पूजा आरती, दोपहर 2 से 5.30 बजे तक आमंत्रित मानस मंडलियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी। शाम 6 बजे तक दीपोत्सव की तैयारियां की जा रही है। शाम 6 बजे से नगर पुरोहित पं. पंकज महाराज द्वारा महाआरती की जाएगी। पश्चात हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रखर वक्ताओं का उद्बोधन प्राप्त होगा।

खरीदी की बदहाल व्यवस्था और टोकन न मिलने से संकट में किसान: मानिक

महासमुंद/नवप्रदेश। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सुशासन का ढोल पीटने वाली सरकार किसानों की पीड़ा के प्रति पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है। महासमुंद जिले में धान खरीदी की बदहाल व्यवस्था और टोकन न मिलने से किसान गहरे संकट में हैं। हालात इतने भयावह हैं कि मनबोध गाड़ा जैसे अन्नदाता आत्महत्या की कोशिश करने मजबूर हो रहे हैं, जो सरकार की नाकामी का जीता-जागता सबूत है। साहू ने कहा कि एग्रीस्टैक पोर्टल में रकबा शून्य या कम दिखना, कैरी फॉरवर्ड और रकबा संशोधन की सुविधा समय पर नहीं खुलने के कारण हजारों किसान धान बेचने से वंचित रह गए हैं। वहीं धान खरीदी की लिमिट बेहद कम रखी गई है और परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। खरीदी केंद्रों पर धान का अंबार लगा है, जिससे भारी जाम की स्थिति बन रही है।

गरियाबंद में सुशासन दिवस व वीर बाल दिवस का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में दिनांक 25 दिसंबर 2025 (गुरुवार) को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इसी क्रम में 26 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) को राज्य शासन के निर्देशानुसार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर बाल शहीदों के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में परस देवांगन जी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं विद्या भूषण द्विवेदी (शाला विकास समिति सदस्य) विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि परस देवांगन जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के वीर बाल साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन परिचय के साथ-साथ उनके शहजादों की बलिदान गाथा पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

पूर्व नपाउपाध्यक्ष कुकराडीह-तेंदूवाही के जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

बाबा ने सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया: त्रिभुवन

महासमुंद। ग्राम कुकराडीह-तेंदूवाही में गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जैतखाम में पालो चढ़ाकर व पूजा अर्चना कर किया।

महिलांग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने 'मनखे-मनखे एक समान' का अमर संदेश देकर पूरी मानव जाति को सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि साधु-संत-महापुरुष भले ही किसी जाति धर्म में जन्म ले सकते हैं। लेकिन, उनका उपदेश और संदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए होता है। आज हमें हमारे संतों और महापुरुषों के बताए मार्गों का अनुशरण करना आवश्यक है। जिससे हम एक सशक्त विकसित संगठित समाज का निर्माण कर सकें और सम्मान पूर्वक जीवन जी सकें। महिलांग ने कहा कि आज ग्रामों में मानव- मानव एक समान की झलक जयंती कार्यक्रमों में देखने को मिल रही है।

जहां सर्व समाज के लोग एक साथ गांवों में मिलकर जयंती पर्व बड़े उत्साह के साथ मना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि गुरु घासीदास बाबा का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, भेदभाव, अंधविश्वास, आर्थिक, सामाजिक, विषमता व्याप्त था। उन्होंने समाज में मानवता का संदेश देते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम को अमर चंद्राकर, दिलीप मनहरे व सुशील बघेल (भीम आर्मी), सरपंच मिथलेश्वरी जोगी, भारत जोगी व उप सरपंच चन्द्रकुमार ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर बुधु मारकंडे, गौतम, नीलकंठ बंजारे, बेदराम बांधे, हरिचंद पात्रे, महेन्द्र बांधे, क्रांति योगी, इशु बघेल, रंजीत बघेल, शंकर भारती, परमानंद बंजारे, लक्ष्मण, कन्हैया साहू, डेरहू साहू, आकाश बांधे, तुलेश बंजारे, कुंवर लाल सोनवानी, कुमार डहरिया, लोकनाथ कुर्रे, देवाल दास व सर्व सतनामी समाज कुकराडीह-तेंदूवाही सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

धर्म रक्षा हेतु साहिबजादों का बलिदान अविस्मरणीय: विधायक डॉ. अग्रवाल

पिथौरा/नवप्रदेश। भाजपा मंडल पिथौरा द्वारा धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की स्मृति में 'वीर बाल दिवस' श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर साहिबजादों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता के रूप में राजिंदर खनूजा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि मुग़ल साम्राज्य के दौरान धर्म परिवर्तन का आतंक चरम पर था, लेकिन साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए खुद को न्योछावर कर दिया पर अपना धर्म नहीं त्यागा। उन्होंने आगे कहा: सिख गुरुओं ने हिंदुओं और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उनके इस महान बलिदान को सम्मान देने के लिए 'वीर बाल दिवस' मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आज हम उनकी शहादत को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं।

इतिहास और शहादत पर प्रकाश: मुख्य वक्ता राजिंदर खनूजा ने सिख इतिहास के गौरवशाली पन्नों को साझा करते हुए नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर जी, दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी और चारों साहिबजादों— अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह कम उम्र में भी साहिबजादों ने वीरता की नई परिभाषा गढ़ी और अन्याय के सामने सिर नहीं झुकाया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान सिख समाज से आई बेटियों, रीत अजमानी एवं इनीत अजमानी ने साहिबजादों की याद में भावपूर्ण शबद गायन किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सिख समाज के ही सरबजीत दीपक सलूजा ने भी साहिबजादों की शहीदी गाथा को याद करते हुए अपने विचार साझा किए।

मंच पर उपस्थिति: कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने किया। मंच पर आशीष शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष नरेश सिंघलद्व प्रीतराम सूर्य, देवेश निषाद नगर पंचायत अध्यक्ष, उषा पुरुषोत्तम लहरें जनपद पंचायत अध्यक्ष, ब्रह्मानंद पटेल जनपद उपाध्यक्ष, राजिंदर खनूजा, त्रिलोक अजमानी, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वीर दिवस के इस अवसर पर मंडल महामंत्री जतिन ठक्कर सुधीर प्रधान,अनूप अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि, रविंदर आजमानी, सुमित अग्रवाल, पुरुषोत्तम धृतलहरे, लक्ष्मीकांत बबलू सोनी, दुलीकेशन साहू, सुरेंद्र पाण्डेय, मनमीत छाबड़ा, रैदास गोयल,विजय नायक,परमीत माटा, सौरभ अग्रवाल, राजेश चौधरी, विजय गुप्ता, दुर्गेश सिन्हा, पुष्पराज गजेंद्र, कुलवंत खनूजा, राजा टुटेजा, अवनीत सिंह टुड्डू, मोनू सलूजा, वेदप्रकाश वैष्णव, सत्यनारायण ध्रुव, ललिता केशव पटेल, आकाश सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित थे।

शब्दों की सादगी के कवि पंडित विनोद कुमार शुक्ल को श्रद्धांजलि

धमधा / नवप्रदेश। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष बृजेंद्र दानी ने हिंदी साहित्य के विशिष्ट कवि एवं कथाकार पंडित विनोद कुमार शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह कहना अनुचित नहीं होगा कि उन्होंने साहित्य को आडंबर से मुक्त कर संवेदना से जोड़ा।

उनकी रचनाओं में जीवन की साधारण घटनाएँ असाधारण अर्थों के साथ उपस्थित होती हैं। छत्तीसगढ़ की भूमि से उपजे पंडित विनोद कुमार शुक्ल ने कविता, कहानी और उपन्यास के माध्यम से आम मनुष्य के भीतर छिपे संघर्ष, करुणा, मौन और संवेदनशीलता को स्वर दिया। उनकी भाषा अत्यंत सरल होते हुए भी गहन अर्थों से भरी हुई है। वे कम शब्दों में जीवन के बड़े सत्य कहने वाले रचनाकार थे। उनकी कविताओं में दिखावा नहीं, बल्कि मनुष्य की सहज अनुभूतियाँ मिलती हैं। वे लिखते हैं— मैं इतना गरीब हूँ कि मेरी गरीबी भी मेरे साथ रहती है। इन पंक्तियों में समाज की सच्चाई और मनुष्य की पीड़ा अत्यंत सादगी से उभरकर सामने आती है। वहीं एक अन्य कविता में वे कहते हैं- मैं चाहता हूँ दुनिया थोड़ी देर के लिए इतनी चुप हो जाए कि मैं अपने होने की आवाज़ सुन सकूँ। यह पंक्तियाँ आज के शोरगुल भरे समय में आत्मचिंतन की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। पंडित विनोद कुमार शुक्ल का साहित्य हमें यह सिखाता है कि कविता केवल अलंकार नहीं, बल्कि मनुष्य को मनुष्य से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने साहित्य को आम जन के अनुभवों से जोड़कर उसे और अधिक मानवीय बनाया। उनका रचनात्मक योगदान हिंदी साहित्य के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। शब्दों की सादगी में जीवन का गहन दर्शन प्रस्तुत करने वाले इस महान साहित्यकार को नमन करते हुए हम उनकी स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

ट्यूबलर पोल के लिए विधायक ने किया भूमि पूजन

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 1 स्थित शीतला मंदिर के पास नव-निर्मित बीटी सड़क निर्माण के पश्चात अब वार्डवासियों को ट्यूबुलर पोल की सौगात मिलने जा रही है। यह सुविधा नगर पंचायत नगरी के पार्षद राजा पवार के प्रयासों से उपलब्ध कराई जा रही है। 45000 की लागत से निर्मित होने वाले 16 नग ट्यूबुलर पोल स्थापना कार्य का विधिवत भूमि पूजन सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक शिवराज शाह, श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं नगर पंचायत के समस्त सभापति व पार्षदों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

यह ट्यूबुलर पोल शीतला मंदिर से ब्राह्मण समाज के सामुदायिक भवन तक लगाए जाएंगे। स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ करने से पूर्व भूमि पूजन किया गया। इस व्यवस्था के पूर्ण होने के बाद अब इस मार्ग पर नागरिकों को अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा और क्षेत्र रात्रि में भी रोशन रहेगा।

कार्यक्रम में नगर पंचायत नगरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (ष्टरूह्र) यशवंत वर्मा, उप अभियंता परमेश ध्रुव, दुर्गेश साहू, राजेंद्र साहू, राजस्व विभाग के अधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर दुर्गेश साहू, ईश्वर कुलदीप, पुष्कर पाटिल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है: विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के कथित सुशासन की सरकार में आज छत्तीसगढ़ धधक रहा है। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। पिछले 2 साल के कार्यकाल में ही भाजपा ने राज्य को पूरी तरह उद्योगपतियों के हवाले कर दिया है। स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, जिससे युवा वर्ग हताश व निराश होकर अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश में नशे का अवैध कारोबार चरम पर है। राजधानी में ड्रग्स माफिया सक्रिय हो गए हैं। धर्मांतरण के नाम प्रदेश जल रहा है, हिंसक प्रदर्शन, तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हो रही है, और इन घटनाओं पर अंकुश लगा पाने में साय सरकार पूरी तरह विफल साबित हो हुई है। छत्तीसगढ़ पूरी तरह अपराध का गढ़ बनकर रह गया है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को अपने ही अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

गरियाबंद में पीएमजीएसवाई के तहत 7 नई सड़कों को 13.32 करोड़ की मंजूरी

भाजपा नेताओं व ग्रामीणों ने जताया मंत्री विजय शर्मा का आभार

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गरियाबंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण को लेकर बड़ी सौगात मिली है। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के गृह एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने जिले में सात नई सड़कों के निर्माण के लिए 13 करोड़ 32 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत सभी सड़कें वर्तमान में कच्ची हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

खासकर बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। इन समस्याओं को देखते हुए मंत्री श्री शर्मा ने भाजपा नेताओं एवं ग्रामीणों की मांग को स्वीकार करते हुए यह स्वीकृति दी है। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पक्की सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक पहुंच भी आसान होगी। इसके बार में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने बताया कि बिंद्रानवागढ़ विधानसभा अंतर्गत गरियाबंद जिले के विभिन्न विकासखंडों में सड़क निर्माण कार्यों के लिए कुल 1338.322 करोड़ रुपये की बड़ी स्वीकृति मिली है।

इससे क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुगम होने के साथ विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि देवभोग विकासखंड में सुपेबेड़ा से परेवापाली तक 1.56 किमी सड़क निर्माण के लिए 1.18 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं गरियाबंद ब्लॉक में मरदाकला से करीडोंगरी तक 3.30 किमी सड़क के लिए 2.56 करोड़ रुपये तथा रावणडिगी से सेम्हरा तक 2.71 किमी सड़क निर्माण हेतु 1.72 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। मैनपुर विकासखंड में भी कई महत्वपूर्ण सड़कों को स्वीकृति मिली है। इनमें मुड़गेलमाल से स्याहीडोंगरी 3.34 किमी सड़क के लिए 2.84 करोड़ रुपये, अडगड़ी से कोमबुढ़ा 3.82 किमी सड़क के लिए 2.51 करोड़ रुपये, कोडोभाट से साल्हेभात 2.49 किमी सड़क निर्माण हेतु 1.93 करोड़ रुपये तथा भाटीगढ़ से भटगांव 0.86 किमी सड़क के लिए 60 लाख रुपये शामिल हैं। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने ग्रामीणों की ओर से गृह एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सड़क परियोजनाओं के स्वीकृत होने से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को आवागमन, व्यापार व शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में सुविधा मिलेगी।

विवाद... मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया

मृतका के परिवार की मूल धर्म में वापसी के बाद गांव में हुआ अंतिम संस्कार

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत उड़ीसा सीमा से लगे ग्राम बोराई में एक महिला के निधन के बाद अंतिम संस्कार को लेकर उत्पन्न विवाद आखिरकार प्रशासन की सूझबूझ और ग्रामीणों के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ गया। शुक्रवार सुबह महिला का अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न कराया गया। जिसमे जानकारी के अनुसार, संबंधित महिला ने कुछ वर्ष पूर्व ईसाई धर्म अपनाया था। उनके निधन के बाद परिजन गांव में ही शव को दफ्नाने की तैयारी कर रहे थे, जिसका गांव के कुछ लोगों ने विरोध किया। विरोध के चलते परिजन शव को लेकर नगरी पहुंचे, जहां दफ्न की तैयारी की जा रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही नगरवासियों ने भी आपत्ति जताई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शव को पुन: ग्राम बोराई ले जाया गया, जहां देर रात तक ग्राम स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांव के सभी पांचों मुहल्लों के लोग, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

लंबी चर्चा के बाद यह सहमति बनी कि यदि मृतिका के परिजन हिंदू धर्म के अनुसार अंतिम संस्कार के लिए सहमत होते हैं, तो गांव में ही अंतिम संस्कार की अनुमति दी जाएगी। इसके पश्चात शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे ग्राम श्मशान घाट में विधिवत हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की घटना सामने आई थी, जिसे देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील की है।

अगले माह छमाही परीक्षा राज्य से मिलेगा प्रश्न पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्कूलों में दिसंबर माह में आयोजित की जाने वाली अर्ध वार्षिक परीक्षा एसआईआर में शिक्षकों की ड्यूटी लगने के कारण आगे खिसक गई है। अब उस परीक्षा को जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए प्रश्न-पत्र राज्य स्तर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला स्तर पर समय-सारिणी जल्द जारी करने की बात कही जा रही है। शासकीय प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार छमाही परीक्षा का आयोजन दिसंबर माह के द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जानी थी। उसके हिसाब से जिले में तैयारी भी शुरू हो गई थी। वर्तमान में मतदातात सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। जिसमें काफी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में प्रधान पाठक के अलावा कोई नहीं था। इसलिए अर्ध वार्षिक परीक्षा को आगे खिसका दिया गया है। अब छमाही परीक्षा जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने की तैयारी है।

राज्य निर्माता वाजपेयी जी की जयंती मनाई गई

पिथौरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत पिथौरा द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती और सुशासन दिवस के पावन अवसर पर अटल परिसर के समीप एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और नगर विकास की प्रतिबद्धता का संगम देखने को मिला, इस विशेष कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर अग्रवाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देवेश निषाद, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र तिवारी,मंडल अध्यक्ष भाजपा आशीष शर्मा प्रीतराम सूर्ये पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, मन्नूलाल ठाकुर , विधायक प्रतिनिधि दिलीप निषाद, जतिन ठक्कर,सुमित अग्रवाल

दुलीकेसन साहू, रैदास गोयल, पार्षद रामकुँवार सिन्हा राजेश चौधरी, सौरभ अग्रवाल, पीयांशु दीक्षित राजा शुक्ला,सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही, इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को उनके सपनों के पक्के घर निर्माण हेतु विधिवत भवन अनुज्ञा पत्रों का वितरण किया गया ताकि वे सुशासन का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त कर सकें, इसके साथ ही नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निकाय के बेड़े में शामिल किए गए नए अत्याधुनिक वाहनों का मुख्य अतिथियों द्वारा विधि-विधान से पूजन कर उन्हें जनता की सेवा हेतु लोकार्पित किया गया, आयोजन की एक महत्वपूर्ण कड़ी स्वच्छता योद्धाओं के प्रति कृतज्ञता रही जिसके तहत नगर की समस्त सफाई दीदियों और सफाई कर्मियों का 'सफाई मित्र सम्मान' समारोह के अंतर्गत आत्मीय अभिनंदन किया गया, साथ ही उनकी सेहत और कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष 'सफाई मित्र सुरक्षा शिविर' का भी आयोजन किया गया।

विधायक की पहल पर किसानों को रबी फसल के लिए कोडार से छोड़ा जाएगा पानी

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की पहल पर एवं किसानों की मांग और आवश्यकताओं को देखते हुए कोडार जलाशय से रबी फसल के लिए खेतों में पानी देने पर निर्णय लिया गया। विधायक सिन्हा ने कहा कि किसानों की मांग के मद्देनजर किसानों को पानी देना आवश्यक है। अत: 5 जनवरी से ही खेतों में पानी दिया जाए। इसके लिए जिले के कोडार जलाशय परियोजना (बायीं तट नहर प्रणाली से) वृहद परियोजना अंतर्गत पानी दिया जाएगा। इसके लिए कोटवार के माध्यम से मुनादी करके किसानों तक जानकारी पहुंचाई जाए। अंतिम छोर तक पानी पहुंचे इसके लिए

स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल उपयोगिता समिति विनय कुमार लंगेह ने कहा कि समय-समय पर किसानों द्वारा रबी फसल के लिए पानी की मांग के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए एवं समिति द्वारा सर्वसम्मति से आगामी 5 जनवरी से पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि किसानों की मांग और जलभराव के आधार पर रबी फसल सिंचाई हेतु किसानों को जल प्रदाय किया जाए। उन्होंने कहा कि नहर में जल प्रवाह के दौरान किसी तरह नहर के तटों को काटकर पानी के उपयोग पर पाबंदी लगाया जाए। यदि कोई तट काटकर पानी ले जाने की कोशिश करते है तो उन पर भी कार्यवाही की जाए। कोशिश हो कि अंतिम छोर तक पानी खेतों तक पहुंचे। जल संसाधन के मुख्य कार्यपालन अभियंता अजय कुमार खरे ने बताया कि रबी सिंचाई के लिए कोडार वृहद परियोजना में बांयी तट नहर प्रणाली से 13 गांवों के 1600 हेक्टेयर क्षेत्र का रकबा सिंचाई सुविधा के लिए प्रस्तावित किया गया है।

बाइक की डिग्गी से 35 हजार की उठाईगिरी

महासमुंद/नवप्रदेश। छुईपाली के मेडिकल स्टोर्स के पास एक बाइक की डिग्गी से 35 हजार रुपए उठाईगिरी हो गई। रिपोर्ट पर सिंघोड़ा पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। लखनपुर निवासी कौशल चिरकिया ने बताया कि 23 दिसंबर को वह अपनी दादी निरवासी चिरकिया के साथ जिला सहकारी बैंक सरायपाली गया था और बैंक से 35 हजार रुपए निकालकर कपड़े के थैले में दो पासबुक, दो आधार कार्ड, एक कीपैड मोबाइल, जमीन का पट्टा और 35 हजार रुपए को बाइक की डिग्गी में रखकर वापस आ रहे थे। इसी बीच दवाई लेने छुईपाली के श्याम मेडिकल के पास रूके। दवाई लेकर वापस आए और सिंघोड़ा ग्रामीण बैंक आकर देखने पर डिग्गी में रखा उक्त सामान व रकम का थैला नहीं था। रिपोर्ट पर अज्ञात के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

ग्रामीण से 30 लीटर शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने ग्राम कंवटापाली में एक ग्रामीण के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केंवटापाली का बिजेंद्र कुमार जांगड़े अपने घर की बाड़ी में बिक्री के लिए अवैध शराब छिपाकर रखा है। पुलिस पहुंची तो बाड़ी में अवैध शराब बिक्री करते हुए मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम बिजेंद्र कुमार जांगड़े (38) बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 30 लीटर बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

विद्युत विभाग श्रमिकों का जान खतरे में डालकर ले रहें हैं काम

■ बिना किसी सुरक्षा उपकरण पोल पर चढ़कर बिछा रहें तार

महासमुंद/नवप्रदेश। बरोंडा चौक से लेकर कलेक्टर कॉलोनी तक गौरव पथ सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान श्रमिकों की जान पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभाग का ठेकेदार बिना किसी सुरक्षा उपकरण के श्रमिकों से काम ले रहे हैं। गौर करने वाली बात यह है कि जिले के तमाम बड़े अफसर हर रोज इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं, और वहीं खड़े होकर काम भी कराते हैं, लेकिन सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की कोई पहल नहीं की जाती। ऐसे में निर्माणाधीन सड़क की दोनों ओर विद्युत पोल व तार बिछाने वाले श्रमिकों के साथ यदि कभी कोई बड़ा हादसा हो जाए, तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। वजह साफ है, 40 फुट ऊँचे विद्युत पोलों पर चढ़कर काम कर रहे श्रमिकों के पास न

अधिकारियों को सब पता, फिर भी चुप्पी

हैरानी की बात यह है कि पीडब्ल्यूडी व विद्युत विभाग के अधिकारी रोज इसी मार्ग से गुजरते हैं, वहीं खड़े होकर कार्य भी कराते हैं, लेकिन सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की कोई पहल नहीं की जाती। यह कहना गलत होगा कि इन सब की जानकारी इन्हें नहीं है। बावजूद कोई कार्रवाई न होना प्रशासनिक संवेदनहीनता को उजागर करता है।

हेलमेट है, न डिस्चार्ज रॉड, न सेफ्टी बेल्ट और न ही दस्ताने। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि कोई अनहोनी होती है, तो जिम्मेदारी किसकी होगी। बता दें कि यहां बरोण्डा चौक से कलेक्टर कॉलोनी तक लगभग 2.3 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण का कार्य जारी है। इसके लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत हैं, जिसमें से करीब 1.25 करोड़ रुपये केवल विद्युत पोलों की शिफ्टिंग के लिए निर्धारित है। यह कार्य जांजगीर की एक निजी फर्म को सौंपा गया है, जिसके अंतर्गत 11 केवी व 33 केवी लाइनों के लिए 13, 11 और 9 मीटर कुल 60 से 70 पोल लगाने और उन पर तार खींचने का काम होना है। नियमानुसार, इस कार्य में लगे श्रमिकों को हेलमेट, डिस्चार्ज रॉड, हैंड ग्लव्स और सेफ्टी बेल्ट उपलब्ध कराना अनिवार्य है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। श्रमिक बिना किसी सुरक्षा उपकरण के 13 मीटर ऊँचे पोल पर चढ़कर विद्युत तार बिछाने मजबूर हैं। यह न केवल श्रम कानूनों का उल्लंघन है, बल्कि सीधे-सीधे मानव जीवन से खिलवाड़ है।

> **ठेकेदार को नोटिस दिया जाएगा : ईई**
>
> सुरक्षा की दृष्टि से श्रमिकों को हेलमेट, डिस्चार्ज रॉड, हैंड ग्लव्स और सेफ्टी बेल्ट उपलब्ध कराया गया है। बिना सुरक्षा उपकरण के काम नहीं कराया जाना चाहिए। यदि ऐसा हो रहा है तो संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा।
>
> पीआर वर्मा, कार्यपालन अभियंता, विवि महासमुंद

जंगलों में चल रहे अवैध शराब कारोबार पर आबकारी विभाग की कार्यवाही

■ भारी मात्रा में महुआ शराब और लाहन बरामद

पिथौरा/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण और विक्रय पर पूर्णत: अंकुश लगाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिथौरा वृत्त को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। विभाग को मुखबिर से प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर आबकारी उपनिरीक्षक नीरज कुमार साहू एवं उनके अधीनस्थ स्टाफद्वारा ग्राम लक्ष्मीपुर के समीप पहाड़ के नीचे स्थित दुर्गम स्थल पर सुनियोजित तरीके से घेराबंदी कर दबिश दी गई, जहाँ अवैध रूप से हाथभट्टी महुआ शराब का वृहद स्तर पर निर्माण किया जा रहा था। विभाग की इस औचक कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया और मौके का फायदा उठाकर आरोपी फरार होने में सफल रहे, जिनकी तलाश सरगर्मी से की जा रही है। स्थल निरीक्षण के दौरान आबकारी टीम ने मौके से कुल 105 बल्क लीटर निर्मित हाथभट्टी महुआ शराब और लगभग 1200 किलोग्राम शराब बनाने योग्य कच्चा महुआ लाहन बरामद किया, जिसे शराब निर्माण की संभावना को समाप्त करने हेतु तत्काल प्रभाव से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अतिरिक्त शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त की जाने वाली मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त्त 06 त्तश्च 8457 सहित शराब बनाने में उपयोग किए जाने वाले बड़े बर्तनों और अन्य उपकरणों को भी जब्त कर लिया गया है। इस गंभीर अपराध पर कड़ा रुख अपनाते हुए विभाग द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की गैर-जमानती धारा 34(2) सहित धारा 34(1)(क)(च) और 59(क) के तहत कायम प्रकरण संख्या 01 पंजीबद्ध कर सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

विशाल हिन्दू सम्मेलन 28 दिसंबर को आयोजित

धमधा/नवप्रदेश। नगर में हिंदू समाज द्वारा विशाल हिन्दू सम्मेलन 2025 का आयोजन रविवार, 28 दिसंबर 2025 को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम त्रिमूर्ति महामाया मंदिर प्रांगण में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज में जागरूकता, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1 बजे नगर के प्रमुख मार्गों में मोटर साइकिल यात्रा से होगी। इसके पश्चात 2 बजे से भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कीर्तन आयोजित किए जाएंगे। शाम 3:30 बजे संतों एवं मुख्य वक्ताओं का उद्बोधन होगा, जिसमें समाज को दिशा देने वाले विचार प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन शाम 5 बजे भारत माता की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ जयघोष के साथ किया जाएगा।आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त होगा और बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल होंगे। आयोजकों ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के सभी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के संयोजक समर्थ ताम्रकार एवं कोषाध्यक्ष राजेश पटेल हैं।

निधन : सुशीला चौधरी

नवापारा राजिम। दिगम्बर जैन समाज की प्रतिष्ठित महिला

सुशीला देवी स्व शिखर चंद चौधरी उम्र 87 वर्ष का देवलोक गमन 26 दिसंबर शुक्रवार की संध्या को हो गया उनकी अंतिम यात्रा 27 दिसंबर शनिवार सुबह 11 बजे निज निवास से निकाली जाएगी। वह प्रदीप चौधरी की माता एवं हनी चौधरी, ऋषेश एवं आयांश की दादी थी वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी।

अटल परिसरों का मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने किया वर्चुअल लोकार्पण

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर से वर्चुअल माध्यम से राज्य के नगरीय निकायों में निर्मित अटल परिसरों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय कचहरी चौक स्थित अटल परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री साय ने अपने वर्चुअल उद्बोधन में कहा कि अटल परिसर का निर्माण स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, सुशासन और विकास की दूरदर्शी सोच से प्रेरित है। इन परिसरों के माध्यम से सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि यह परिसर नगरीय निकायों में सार्वजनिक गतिविधियों के लिए आधुनिक, सुव्यवस्थित और बहुउद्देशीय सुविधा के रूप में कार्य करेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि आज का दिन सभी प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित तीन नए राज्यों का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शिता और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अटल जी का महासमुंद की धरती पर आगमन हुआ था और आज राज्य में जो विकास दिखाई दे रहा है, वह उन्हीं की सोच की देन है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से आवागमन को सुलभ बनाया गया और नदी जोड़ो योजना

जैसे प्रयासों से पेयजल की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का देश निर्माण में योगदान अतुलनीय है। आने वाली पीढ़ियाँ सदैव याद रखेंगी कि राज्य निर्माण की ऐतिहासिक सौगात अटल जी ने दी। उन्होंने कहा कि अटल जी पक्ष और विपक्ष-दोनों भूमिकाओं में रहते हुए राष्ट्र सेवा की मिसाल बने और देश को नई दिशा देने का कार्य किया।

> **अटल परिसर का लोकार्पण सौभाग्य : निखिलकांत**
>
> नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि अटल जी की जयंती पर अटल परिसर का लोकार्पण होना नगरवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान जैसे प्रेरणादायी नारों के माध्यम से अटल जी ने देश को नई पहचान दिलाई। उन्होंने जानकारी दी कि नगर पालिका द्वारा अब क्यूआर कोड के माध्यम से टैक्स भुगतान की सुविधा भी शुरू की गई है।

नपाध्यक्ष के प्रयास से सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव

■ आधुनिक मशीन से हो रही सड़कों की सफाई

महासमुंद/नवप्रदेश। शहरवासियों व राहगीरों के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका जल्द ही सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब तक सफाई कर्मियों द्वारा झाड़ू लगाकर सड़कों की सफाई की जाती है। इसके कारण धूल उड़ने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इस समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर पालिका द्वारा ऑटो स्वीप मशीन खरीदा गया है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि सड़कों पर पड़े बालू और धूलकण को हटाने के लिए ऑटो स्वीप मशीन की खरीदी की है। मशीन के आने से शहर की सड़कों के किनारे जमा धूल और बालू से लोगों को काफी हद तक

निजात मिलेगी।

कई सड़कों पर धूल और बालू के ढेर बने मुसीबत : शहर की कई प्रमुख सड़कों पर सफाई की पुरानी पद्धति के कारण अब भी बालू और धूलकण के ढेर लगे रहते हैं। सफाई कर्मियों द्वारा झाड़ू लगाने के दौरान धूल उड़ने से उनका स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। वहीं, कई स्थानों पर सड़क किनारे बालू जमा रहने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। तथा इससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फुटपाथ पर भी बालू जमा होने से नागरिकों को परेशानी होती है।इसी को दृष्टिगत रखते हुऐ नगर पालिका द्वारा आटो स्वीप मशीन खरीदा गया है जो बेहद एडवांस और अपडेटेड है। इसके माध्यम से सड़क से धूल मिट्टी को हटाने में सफाई विभाग को सहायता मिलेगी। ऑटोमेटेकली इस मशीन के साथ सफाई होगी इसमें पानी की भी व्यवस्था है, इस मशीन में गार्बेज को डीलोड करने की भी व्यवस्था है, आधुनिक टेक्नोलॉजी की यह मशीन है, जिससे लगता है कि नगर की सफाई तेजी से हो पाएगी। डस्ट पॉल्यूशन को कम कर पाएंगे।

> **सफाई मशीन के ट्रायल कार्य को पालिका अध्यक्ष ने देखा**
>
> पालिकाध्यक्ष साहू ने नगर की जनता को विश्वास दिलाया है कि नगर में इसी तरह की लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की मशीनों को सड़कों पर उतारेंगे। जिससे बेहतर स्वच्छता और बेहतर पर्यावरण नगर को मिलेगा।

चार लोगों ने चाचा-भतीजा को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने सरायपाली ब्लॉक के ग्राम पंडरीपानी में चाचा-भतीजा के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। त्रिविक्रम सतपथी ने पुलिस को बताया कि उनके चाचा प्रकाश सतपथी तथा पिता परीक्षित सतपथी सगे भाई हैं। पिता व चाचा के नाम से ग्राम पंडरीपानी अमलीढोरी खार में पटवारी हल्का नंबर 03 में स्थित खसरा क्रमांक 270 रकबा 0.55 हे. स्थित है। उक्त जमीन का राजस्व से सीमांकन कराकर खसरा क्रमांक 270 में से कुछ जमीन की बिक्री किए हैं। वहीं खसरा क्रमांक 270 से लगा हुआ खसरा क्रमांक 273 है, जिसमें खसरा क्रमांक 270 की 5 डिसमिल जमीन समाहित है। 5 डिसमिल जमीन भूमिस्वामी को कब्जा दिलाने राजस्व विभाग से अधिकारी- कर्मचारी मौके पर आए थे।

सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर व सामान पर चोर ने किया हाथ साफ

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली के वार्ड नंबर 2 महलपारा में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लगभग साढ़े 97 हजार रुपये मूल्य के चांदी के आभूषण, सोने के गहने व घरेलू सामान पर हाथ साफकर दिया।

जानकारी के अनुसार महलपारा निवासी दामोदर महापात्र ने सरायपाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वे सिरबोड़ा स्थित शासकीय हाईस्कूल में शिक्षक हैं। 21 दिसंबर की सुबह करीब 7 बजे वे मकान में ताला लगाकर पत्नी व पुत्री के साथ झारसुगुड़ा गए थे। 24 दिसंबर की दोपहर करीब 12 बजे पड़ोसी पिंकी अग्रवाल ने उनकी पत्नी के मोबाइल पर फोन कर घर में चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वे पत्नी के साथ सरायपाली लौटे।

निरीक्षण | **अब तक 4 लाख 21 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी, धान उठाव जारी**

आमाकोनी धान खरीदी केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ केंद्र प्रभारी एवं संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत आमाकोनी धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए केंद्र प्रभारी एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम बागबाहरा नमिता मारकोले, समिति प्रबंधक, कर्मचारी एवं कृषकगण मौजूद थे। कलेक्टर लंगेह ने उपार्जन केंद्र में किसानों के पंजीयन, तौल प्रक्रिया, नमी परीक्षण, बारदाना उपलब्धता, स्टॉक संधारण एवं ऑनलाइन एंट्री की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने तौल कांटे की जांच कर उसकी शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीदी कार्य पारदर्शी, सुचारु एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न किया जाए। उन्होंने केंद्र में उपस्थित किसानों

से चर्चा कर खरीदी प्रक्रिया, भुगतान एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में धान का अनावश्यक भंडारण न होने दिया जाए। उन्होंने मिलर्स एवं परिवहन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर नियमित एवं तेज गति से धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश अथवा अन्य कारणों से धान को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि जिन केंद्रों में उठाव की गति धीमी है, वहां तत्काल सुधार किया जाए तथा दैनिक प्रगति की सतत निगरानी की जाए। कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। आज धान खरीदी का 29वां दिन है। धान खरीदी के लिए 22 दिन शेष है। अब तक जिले के 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 4217789.60 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें मोटा धान 3439240.40 क्विंटल, पतला धान 198 क्विंटल एवं सरना धान 778351.20 क्विंटल खरीदा गया है। इसी प्रकार अब तक 729869.38 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है।

सरकारी कर्मचारी अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रांतव्यापी काम बंद-कलम बंद हड़ताल

■ रावणभाठा मैदान नगरी में धरना प्रदर्शन कर आवाज बुलंद करेंगे

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर किए जा रहे ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय प्रांतव्यापी काम बंद-कलम बंद हड़ताल को सफल बनाने हेतु ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने समस्त विभागों के कर्मचारी-अधिकारियों से एकजुट होकर आंदोलन में सक्रिय सहभागिता की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन कर्मचारियों के हक,

सम्मान और भविष्य की निर्णायक लड़ाई है।

ब्लॉक संयोजक ध्रुव ने कहा है कि मोदी की गारंटी को लागू करो और कर्मचारियों की ग्यारह सूत्रीय मांगों को पूरा करो—यह आंदोलन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्षों से लंबित मांगों की अनदेखी के कारण अब संगठित संघर्ष अपरिहार्य हो गया है।

उन्होंने सभी कर्मचारी-अधिकारियों से आग्रह किया कि वे सामूहिक अवकाश आवेदन भरकर 29, 30 एवं 31 दिसंबर को निर्धारित धरना-प्रदर्शन स्थल रावणभाठा मैदान नगरी मेंसमय पर उपस्थित होकर आंदोलन को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा,

जब तक हम एकजुट होकर आवाज़ नहीं उठाएंगे, तब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी। अधिकार मांगने से नहीं, संघर्ष से मिलते हैं। डोमार सिंह ध्रुव ने यह भी कहा कि यह हड़ताल किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि समस्त विभाग के समस्त कर्मचारी-अधिकारियों की साझा लड़ाई है।

एयर प्यूरीफायर-जीएसटी कम करने की याचिका पर सुनवाई, केन्द्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने राजधानी में खराब हवा की क्वालिटी को देखते हुए एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका पर केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस विकास महाजन और विनोद कुमार की वेकेशन बेंच ने केंद्र सरकार को याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 जनवरी की तारीख तय की।

दिल्ली हाईकोर्ट ने राजधानी में खराब होती वायु गुणवत्ता को देखते हुए जीएसटी काउंसिल को निर्देश दिया था कि वह जल्द से जल्द बैठक कर एयर प्यूरीफायर पर लगने वाले जीएसटी को कम या पूरी तरह खत्म करने पर विचार करें। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की बेंच ने एक जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई में यह निर्देश दिया। कोर्ट ने पहले ही दिन सरकार पर नाराजगी जताई थी कि इमरजेंसी स्थिति में जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'बहुत खराब' श्रेणी में है, तब भी एयर प्यूरीफायर पर टैक्स छूट देने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। बेंच ने कहा कि अगर नागरिकों को साफहवा नहीं दे सकते, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करें।

वर्तमान में एयर प्यूरीफायर पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। याचिका में इसे मेडिकल डिवाइस मानकर जीएसटी को 5 प्रतिशत स्लैब में लाने की मांग की गई है। वकील कपिल मदान की दाखिल याचिका में कहा कि दिल्ली में गंभीर प्रदूषण की अत्यधिक इमरजेंसी संकट स्थिति में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम नहीं माना जा सकता। साफ इनडोर हवा स्वास्थ्य और जीवित रहने के लिए आवश्यक हो गई है।

'गंभीर' से 'बहुत खराब' की कैटेगरी में पहुंचा एक्यूआई

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, बुधवार को दिल्ली की एयर क्वालिटी में थोड़ा सुधार हुई है। दिल्ली का AQI 'गंभीर' से 'बहुत खराब' की कैटेगरी में आ गया है। बुधवार की सुबह दिल्ली का AQI 336 दर्ज किया गया है। मंगलवार को ये आंकड़ा 415 का था। आपको बता दें कि AQI को 0 से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

जीएसटी काउंसिल को बड़ा निर्देश

दिल्ली हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में बिगड़ती एयर क्वालिटी को देखते हुए जीएसटी काउंसिल को बड़ा निर्देश जारी किया है। हाई कोर्ट ने एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने पर विचार करने के लिए जीएसटी परिषद को जल्द से जल्द बैठक करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि काउंसिल जल्द से जल्द बैठक करे और 'एयर प्यूरीफायर' जीएसटी कम करने या समाप्त करने पर विचार करे। इस मामले को अब 26 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

केरल में बीजेपी ने रचा इतिहास, पहली बार बना पार्टी का मेयर

नई दिल्ली। भाजपा ने दक्षिणी राज्य केरल में इतिहास रच दिया है। शुक्रवार दोपहर को वीवी राजेश ने राजधानी तिरुवनंतपुरम के मेयर के तौर पर शपथ ली। पदभार संभालने के बाद अपनी पहली टिप्पणी में उन्होंने कहा, ÷हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे... सबको साथ लेकर चलेंगे। सभी 101 वार्डों में विकास किया जाएगा... तिरुवनंतपुरम को एक विकसित शहर में बदला जाएगा।÷ इन चुनावों में भाजपा ने 101 में से 50 वार्डों में जीत हासिल की थी।

उन्नाव दुष्कर्म केसः दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोगों का प्रदर्शन

नई दिल्ली। 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफदिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने घोषणा की है विरोध प्रदर्शन तुरंत खत्म कर दिया जाए, नहीं तो उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा है कि अगर आप विरोध करना चाहते हैं, तो जंतर-मंतर पर जाएं। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की सजा को अपील लंबित रहने तक निलंबित कर दिया और दिल्ली में रहने समेत कई सख्त शर्तों के साथ जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट से मिली सशर्त जमानत पर पीड़िता की मां ने कहा, इनकी जमानत खारिज की जाए। हम सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

जयपुर में मस्जिद के बाहर रेलिंग हटाने पर बवाल :

नई दिल्ली। राजस्थान की राजधानी जयपुर के चौमू में अचानक हिंसा भड़क उठी। यहां मस्जिद के पास पड़े पत्थरों को उठाने को लेकर दो समुदायों के बीच बवाल मच गया।

माओवादियों के मारे जाने पर पटनायक ने की तारीफ

भुवनेश्वर। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजेडी) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने शुक्रवार को कंधमाल जिले में छह माओवादियों को ढेर करने वाले सुरक्षाकर्मियों की तारीफ की। पटनायक ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद को रोकने के लिए राज्य के किए गए निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि आज राज्य को इस मोर्चे पर बड़ी सफलता मिली है। पटनायक, जो 24 वर्षों से ज्यादा समय तक राज्य के गृह विभाग के प्रभारी भी रहे हैं। उन्होंने माओवादी से मुख्यधारा में लौटने की अपील की।

समक्ष न्यायालय तहसीलदार तिल्दा जिला रायपुर छत्तीसगढ़

रा.मा. क्र./ /2020-21
ग्राम जोता प.ह.नं. 08

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवनाथ यादव पिता केदारनाथ यादव निवासी जोता छ0ग0 के द्वारा अपने दादा बंदू यादव पिता मंतराम यादव के मृत्यु दिनांक 20.07.2010 को हो जाने के उपरांत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय 26/12/2025 में आवेदन पत्र पेश किया है।

अतः आवेदन पर किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति दावा हो तो पेशी दिनांक 09/01/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है पेशी तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से आज दिनांक..... को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

समक्ष न्यायालय तहसीलदार तिल्दा जिला रायपुर छत्तीसगढ़

रा.मा. क्र./ /2020-21
ग्राम जोता प.ह.नं. 08

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश यादव पिता पुनेसर यादव निवासी जोता छ0ग0 के द्वारा अपने दादा दशरथ यादव पिता मंतराम यादव के मृत्यु दिनांक 12.08.20211 को हो जाने के उपरांत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय 26/12/2025 में आवेदन पत्र पेश किया है।

अतः आवेदन पर किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति दावा हो तो पेशी दिनांक 09/01/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है पेशी तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से आज दिनांक 26.12.2025 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
- ईदगाहभाठा नवीन पानी टंकी परिसर,रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26918 दिनांक 26.12.2025
वार्ड का नाम- 42- महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR662K00311 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती KRISHNA GOPAL PATEL पिता / पति श्री/श्रीमती DURIKA PATEL के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती DURPAT BAI PATEL पिता /पति श्री/श्रीमती LT. KRISHNA GOPAL PATEL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / SAHMATI PATRA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
- ईदगाहभाठा नवीन पानी टंकी परिसर,रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26960 दिनांक 26.12.2025
वार्ड का नाम- 42- महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR561F00013 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती NAND KUMAR SONI पिता / पति श्री/श्रीमती LATE BHOJ RAM SONI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती CHAMPA DEVI पिता /पति श्री/श्रीमती LT. NAND KUMAR SONI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / SAHMATI PATRA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
- ईदगाहभाठा नवीन पानी टंकी परिसर,रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26958 दिनांक 26.12.2025
वार्ड का नाम- 40 - पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569A00168 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती VANDANA TELANG पिता / पति श्री/श्रीमती SANJAY DATTATRAY के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती ANITA MAHAWAR, SUBHASH CHANDRA MAHAWAR, KU. HARSHITA MAHAWAR पिता /पति श्री/श्रीमती SUBHASH CHANDRA MAHAWAR, LT. TARA CHAND GUPTA, SUBHASH CHANDRA MAHAWAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
- ईदगाहभाठा नवीन पानी टंकी परिसर,रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26959 दिनांक 26.12.2025
वार्ड का नाम- 40 - पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569A00167 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती VANDANA TELANG , SANJAY DATTATRAY TELANG पिता / पति श्री/श्रीमती SANJAY DATTATREYA TELANG , DATTATRAY TELANG के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती ANITA MAHAWAR, SUBHASH CHANDRA MAHAWAR, KU. HARSHITA MAHAWAR पिता /पति श्री/श्रीमती SUBHASH CHANDRA MAHAWAR, LT. TARA CHAND GUPTA, SUBHASH CHANDRA MAHAWAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
संभाग-01 रायपुर (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना
विज्ञापन क्र.-382

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-01, कबीर नगर रायपुर के अंतर्गत कबीर नगर रायपुर स्थित फेस-01 में 12 सिनियर एम.आई.जी. एवं 10 जूनियर एम.आई.जी. डुप्लेक्स स्वतंत्र भवनों के निर्माण एवं विकास कार्य हेतु प्री-क्वालीफिकेशन के आधार पर ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cgbb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-01 कबीर नगर रायपुर में संपर्क कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
S-46359/4 मो.नं. 9424209026

OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 411 दिनांक 17.11.2025 को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत् अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
जी-252605715/4 लोक निर्माण विभाग,बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

नाम-परिवर्तन

मैं रीता पिता श्री अजीत कुमार, उम्र 28 वर्ष, निवासी रूआबांधा बस्ती, यादव चौक, सिविक सेंटर, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूं :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे स्वयं के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक, शाखा सेक्टर-10, भिलाई-दुर्ग छ.ग. में एक बचत खाता है, जिसका खाता संख्या 34362605048 है, जिसमें मेरा नाम रीता गंधर्व (RITA GANDHARVA) दर्ज हो गया है। यह कि मेरे आधार कार्ड क. 7844 6424 4723 व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रीता (REETA) दर्ज है, इस प्रकार से रीता गंधर्व (RITA GANDHARVA) एवं रीता (REET) दोनों मेरा ही नाम है अर्थात् एक ही व्यक्ति का नाम है। यह कि उक्त बैंक खाता में दर्ज नाम रीता गंधर्व (RITA GANDHARVA) के स्थान पर आधार कार्ड अनुसार रीता (REET) दर्ज करवाना चाहती हूं, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र श्रीमान् सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपतकर्ता
रीता पिता अजीत कुमार
निवासी रूआबांधा बस्ती, यादव चौक, सिविक सेंटर भिलाई
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202512101000135 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महादेव प्रसाद पिता कोद्दाम गौतम निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 1644/1, 1652/1 रकबा 0.0500, 0.8620 हे. भूमि भूमिस्वामी महावीर प्रसाद पिता कोदूराम के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.01.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 3)
- शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर -
Email ID - rmczone3@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र.26834 दिनांक 25.12.2025
वार्ड का नाम- 30 - शंकर नगर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR331C00094 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती SMT. MADHABI DAS पिता / पति श्री/श्रीमती LATE. SRI. AJIT KUMAR DAS के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती HEMANT KUMAR DEWANGAN पिता /पति श्री/श्रीमती MURLIDHAR DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 7)
- मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक,रायपुर -
Email ID - rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26845 दिनांक 25.12.2025
वार्ड का नाम- 25 - संत रामदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR819D00035 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती PYARI BEGUM पिता / पति श्री/श्रीमती HAMIMUDDIN के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती MOHAMMED AZHARUDDIN JOYA पिता /पति श्री/श्रीमती MOHAMMED SHAHABUDDIN JOYA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

क्र./2171/न.पं./राजस्व/2025-26
नगरी, दिनांक 24/12/2025

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमति अमिता नेताम पति स्व. चन्द्रहास नेताम जाति गोंड़ निवासी वार्ड क्र. 06 नगर पंचायत नगरी, तह. नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड क्र. 01 डमकाडीही नगरी पर काबिजदार चन्द्रहास पिता शिवप्रसाद नेताम के नाम कच्ची झोपड़ीनुमा मकान मलमा स्थित है। उनका नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड कं. 01 की मांग संख्या 266 में दर्ज है। आवेदिका अपने पति स्व. चन्द्रहास नेताम के निधन उपरांत शपथ-पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर निकाय के कर संग्रहण पंजी से उनका नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत् यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति / संस्था का हितबद्ध हो, तो संबंधित पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 23/01/2026 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर — मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत नगरी

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)
फोन नं.- 0771-4903223
Email: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, सामान्य आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट क्रमांक 85, ब्लॉक-07, द्वितीय तल, श्रीमती भरपाई देवी अग्रवाल पति श्री सजन कुमार अग्रवाल, के नाम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की लीजडीड दिनांक 30/12/2010 पंजीकृत कराने के उपरांत फ्लैट की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है।

वर्तमान में आबंटी श्रीमती भरपाई देवी अग्रवाल पति श्री सजन कुमार अग्रवाल, निवासी- डी-7. सेक्टर-04, देवेन्द्र नगर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता बिन्दु पटेल पिता श्री रतन लाल पटेल, निवासी- कल्याण बाग राज किशोर नगर, मौपका, बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

सूचना

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN – U40108CT2003SGC015820
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, अति उच्च दाब(निर्माण)संभाग, छ.ग.स्टेट पॉवर ट्रांस.कं.लिमि.,भिलाई
पता-पॉवर कंपनी परिसर, जी.ई.रोड भिलाई (छत्तीसगढ़) पिन -490021
वेबसाईट :- www.cspc.co.in ई-मेल eeehtconst.bhilai@cspc.co.in टेलीफोन नं :- टेलीफोन/फैक्स नं.:- 0788.2281954

क्रमांकः 052/3400/क्रय/1438 भिलाई, दिनांक : 26/12/2025

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

जीप/टाटा सुमो/महिन्द्रा बोलेरो (SUV Category Vehicle) श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध

कार्या. कार्यपालन अभियंता अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग भिलाई के अन्तर्गत विभिन्न 220/132 के.व्ही. उपकेन्द्रों, लाईनों एवं फिडर बे से संबंधित निर्माण कार्यों के लिए वाहन चालक सहित एक नग नई जीप/टाटा सुमो/महिन्द्रा बोलेरो (SUV Category Vehicle) श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (2-वर्ष के लिए) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	आवश्यक संख्या	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय
1.	कार्या. कार्यपालन अभियंता अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग भिलाई के अन्तर्गत विभिन्न 220/132 के.व्ही उपकेन्द्रों, लाईनों एवं फिडर बे से संबंधित निर्माण कार्यों के लिए वाहन चालक सहित एक नग नई जीप/टाटा सुमो/महिन्द्रा बोलेरो (SUV Category Vehicle) श्रेणी अथवा समकक्ष वाह न के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (2-वर्ष के लिए) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।	01 नग	दिनांक 19.01.2026 समय 5:30 बजे तक

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है।

S-46348/2
कार्यपालन अभियंता
स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें | अति उच्च दाब(निर्माण) संभाग छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रान्स.कं.लिमि. भिलाई

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN:U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-V/Store/W/T-301/25/3870 Marwa, dtd.23-12-2025

NOTICE INVITING E-TENDER NO.TN-199/2025

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for works as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

S. No.	Tender Specification No.	RFx No. (E-Tender No.)	Particulars	Last Date/ Time of submission of bid	Tender Fee	EMD
01.	15-06/S&P/ EE-V/ Store/W/ T-301/25	8100048440	Work contract for Daily Cleaning of Main Store Building & all Store Shed under S.E (Store) at ABVTPS,CSPGCL,Janjgir-Champa.	20.01.2026 15:30 Hrs	Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%)	Rs. 9210/-

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Contract)
SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION | S-46347/1 | O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

सुनहरा मौका

ग्राम अंडा दुर्ग में फार्म हाउस के लिए अच्छे लोकेशन में कटिंग काटा गया है। ऑफर सीमित समय के लिए मात्र 151/- रुपए जल्दी कीजिए। (विजिट अब नहीं तो-कब) अन्य जानकारी के लिए संपर्क करें।

संपर्क
7828997233
9202535511
9755792420

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202512100700114 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका देवकी बाई पिता स्व. प्रभु निवासी सतनाम चौक, कातुलबोड़ दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोड़ प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 61/1 रकबा 0.006 हे./650 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदिका की माता रजिया बाई पति स्व. प्रभु के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार रजिया बाई पति स्व. प्रभु की मृत्यु दिनांक 20/05/2024 को हो जाने पर उसके स्थान पर उनके सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 109/110 के तहत् इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202512101000171 /अ-6 अ/वर्ष 2025-26

इस न्यायालय का रा.प्र.के. 202512101000171/अ-6(अ) वर्ष 2025 26 आवेदक/आवेदिका महादेव प्रसाद पिता स्व. कोदूराम निवासी रावण भाटा सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग ग्राम कोहका प.ह.नं. 45. रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1644/1, 1652/1 रकबा 0.0500, 0.8620 है. भूमि आवेदक एवं अन्य के नाम पर शर्मिलात खाते में दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में महादेव प्रसाद के स्थान पर देव प्रसाद दर्ज हो गया है। जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 15.01.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यॉं.) संभाग नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

ज्ञाप क्रमांक 2250/ नि.लि. (वि./यॉं)/2025-26 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 24/12/2025

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निम्नांकित निविदाओं (जी क्रमांक - 252605555 एवं 252605557) में अपरिहार्य कारणों से निविदा संबंधी तारीखों को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है -

निविदा आमंत्रण 2220/NIT-32/2025-26/व.ले.लि. नवा रायपुर दिनांक 16/12/2025

स.क्र.	विवरण	पूर्व प्रकाशित तिथि	संशोधित तिथि
1	निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	31/12/2025	05/01/2026
2.	ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि	08/01/2026	12/01/2026
3.	निविदा खोलने की तिथि	09/01/2026	13/01/2026

निविदा आमंत्रण 2221/NIT-33/2025-26/व.ले.लि. नवा रायपुर दिनांक 16/12/2025

स.क्र.	विवरण	पूर्व प्रकाशित तिथि	संशोधित तिथि
1.	निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	31/12/2025	05/01/2026
2.	ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि	08/01/2026	12/01/2026
3.	निविदा खोलने की तिथि	09/01/2026	13/01/2026

निविदा संबंधित शेष सभी शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (वि./यां.) संभाग
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
जी-252605702/2

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/क्षे.महा.प्र. (हसदेव)/भू.रा./25-26/121 दिनांक 09.12.2025

सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रान्तर्गत शीतलधारा कुरजा यूजी माईन कालरी के डिपलरिंग हेतु ग्राम- कुरजा के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित, आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ की जायेगी।

Sl NO.	Name as per Land Owner on dste of sanction 9 (i)	Name as per P-II & B-I Statement 1-[Landowner on dsate of compensation assessment]	Name of PAP proposed for employment		Document	Name
1	रामबाई पुत्री फूलमत बाई, लल्ली, दुअसिया, तेरसा, बेला पिता गोरेलाल जाति -गोड़ ग्राम-कोरजा खसरा नं. -258/3 रकबा-0.526 हे0 (1.30 एकड़)	रामबाई पुत्री फूलमत बाई, लल्ली, दुअसिया, तेरसा, बेला पिता गोरेलाल जाति -गोड़ ग्राम-कोरजा खसरा नं. -258/3 श्कबा-0.526 हे0 (1.30 एकड़)	सुन्दर सिंह गोड़ पिता लल्लू सिंह	1	वंशवृक्ष	सुन्दर सिंह
				2	निवास प्रमाण पत्र	सुन्दर सिंह पिता लल्लू सिंह
				3	राशन कार्ड	सुन्दर सिंह पिता लल्लू सिंह
				4	मतदाता परिचय पत्र	सुन्दर सिंह पिता लल्लू सिंह
				5	आधार कार्ड	सुन्दर सिंह गोंड़ पिता लल्लू सिंह
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	सुन्दर सिंह गोंड़ पिता लल्लू सिंह
				7	रोजगार पंजीयन	Sundar Singh Gond
				8	पेनकार्ड	SUNDAR SINGH GOND S/O LALLU SINGH
				9	जाति प्रमाण पत्र	सुन्दर सिंह पिता लल्लू सिंह

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भू-स्वामी एवं आश्रित रोजगार बावृत प्रस्तावित सदस्य के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो/प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने की स्थिति में दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा।

क्षेत्रीय महाप्रबंधक, एसईसीएल, हसदेव क्षेत्र

सुशासन की रोशनी से संवर रहे हैं जीवन

नेत्रहीन इंद्राणी की राह पहले से हुई आसान

रायपुर/नवप्रदेश। जब जिंदगी अंधेरे से शुरू होती है, तब हर छोटा सहारा रोशनी की किरण बन जाता है। ऐसी ही एक प्रेरक कहानी है विकास खंड मोहला अंतर्गत ग्राम गुहाटोला की निवासी इंद्राणी निषाद की, जो बचपन से ही नेत्रहीन हैं। 40 वर्ष की उम्र में भी उन्होंने अपने साहस, धैर्य और आत्मविश्वास के बल पर जीवन की कठिन राहों को पार किया है।

इंद्राणी निषाद सीमित संसाधनों वाले एक साधारण कृषक परिवार से आती हैं। उनका पूरा परिवार खेती-किसानी का कार्य करता है। नेत्रहीन होने के कारण जीवन के हर कदम पर चुनौतियां रही हैं, लेकिन उन्होंने कभी अपनी कमजोरी को अपनी पहचान नहीं बनने दिया।

सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत आयोजित ÷प्रशासन गांव की ओर÷ जिला स्तरीय शिविर ग्राम माडिंग पिंडीग में समाज कल्याण विभाग द्वारा इंद्राणी को ब्लाइंड स्टिक सहायक उपकरण प्रदान किया गया। यह उपकरण उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान की नई राह खोलने वाला साबित होगा। ब्लाइंड स्टिक प्राप्त करते समय इंद्राणी की आंखों में संतोष और चेहरे पर आत्मविश्वास की झलक साफ दिखाई दी। उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

आधुनिक नर्सरी विकास की दिशा में अहम पहल

हाइड्रोपोनिक्स तकनीक पर तीन दिवसीय कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ वन विकास निगम द्वारा हाइड्रोपोनिक्स तकनीक का उपयोग पौधों के उत्पादन और प्रशिक्षण के लिए किया जा रहा है, ताकि मिट्टी रहित खेती को बढ़ावा मिले। पानी और भूमि की बचत हो और महिला स्व-सहायता समूहों (SHGs) तथा किसानों की आजीविका में वृद्धि हो सके। छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा हाइड्रोपोनिक्स तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 18 से 20 दिसंबर 2025 तक किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक और वैज्ञानिक तरीकों से पौध उत्पादन की जानकारी देना तथा नर्सरी विकास को बढ़ावा देना रहा।

पौधा रोपण का दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

कार्यशाला में प्रतिभागियों को कोकोपीट, वर्मीकम्पोस्ट और सोलराइट जैसे माध्यमों को सही अनुपात में मिलाकर ट्रे में पौधा रोपण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें नरम तने (सॉफ्टवुड) और कठोर तने (हार्डवुड) वाली विभिन्न प्रजातियों के पौधों को लगाया गया। पौधों के बेहतर विकास के लिए पोषक तत्वों से युक्त घोल तैयार करना और उसका उपयोग भी सिखाया गया।

पौधों को बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराने योजना

कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए हाइड्रोपोनिक इनडोर सजावटी पौधों को निगम द्वारा स्मृति-चिन्ह के रूप में वितरित किया जाएगा। भविष्य में इन पौधों को बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराने की भी योजना है, जिससे निगम को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर प्रबंध संचालक श्री प्रेम कुमार के मार्गदर्शन और दूरदर्शी सोच की सराहना की गई। उनके निर्देश पर निगम के विभिन्न मंडलों में हाइड्रोपोनिक्स तकनीक से आधुनिक नर्सरियों के विकास की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

जल की बचत के लिए ड्रिप इरिगेशन प्रणाली की आवश्यकता

तीन दिनों के प्रशिक्षण के दौरान हाइड्रोपोनिक्स की विभिन्न विधियों को प्रतिभागियों ने स्वयं करके सीखा। विशेष रूप से ड्रिप इरिगेशन प्रणाली के महत्व को समझाया गया, जिससे कम पानी में पौधों को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराया जा सकता है और जल की बचत होती है।

आगामी कार्ययोजना के तहत किचन गार्डन और टेरेस गार्डन को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में परामर्श (कंसल्टेंसी) सेवाएं विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यशाला में निगम के विभिन्न मंडलों से अधिकारी और मैदानी कर्मचारी शामिल हुए, जिन्होंने इस नई तकनीक में गहरी रुचि दिखाई और तीनों दिन सक्रिय रूप से भाग लिया। यह तीन दिवसीय कार्यशाला नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, टिकाऊ पौध उत्पादन और आर्थिक लाभ की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम की एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल साबित होगी।

अवैध रेत उत्खनन पर सख्त कार्रवाई 5 ट्रैक्टर ट्रॉली मौके पर की गई जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा अवैध कटाई, अतिक्रमण और अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रबंध संचालक के निर्देश पर सभी परियोजना मंडलों में नियमित दिन एवं रात्रि गश्त की जा रही है, जिसका सकारात्मक प्रभाव वन सुरक्षा पर दिखाई दे रहा है।

कोटा परियोजना मंडल, बिलासपुर की टीम ने गश्ती के दौरान अरपा नदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मौके पर पकड़ा। यह कार्रवाई कलमीटार बीट के कक्ष क्रमांक पी-1586 में की गई। सभी ट्रैक्टर ट्रॉलियों में रेत भरी हुई थी, जिसमें लगभग 11 घन मीटर अवैध रेत जब्त की गई। पकड़े गए सभी ट्रैक्टर वाहन स्वामियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1ख) के तहत वन अपराध दर्ज किया गया है। प्रकरण क्रमांक 87/18 बनाकर वाहनों को राजसात करने हेतु अधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आगामी वर्ष के गोपनीय प्रतिवेदन में वन सुरक्षा एवं संवर्धन में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका का उल्लेख किया जाएगा।

सतर्कता के साथ प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश

वन अपराध पर त्वरित और सख्त कार्रवाई के लिए प्रबंध संचालक श्री प्रेमकुमार ने पूरी टीम को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने प्रदेश के सभी निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को वन क्षेत्रों में इसी प्रकार सतर्कता के साथ प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

वाहन मालिक पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेट हटा देता था

जांच में यह भी सामने आया कि अवैध उत्खनन के मामलों में कई बार वाहन मालिक पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेट हटा देता हैं, लेकिन चेसिस नंबर के आधार पर परिवहन विभाग से वाहन मालिक की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह अभियान क्षेत्रीय महाप्रबंधक बिलासपुर श्री अभिषेक सिंह एवं मंडल प्रबंधक कोटा परियोजना मंडल श्री सत्यदेव शर्मा के मार्गदर्शन में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी श्री वैभव साहू के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अभियान में वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल रहे।

ग्राफ्टेड टमाटर की खेती से युवराज साहू को हो रहा दोगुना फायदा

रोग का प्रकोप कम होने के साथ उत्पादन भी अधिक

रायपुर/नवप्रदेश। टमाटर की ग्राफ्टिंग, पौधों की पैदावार बढ़ाने और जड़ प्रणाली से जुड़ी बीमारियों और विकारों के खतरे को कम करने का एक अच्छा तरीका है। इससे पौधों की मजबूती बढ़ती है, पैदावार अधिक होती है और जड़ों के ऊपरी हिस्से के गलने की समस्या भी खत्म हो जाती है । बलौदाबाज़ार-भाटापारा ज़िले में ग्राफ्टेड तकनीक से सब्ज़ियों की खेती के बेहतरीन परिणाम देखने को मिल रहे हैं । ज़िले के भाटापारा ब्लॉक के कृषक युवराज साहू पिता रामनारायण साहू ने ग्राफ्टेड टमाटर की खेती करके एक सीजन में करीब 3 लाख रूपए प्रति एकड़ की शुद्ध लाभ प्राप्त किया है।

युवराज साहू ने बताया पहले वो परंपरागत तरीके से टमाटर की खेती करते थे, तब पौधों के सूखने की समस्या और रोग की समस्या आती थी, जिसके कारण काफ़ी नुकसान भी होता था। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को नयी तकनीक से जोड़ने और सब्जी उत्पादन बढ़ाने की दिशा में यह प्रदर्शन सफल साबित हो रहा है। ग्राफ्टेड टमाटर में बीमारी का प्रकोप सामान्य खेती की तुलना में कम देखा गया है। साथ-साथ इसमें तीनों सीजन में उत्पादन प्राप्त होता है। कम पानी एवं मजदूरी लागत भी कम आती है। पौधे मजबूत होने से उत्पादन में सुधार हुआ है, जिससे किसानों को आर्थिक रूप से लाभ मिल रहा है।

टमाटर की खेती साल में 2 से 3 बार उत्पादन प्राप्त होता है

किसान ने बताया कि ग्राफ्टेड विधि से उपज होनी वाली इस टमाटर की खेती साल में 2 से 3 बार किया जा सकता हैं। वहीं सामान्य टमाटर की तरह की ये भी टमाटर होता हैं, इसका इस्तेमाल सब्जियों में अधिक होता हैं। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत किसानों को उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रति प्रदर्शन राशि रू. 30000 का अनुदान दिया जा रहा है। विभाग द्वारा जिले के 188 कृषकों का चयन कर उन्हें इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

मदर्स प्राईड स्कूल में 'विकसित भारत अभिव्यंजना' के थीप पर दो दिवसीय वार्षिकोत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। मदर्स प्राईड ग्रुप ऑफ स्कूल्स का वार्षिकोत्सव 21 एवं 22 दिसंबर 2025 को मदर्स प्राईड आवासीय स्कूल, खम्हरिया के प्रांगण पर आयोजित किया गया जिसमें सभी शाखाओं सुंदर नगर, प्रोफेसर कालोनी के समस्त छात्र-छात्राएं एवं षिक्षकगण सम्मिलित हुये, प्रथम दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत मदर्स प्राईड स्कूल रायपुर के मुख्य अतिथि हिमांपु भारतीय, जिला षिक्षा अधिकारी रायपुर, संजय शुक्ला, सहायक संचालक, खेलविभाग, रायपुर, छाया प्रकाष राव, जिलाखेल अधिकारी, रायपुर एवं द्वितीय दिवस में मुख्य अतिथि डॉ. संपा चौबे, प्राचार्या, आर.डी. शासकीय महाविद्यालय, रायपुर के कर कमलों से दीपप्रज्जवलन की गई, अतिथियों का स्वागतगीत एवं पुष्पगुच्छ से स्वागतकर सांस्कृतिक संध्या का उदघोष किया गया। विद्यालय परिवार ने यह वार्षिकोत्सव को पूरी तरह से विकसित भारत को समर्पित किया था, जिसमे छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, नाट्य के द्वारा भारत की गरिमा, बढ़ती हुई शक्ति, वैश्विक स्तर पर भारत की ताकतवर छवि एवं देष की आर्थिक एवं सामाजिक विकास और नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बहुत भव्य तरीके से सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर उपस्थित गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं षिक्षक पिक्षिकाओं का मनमोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा विद्यार्थियों ने एक कोना कला, विज्ञान प्रदर्षनी, मार्षल आर्ट के तहत विकसित भारत की झलक दिखाई।

25वीं रजत ध्वजा सह त्रिहानिका महोत्सव का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कुच्छी दशा ओसवाल जैन समाज, रायपुर द्वारा फाफाडीह स्थित कुंथुनाथ जिनालय में 25वीं रजत ध्वजा सह त्रिहानिका महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार, 25 दिसंबर को विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे स्नात्र पूजा से हुई, वहीं दोपहर 3 बजे पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा का लाभ कुशलचंद महिला मंडल, रायपुर द्वारा लिया गया। सायं 5 बजे चौविहार एवं सांझी का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ कुच्छी दशा ओसवाल जैन समाज, रायपुर के अध्यक्ष चंद्रेश वीरचंद शाह (छेडा), सचिव किशोर मेघजी मोती, उपाध्यक्ष भूपेंद्र गोविंदजी मोमाया, सह-सचिव हितेश शरद मोमाया, कोषाध्यक्ष हरीश शिवाजी लोडाया और 2025 रजत ध्वजा महोत्सव समिति के संयोजक हरीश जेवरचंद शाह ने बताया कि मंगल महोत्सव के रजत जयंती वर्ष (25वां वर्ष) के अवसर पर महोत्सव की विशेष झलकियां भी साझा की जाएगी। आयोजन के अंतर्गत भव्य हस्तीनापुर नगरी एवं आलीशान भोजन मंडप का निर्माण किया गया है।

अभाविप के 58वें प्रांत अधिवेशन में 557 कार्यकर्ता हुए सम्मिलित

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ प्रदेश का 58वाँ प्रांत अधिवेशन छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई स्थित सेक्टर-6 सिविक सेंटर के कला मंदिर 'भगवान बिरसा मुंडा नगर' में 19 से 21 दिसंबर 2025 तक भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में प्रदेश भर से कुल 557 कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। अधिवेशन के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस प्रदर्शनी में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल (रजत जयंती वर्ष के संदर्भ में), राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार प्रो. यशवंतराव केलकर जी का जीवन-दर्शन, तथा प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का नाम शहीद कौशल यादव जी के नाम पर रखा गया। प्रदर्शनी उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के पूर्व क्षेत्रीय कार्यवाह बिसरा राम यादव जी, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मानसी गुलाटी जी एवं तत्कालीन प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रांत अधिवेशन का शुभारंभ दिनांक 19 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित बघेल एवं प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित बघेल ने अधिवेशन की प्रस्तावना प्रस्तुत की।

रहेजा ग्रुप द्वारा रायपुर में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर रहेजा ग्रुप द्वारा 25 दिसंबर, 2025 को कचना स्थित क्लब निरवाना में ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय रहेजा के जन्मदिवस को सार्थक बनाने के उद्देश्य से एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष पहल शहर के जरूरतमंद और वंचित वर्ग के मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सहयोग को ध्यान में रखकर की गई।

इस शिविर में रहेजा ग्रुप के कर्मचारियों और एसोसिएट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। ग्रुप के समस्त कर्मचारियों और पार्टनर्स ने एकजुट होकर इस अभियान को एक सफल मानवीय मिशन का रूप दिया, जिन्हें इस महादान के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मेडिकल एक्सपर्ट्स की देखरेख में सुरक्षा और स्वच्छता के कड़े मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। इस सामूहिक प्रयास के माध्यम से बड़ी संख्या में रक्त यूनिट एकत्रित की गईं, जो रायपुर के विभिन्न अस्पतालों और ब्लड बैंकों में आपातकालीन चिकित्सा के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस पहल पर जानकारी देते हुए रहेजा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय रहेजा ने कहाः आज के शिविर की सफलता एक संगठन के रूप में हमारी सामाजिक प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रतीक है। हमारा मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना था कि समाज के सबसे कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए रक्त की उपलब्धता बनी रहे। मुझे अपने एसोसिएट्स और कर्मचारियों पर गर्व है, जिन्होंने आज इस निस्वार्थ सेवा के माध्यम से हमारे समाज की मदद के लिए कदम आगे बढ़ाया।

शिविर में एकत्रित रक्त को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को सुपुर्द किया गया है। रहेजा ग्रुप ने भविष्य में भी इसी तरह के जनहितैषी कार्यों के माध्यम से समाज सेवा के अपने संकल्प को कार्यान्वित करते रहने की बात प्रमुखता से उजागर की।

जिला चिकित्सालय में लेप्रोस्कोपिक पद्धति से 18 महिलाओं की हुई सफल नसबंदी

हर बुधवार होंगी एलटीटी सेवाएं उपलब्ध

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर बलरामपुर जिला अस्पताल के चिकित्सकों के नेतृत्व में परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत महिला नसबंदी (एलटीटी) का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि तिवारी एवं डॉ. अनिमेष सिंह की टीम के समन्वय से कुल 12 महिलाओ का लेप्रोस्कोपिक पद्धति से नसबंदी सफलतापूर्वक की गई। सभी हितग्राही सुरक्षित एवं स्वस्थ हैं। लंबे अंतराल के पश्चात अब जिला चिकित्सालय बलरामपुर में परिवार नियोजन के स्थायी साधनों की सेवाएं नियमित रूप से साप्ताहिक रूप में प्रारंभ की गई हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार से परिवार नियोजन को मिला नया आयाम

इसके अंतर्गत अब सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को महिला हितग्राहियों की एलटीटी महिला नसबंदी जिला चिकित्सालय में की जाएगी। अब तक कुल 18 महिलाओं का सफलपूर्वक नसबंदी किया गया है। साथ ही जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिला प्रसूति रोग, बच्चादानी एवं अंडकोष से संबंधित जांच एवं उपचार की सुविधा भी लेप्रोस्कोपिक विधि से उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री के हाथों वर्चुअल माध्यम में अटल परिसर का हुआ लोकार्पण

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शहर के पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास अटल परिसर का लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों गुरुवार को वर्चुअल माध्यम सें किया गया। इस कार्यक्रम में डोंगरगढ़ में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना उपस्थित थे। दोपहर एक बजे शुरू हुए इस वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम मेंमुख्यमंत्री के द्वारा रायपुर कार्यक्रम स्थल से प्रदेश में बनाए गए संपूर्ण 115 अटल परिसरों का लोकार्पण एक साथ किया गया। उनके द्वारा लोकार्पण करने के बाद स्थानीय स्तर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती के द्वारा 30 लाख से बने अटल परिसर का फीता काट कर परिसर को आम लोगों के लिए खोल दिया गया। लोकार्पण के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपई की प्रतिमा पर फूलों की वर्षा की गई।

कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में 23 जनवरी से1फरवरी तक संत समागम

■ समारोह की तैयारी हेतु बैठक में दिए गए जरुरी निर्देश

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सन्त समागम समारोह (माघ मेला)का आयोजन बसंत पंचमी से प्रारम्भ होगा। इस वर्ष 23 जनवरी 2026 से माघ पूर्णिमा 1फरवरी 2026 तक संपन्न होगा। पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहब की अध्यक्षता एवं कलेक्टर दीपक सोनी की उपस्थिति में शुक्रवार को सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब वंशवली प्रतिनिधि सभा प्रांगण में अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संत समागम समारोह की तैयारी के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिए गए।

पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहब ने बताया कि इस वर्ष समारोह में 23 जनवरी2026 को नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब का चादर तिलक समरोह भी होगा जिससे अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे ।सभी व्यवस्थाओं सहित सुरक्षा व्यवस्था हेतु बलों की संख्या बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि समरोह में प्रतिवर्ष जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिलता है इस वर्ष भी सहयोग मिलेगा और सफल आयोजन सम्पन्न होगा ।कलेक्टर श्री सोनी ने समारोह की भव्यता अनुरूप सभी संबधित अधिकारियों को शत प्रतिशत तैयारी मेला प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व ही करने कहा ।उन्होंने मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण मेला स्थल में पेयजल हेतु 700 से ज्यादा स्टैंड पोस्ट की व्यवस्था,15 नग पावर पंप एवं 2 से 3 स्पेयर में पंप रखने कहा ताकि खराब होने पर तत्काल बदला जा सके। इसके साथ ही 5-6 टैंकर की भी व्यवस्था करने कहा। मेला क्षेत्र में नगर पालिका भाटापारा एवं सिमगा

द्वारा 100 नग एलईडी लाइट लगाए जाएंगे।

बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या समाधान हेतु जनरेटर की व्यवस्था रहेगी ।पुलिस विभग द्वारा सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी ।सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सिविल ड्रेस में सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। वाहन पार्किंग हेतु बेमेतरा रोड बिलासपुर रोड, रायपुर रोड में पर्याप्त व्यवस्था किया जाएगा। मुख्य कंट्रोल रूम के साथ ही पार्किंग के लिये भी कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे ।मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को आस-पास के गांवों के स्कूल, सामुदायिक भवन और हॉस्टलों में भी ठहराया जाएगा। साफ-सफाई की समुचित तैयारी रहेगी। सिमगा और भाटापारा नगरीय निकाय से सफाई कर्मचारी दिन-रात तैनात रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 घण्टे चिकित्सा सुविधा एवं एम्बुलेंस मुहैया कराई जाएगी। मेला स्थल पर अस्थाई शौचालय और स्नानागार बनाया जाएगा। फायर ब्रिगेड भी तैनात रहेगी।

बताया गया कि संत समागम समारोह में 23 जनवरी 2026को नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब का चादर तिलक समारोह प्रात: 9बजे एवं संध्याकाल में गुलालोत्सव एवं नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब का प्रगटोत्सव, 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन प्रात: काल में गुपाठ एवं संत महात्माओं द्वारा भजन किर्तन, सत्संग प्रवचन आदि, दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक प्रतिदिन वरिष्ठ कड़िहार संतो द्वारा अनुराग सागर पाठ, संध्या 4 बजे से प्रतिदिन संध्यापाठ तत्पश्चात् नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब के दर्शन बंदगी एवं भजन कीर्तन होगा।28जनवरी 2026 से प्रतिदिन रात्रि कालीन सभा में पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब का दर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त होगा। 30जनवरी 2026, शाम 4.30 बजे सद् ?गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन की आमसभा होगी । 31जनवरी 2026 सुबह 10बजे से दोपहर 12 बजे तक आमिन माता महिला मंडल की आमसभा होगी।1 फरवरी 2026 प्रात: गुरु महिमा पाठ के उपरान्त वरिष्ठ कड़िहार द्वारा पुनोमहात्तम पाठ के माध्यम से पूर्णिमा व्रत के महत्व की कथा सुबह 12 बजे से दर्शन बंदगी एवं भजन कीर्तन का कार्यक्रम,संध्याकाल में संध्या पाठ के पश्चात सात्विक यज्ञ आनंदी चौका आरती का कार्यक्रम सम्पन्न होगा । 2फरवरी को सामूहिक दीक्षांत समारोह एवं 3 फरवरी 2026 को सामूहिक चलावा चौकी आरती एवं आनंदी चौका आरती होगी। बैठक में पंथ प्रकश छोटे साहब डॉ भानुप्रताप साहब, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, एसडीएम अतुल शेट्टे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

डोगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल मोहारा धान खरीदी केंद्र पहुंची

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। विधानसभा के डोंगरगढ़ ब्लॉक के मोहारा क्षेत्र के किसान मुड़िया निवासी सुखराम वर्मा पिता कालूराम वर्मा मुडिया के किसान को टारगेट कर इसी प्रकार खपरी और अन्य गांव में भी के घर खेत पठऊंवा पर तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी के द्वारा भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों की परेशान करने की शिकायत डोगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल से की गई घटना की शिकायत मिलते ही तुरंत मोहारा धान खरीदी केंद्र पहुंचे और किसानों से चर्चा की तथा पटवारी को पूछने के बाद डोंगरगढ़ तहसीलदार को तुरंत फोन के माध्यम से पूछा की कौन से आदेश के तहत आप इस तरह का काम करा रहे हो विधायक कहा इन पर तुरंत रोक लगना चाहिए जिसमें उपस्थित थे डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा , मुड़िया सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र मंडावी, संतोष वर्मा (हरि ओम),दयाल साहू, दयालु राम वर्मा, रंजीत भारती, सहसपुर सरपंच युवराज चंद्रवंशी,टुमन लाल साहू,शत्रुघ्न साहू, कमलेश सिन्हा और भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

सुशासन के प्रतिमान एवं हमारे प्रेरणा स्रोत

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के निर्माता, पथ प्रदर्शक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की100वीं जयंती पांडादाह मंडल के मुढ़ीपार मे मनाई गई उनके द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की निर्माण करने पर ग्राम वासियों द्वारा* *कृतज्ञता ज्ञापित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई उक्त अवसर पर नरोत्तम सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी ने वाजपेई जी की कविता पाठ किया, डी.आर. निर्मलकर ने वाजपेई जी की जीवनी एवं कार्यकाल पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। ग्राम के प्रमुख नागरिक पुरुषोत्तम साहू जनपद सदस्य सभापति संचार एवं संकर्म विभाग, खेम सिन्हा महामंत्री सरपंच कुमेश साहू हरि* *साहू , शिवलाल साहू भावेन्द साहू ,किशोर साहू , मूलनचंद साहू ,राजेश साहू, मुकुंद साहू, सेलू साहू ,शिव प्रसाद* *साहू ,तिलोचन साहू, निहाली साहू ,देवलाल साहू, तुकाराम साहू ,हरिचंद साहू ,एवं बालमुकुंद निर्मलकर, रमाशंकर पाल ,घसीया पाल, एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के बोर्ड ने एसीसी लिमिटेड और ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड के विलय को दी मंजूरी

भाटापारा/नवप्रदेश।भारत के सीमेंट क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, अदाणी समूह का हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने एसीसी लिमिटेड और ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड के विलय की दो अलग-अलग योजनाओं को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य एक एकीकृत 'वन सीमेंट प्लेटफॉर्म' स्थापित करना है। अदाणी समूह के अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के गैर-कार्यकारी निदेशक करण अदाणी ने कहा, ÷यह एकीकरण विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी, एकीकृत सीमेंट और निर्माण सामग्री संगठन बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। अंबुजा सीमेंट्स, एसीसी और ओरिएंट सीमेंट को एक एकल कॉर्पोरेट संरचना के तहत लाकर, हम परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ाने, विकास में तेजी लाने और दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने की अपनी क्षमता को मजबूत कर रहे हैं। यह विलय भविष्य के विकास का समर्थन करने के लिए एक मजबूत और ऋण-मुक्त बैलेंस शीट तैयार करेगा।यह विलय अदाणी समूह के सीमेंट बिज़नेस के लिए एक बड़ा कदम है।

रोड-नाली निर्माण, बिजली एवं सुविधाओं के लिए मंत्री को मांग पत्र देने का निर्णय

कुरूद/नवप्रदेश। नगर पालिका कुरूद द्वारा सभाकक्ष में आज परिषद का विशेष सम्मेलन अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर जी के अध्यक्षता में 2 मुख्य बिन्दु और 5 अन्य बिंदुओं पर नगर विकास के एजेण्डा मे विकास कार्यो के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने विभिन्न वार्डों में रोड-नाली निर्माण, बिजली एवं आवश्यक सुविधाओं के लिए विभागीय मंत्री कुरूद आगमन पर मांग पत्र देने हेतु निर्णय किया गया, जिसमें मुख्य रूप से गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने खेल मैदान मे मुख्य समारोह आयोजित करने एवं सम्मान समारोह करने सर्व सम्मति से निर्णय किया गया, दुसरे बिंदुओं में केनाल रोड में बन रहे स्वामी विवेकानंद मंगल भवन मे नगरपालिका कार्यालय को अस्थाई रूप से नहीं ले जाकर नई मंडी गेट के पास निर्माणाधीन नगरपालिका कार्यालय में स्थाई रूप जाने के लिए सभी सदस्यों ने स्वीकृति

प्रदान किये, उसी प्रकार अन्य विषयों में अध्यक्ष महोदया ने विभागीय मंत्री को मांगपत्र देने के लिए नगर विकास के महत्वपूर्ण बिंदुओं के योजना को परिषद के समक्ष सभी सदस्यों की स्वीकृति के लिए रखा गया जिसे सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान किय गया ! . जिसमें मुख्य रूप से स्वामी विवेकानंद मंगल भवन से लेकर चष्ट्क्क स्कूल तक गौरव पथ निर्माण कर आदर्श रोड का दर्जा देने 2. केनाल रोड के दोनों तरफ़ को आदर्श रोड का दर्जा देकर गौरव पथ के लिए शासन से ? माँग करने 3. सांधा से लेकर कारगिल चौक तक, कारगिल चौक से बायपास रोड तक, अब्दुल कलाम गार्डन से भारद्वाज मिल स्टोर वाले रोड को गौरव पथ में सम्मिलित करने निर्णय किया गया. 4. नये बाजार में संपूर्ण जगहों पर सीसीकरण, चेकर टाइल सहित गौरवपथ के रूप में रोड, भूमिगत नाली, बिजली विस्तार कार्य के लिए शासन से ? मांग करने. 4. केनाल रोड के शासकीय जगहों में अतिक्रमण से मुक्ति पाने के लिए बाऊन्ड्रीवाल निर्माण एवं सौंदर्यीकरण करने सर्व सम्मति से निर्णय किया गया. 5 पुराने बाजार के पास संपूर्ण जगहों पर डामरीकरण रोड, भूमिगत नाली, आवश्यकतानुसार बिजली, फुटकर व्यवसायियों के लिए आकर्षक शेडनुमा केनोपी लगाने, सौंदर्यीकरण करने निर्णय किया गया. 6. लाइट सुधार कार्य के लिए बड़ी बिजली वाहन हेतु शासन से ? मांग के लिए निर्णय किया गया ! उसी प्रकार अन्य विषयों मे दुकान निलामी में उच्चतम बोली होने पर दुकानदारो को किराये ? 1/ लेने के लिए निर्णय किया गया, वार्ड क्रमांक 5 मे 3 साल पूर्व पानी टंकी के टेंडर को केंसल करके नये टेंडर लगाने के लिए सर्व सम्मति से निर्णय किया गया, वहीं नये बाजार क्षेत्र में उचित जगह देखकर नये पानी टंकी निर्माण के लिए शासन से ? मांग करने निर्णय किया गया, वार्ड क्रमांक 15 अटल आवास के पास बने जर्जर पानी टंकी को लोक निर्माण विभाग से जर्जर घोषित करके नये पानी टंकी निर्माण के लिए ? मांग करने एवं सौंदर्यीकरण करने शासन को प्रस्ताव भेजने सभी सदस्यों के सहमति से स्वीकृति प्रदान किया गया !

कुरूद विधानसभा के 09 ग्राम पंचायतों को विकास की सौगात

कुरुद/नवप्रदेश। वर्ष 2025-26 में ग्रामीण उत्थान को सशक्त बनाने की दिशा में कुरूद विधानसभा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री अजय चंद्राकर जी* के सतत प्रयासों और जनहितकारी दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप कुरूद विधानसभा के 09 ग्राम पंचायतों में अधोसंरचना विकास कार्यों हेतु कुल 52 लाख 14 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस स्वीकृति से ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक आवश्यक कार्य संपन्न किए जाएंगे, जिनमें प्रमुख रूप से-सामुदायिक भवनों का निर्माण, सीमेंट कांक्रीट सड़कों का निर्माण, सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु रंगमंच का निर्माण, नालियों का निर्माण जैसे जनसुविधा से जुड़े कार्य शामिल हैं। यह पहल ग्रामीण जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। कुरूद विधानसभा का हर गाँव, हर परिवार और हर नागरिक माननीय विधायक अजय चंद्राकर जी के इस समर्पण और सेवा भाव का साक्षी है। उन्होंने सदैव क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए माननीय विधायक श्री अजय चंद्राकर जी के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करते हुए समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

श्यामा प्रसाद मुख़र्जी बस्ती में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया

भाटापारा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर भाटापारा के श्यामा प्रसाद मुख़र्जी बस्ती में शुक्रवार को भव्य 'हिन्दू सम्मेलन' का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन नवधा रामायण मंडप हथनीपारा के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस बस्ती में श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, हथनीपारा वार्ड, महावीर वार्ड, सुभाष वार्ड समाहित है। कार्यक्रम का शुभारंभ शीतला माता मंदिर से कलश यात्रा निकाल कर बस्ती भ्रमण कर की गई...इसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और महिलाओ, युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बृजेन्द्र शुक्ला ने सामाजिक समरसता और संगठित राष्ट्र के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती उसकी एकता में निहित है। बृजेन्द्र शुक्ला ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण और संस्कृति के संरक्षण के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'संगठित हिन्दू समर्थ भारत' के संकल्प को दोहराते हुए समाज में एकजुटता का संदेश देना था। इस कलश यात्रा में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा भी साथ थे। कार्यक्रम के संयोजक सुनील यदु ने बताया की इस कार्यक्रम का एक मुख्य लक्ष्य समाज में पाँच बड़े बदलाव लाना है।

सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी , नागरिक कर्तव्य,ये सम्मेलन स्थानीय बस्ती स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक आयोजित किए जा रहे हैं ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवाद स्थापित किया जा सके।

चरौदा प्रीमियर लीग में जय सतनाम क्रिकेट टीम चैंपियन

आरंग/नवप्रदेश। ग्राम चरौदा में ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में शीतकालीन अवकाश में बच्चे एवं युवाओं का उत्साहवर्धन के लिए चरौदा प्रीमियर लीग 2025 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के युवा क्रिकेटरों ने बढ़-चढ़कर उत्साह से भाग लिया। क्रिकेट 23 से 26 दिसंबर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा मैदान में खेला गया। चार दिन तक पूरे ग्राम में क्रिकेट का खुमार रहा। लगातार चौकों छक्के की बरसात होती रही। फाइनल मैच में ग्राम के जय सतनाम क्रिकेट टीम प्रथम, सड़क पारा क्रिकेट टीम द्वितीय, तथा गली क्रिकेट टीम तृतीय स्थान पर रहा।

छत्तीसगढ़ी लघु फिल्म 'गवन के बछिया' की शूटिंग, गौ रक्षा और संस्कृति संरक्षण पर जोर

आरंग/नवप्रदेश। स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गौ रक्षा और संस्कृति संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ी लघु फिल्म बनाया जा रहा है। 'गवन के बछिया' टाईटिल से बन रही संदेशपरक इस फिल्म की शूटिंग महासमुंद जिले के कौंदकेरा गांव में हुई है। फिल्म की शूटिंग ग्रामीणों और बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीण फिल्म की शूटिंग देखने पहुंचे।

विलुप्त होती छत्तीसगढ़ी संस्कृति और गो वंश को बचाने की दिशा में यह लघु फिल्म मील का पत्थर साबित होगा। फिल्म का निर्देशन ग्राम लाफिनकला के नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल कर रहे हैं ।सह-निर्देशन के

रूप में पूर्व सांसद प्रतिनिधि योगेश्वर चंद्राकर, मार्गदर्शक हायर सेकंडरी स्कूल तुमगांव के प्राचार्य सुरेंद्र मानिकपुरी व नवाचारी शिक्षक गोवर्धन साहू की अहम भूमिका है। पटकथा वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी आनंदराम पत्रकारश्री ने लिखी है। टाइटल सॉन्ग दुर्ग भिलाई निवासी अंतर्राष्ट्रीय रचनाकार डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल का है।

लघु फिल्म में नया रायपुर के यूट्यूबर कलाकार भोज धीवर,मनेश्वर पटेल, शिक्षक महेन्द्र पटेल, दूजेराम धीवर, एक्ट्रेस सुधा देवदास, नीलम साहू, कोमल लाखोटी, संजय मेश्राम, डिलेश्वर साहू, शिक्षिका द्रौपदी साहू, रंगमंच कलाकार परमानंद साहू, पुरानिक साहू, कुलेश्वर मानिकपुरी आदि विभिन्न रोल में नजर आएंगे। फिल्मांकन की जिम्मेदारी प्रतीक टोंड्रे,टिंकु चेलक व ढालेंद्र बाग संभाल रहे हैं ।यह छत्तीसगढ़ी में गौ सेवा पर संभवत: पहली लघु फिल्म है। इसमें गौ माता की सेवा-सुरक्षा के संदेश के साथ प्राचीन विवाह परंपरा में 'गवन के बछिया' की महत्ता को रेखांकित किया गया है।

गुरुद्वारा साहिब से एक शहीदी स्मरण यात्रा निकाली गई

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहबजादे एवं माता गुजर कौर जी की अद्वितीय शहादत को याद करते हुए, नमन करते हुए नगर के सिख समाज द्वारा गुरुद्वारा साहिब से एक शहीदी स्मरण यात्रा निकाली गई । जो कि गुरुद्वारा साहिब से रेलवे चौक खंडूपारा ,जय स्तंभ चौक, गोल बाजार होते हुए गुरुद्वारा साहिब में संपूर्ण हुई। उक्त कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह भाटिया सचिव रणदीप सिंह शम्मी भाटिया अध्यक्ष भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह बननोआना, शशिकांत द्विवेदी, सुनील जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़ ,सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह अन्य उपस्थित थे।

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि कुम्हारी निवासी नूतन जेठवा (रानी) उम्र 40 वर्ष का आकस्मिक निधन दिनांक 24-12-2025 को हो गया है वह स्वर्गीय जवाहर भाई जेठवा की पुत्रवधू एवं रोशन जेठवा (राजा) की धर्मपत्नी थी ।

उठावना

जिनका उठावना (स्त्री एवं पुरुष) दिनांक 27-12-2025 दिन शनिवार शाम 4:00 बजे गुजराती समाज भवन कुम्हारी में रखा गया है ।

शोकाकुल

समस्त जेठवा परिवार

फौलादी इरादे... जीत केवल एक पदक की कहानी नहीं है, बल्कि बेटियों के संघर्ष की दास्ता

बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में संत गुरु घासीदास शास. महा. कुरूद बनी विजेता

कुरूद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं अब केवल शहरों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि गाँवों की गलियों से निकलकर राज्य स्तर पर अपनी धमक दिखा रही हैं। हाल ही में राजधानी रायपुर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के मैदान पर कुछ ऐसा ही करिश्मा देखने को मिला, जहाँ संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद की महिला टीम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनव अंतर-महाविद्यालयीन बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया।

यह जीत केवल एक पदक की कहानी नहीं है, बल्कि उन बेटियों के संघर्ष की दास्तां है ।जिन्होंने खेल के मैदान को अपनी साधना स्थली बना लिया। इस टीम की रीढ़ ग्राम परखंदा की वे बेटियाँ हैं, जिन्होंने साबित कर दिया कि अगर इरादे फौलादी हों, तो संसाधनों की कमी कभी बाधा नहीं बनती। परखंदा की इन बेटियों ने सिद्ध कर दिया है कि गाँव की मिट्टी में प्रतिभा और संकल्प की अपार शक्ति समाहित होती है। खेल कौशल और अनुशासन का संगम मैदान पर जब कुरूद की टीम उतरी, तो उनकी बॉडी लैंग्वेज और अनुशासन ने पहले ही मैच में प्रतिद्वंद्वियों को दबाव में ला दिया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच नहीं हारा। फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों के सटीक शॉट और गजब के तालमेल ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। यह जीत आत्मविश्वास, परिश्रम और टीम वर्क की एक मिसाल है।

इस स्वर्णिम सफलता पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टिकेश साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा गाँव की मिट्टी में जो संस्कार और संघर्ष की शक्ति होती है, उसे आज इन बेटियों ने दुनिया को दिखा दिया है। परखंदा ग्राम की इन होनहारों ने न केवल कॉलेज का, बल्कि पूरे कुरूद क्षेत्र का नाम राज्य स्तर पर चमका दिया है। यह जीत उन सभी के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रशिक्षक गोपाल साहू और पूरे कुरूद क्षेत्र के खेल प्रेमियों ने टीम को इस शानदार सफलता पर जीत की बधाई दी है।

न्यूज गैलरी

शैक्षणिक भ्रमण और प्रशिक्षण से किसान अपना रहे जैविक खेती

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के किसानों में जैविक एवं परंपरागत खेती के प्रति निरंतर रुझान बढ़ाने कृषि विभाग अंतर्गत संचालित जैविक खेती मिशन एवं परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत चयनित क्लस्टर के किसानों को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण सह प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती को प्रोत्साहित करना है। छुईखदान विकासखंड के वनांचल क्षेत्र के किसानों को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल करने के बाद भ्रमण एवं प्रशिक्षण से किसानों में न केवल जैविक एवं परंपरागत खेती के प्रति रुचि बढ़ी, बल्कि उन्होंने इसे अपने खेतों में अपनाना भी शुरू कर दिया है। वनाचल ग्राम तुमड़ादाह के कृषक सुरेन्द गोड़ ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से उन्हें जैविक खेती के लाभों की जानकारी मिली, जिससे प्रेरित होकर 5 एकड़ में कोदो फसल का जैविक उत्पादन प्रारंभ किया है। ग्राम धारिया के कृषक मोहन ने परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत अरहर बिना रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के फसल उत्पादन कर अधिक उपज एवं लागत में कमी हासिल की है। कृषक अमरनाथ ने बताया कि लगातार रासायनिक दवाइयों के उपयोग से फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और खेती की लागत भी बढ़ रही है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव किसानों पर पड़ रहा है। जैविक खेती इस समस्या का बेहतर समाधान है। उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि जिले में कृषि विभाग द्वारा जैविक खेती मिशन, परंपरागत कृषि विकास योजना एवं प्राकृतिक खेती जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

जनपद अध्यक्ष की मांग पर मुख्यमंत्री ने दी 30 लाख की स्वीकृति

खैरागढ़/नवप्रदेश। जनपद अध्यक्ष डा राजेश्री त्रिपाठी की विशेष मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खैरागढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकासकार्यो के लिए 30 लाख रू की स्वीकृति प्रदान की है । जनपद अध्यक्ष त्रिपाठी ने बताया कि सीएम साय को सौंपे गए मांगपत्र के आधार पर मुख्यमंत्री साय ने जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमदनी के आश्रित ग्राम भोरमपूर मे सीसी सडक़ निर्माण के लिए 5 लाख, तालाब मे पचरीकरण के लिए 5 लाख, आमदनी मे पचरीकरण के लिए पांच लाख रू, ग्राम पंचायत कोहकाबोड़ मे शीतला मंदिर मे बाऊंड्रीवाल निर्माण के लिए 3 लाख रू मां भवानी मंदिर मे सीढ़ी निर्माण के लिए भी स्वीकृति प्रदान करने के आदेश दिए है । विकास कार्यो की स्वीकृति पर आभार जताते जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार ग्रामीण विकास कार्यो की स्वीकृति देकर अधोसरंचना को बढ़ावा देने मे जूटी है । भविष्य मे इसी तरह के कई कार्यो की स्वीकृति और मिलेगी।

आजीविका डबरी जल संरक्षण से महिला आत्मनिर्भरता की ओर एक सशक्त कदम

धमतरी/नवप्रदेश। ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण और जल संरक्षण की दिशा में आजीविका डबरी निर्माण एक प्रभावी और दूरगामी पहल के रूप में उभर रही है। यह न केवल वर्षा जल संचयन का सशक्त माध्यम है बल्कि इससे जुड़ी समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण को लेकर मनरेगा आयुक्त श्री तारण प्रकाश सिन्हा (आईएएस) द्वारा जारी किए गए स्पष्ट तकनीकी एवं प्रशासनिक निर्देशों ने इस कार्य को अधिक वैज्ञानिक, टिकाऊ और परिणामोन्मुखी बना दिया है। मनरेगा आयुक्त के निर्देशानुसार आजीविका डबरी निर्माण हेतु स्थान चयन के समय क्लार्ट ऐप का उपयोग अनिवार्य किया गया है। यह ऐप भू-जल संभाव्यता, मिट्टी की प्रकृति, भू-आकृतिक संरचना और जलधारण क्षमता के आधार पर क्षेत्र को विभिन्न जोन में वर्गीकृत करता है। हरा या पीला जोन ऐसे क्षेत्रों में जल संचयन की संभाव्यता अधिक होती है। लाल जोन जलधारण क्षमता कम होने के कारण विशेष सावधानी अपेक्षित होती है। आयुक्त के निर्देश स्पष्ट हैं कि हरा या पीला जोन दिखाई देने पर भी अनुमान बनाते समय अतिरिक्त तकनीकी प्रावधान अवश्य किए जाएं ताकि डबरी दीर्घकाल तक उपयोगी बनी रहे।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बड़ा वन्यजीव हादसा

कोकड़ी जंगल में शिकारियों के अवैध फंदे में फंसा नर तेंदुआ, ग्रामीणों को राहत

गरियाबंद/नवप्रदेश। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र तौरेंगा से वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। तौरेंगा अंतर्गत कोकड़ी जंगल में शिकारियों द्वारा लगाए गए अवैध फंदे में एक तेंदुआ फंस गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जंगली सुअर एवं अन्य वन्यप्राणियों के शिकार के लिए लगाए गए तार के फंदे में गुरुवार को तेंदुआ फंस गया। फंदा तेंदुए के पंजे और गले में कस जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और दर्द से जोर-जोर से दहाड़ने लगा। तेंदुए की दहाड़ सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा वन अमला ग्रामीणों से सूचना मिलते ही वन विभाग के स्थानीय अधिकारी, कर्मचारी और डॉक्टरों की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर सावधानीपूर्वक तेंदुए को फंदे से मुक्त किया गया।

उपनिदेशक वरुण जैन ने की पुष्टि

घटना की जानकारी मिलते ही उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि फंदे में फंसा तेंदुआ लगभग 4 वर्ष का नर है। रेस्क्यू टीम द्वारा तेंदुए को सुरक्षित रूप से जाल से निकाल लिया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद आगे की चिकित्सकीय एवं कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अवैध शिकार पर फिर उठे सवाल

इस घटना ने एक बार फिर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अवैध शिकार और फंदा लगाने की घटनाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वन विभाग द्वारा शिकारियों की तलाश और फंदा लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है। वन विभाग का कहना है कि तेंदुए की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आवश्यक होने पर उसे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। घटना से क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण को लेकर सतर्कता और निगरानी बढ़ाने की जरूरत एक बार फिर सामने आई है।

एनएमडीसी और कोलोराडो स्कूल ऑफ माइंस के साथ समझौता पर हस्ताक्षर

सुस्थिर खनन और उन्नत खनन प्रौद्योगिकियों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सहयोग

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड ने खनन प्रौद्योगिकियों, खनिज प्रसंस्करण तथा विशेष रूप से खनन अपशिष्ट और जटिल अयस्कों से महत्वपूर्ण खनिजों के निष्कर्षण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अमेरिका के कोलोराडो स्कूल ऑफ माइंस के साथ एक दीर्घकालिक अनुसंधान सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ।

यह एमओयू एनएमडीसी के अनुसंधान एवं विकास केंद्र, हैदराबाद और कोलोराडो स्कूल ऑफ माइंस के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ के बीच संपन्न हुआ । इस समझौते पर एनएमडीसी की ओर से विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) ने हस्ताक्षर किए।

यह रणनीतिक सहयोग भारत के खनन पारिस्थितिकी तंत्र में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं, अत्याधुनिक अनुसंधान और उभरती प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करने की एनएमडीसी की परिकल्पना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस एमओयू के अंतर्गत, एनएमडीसी और कोलोराडो स्कूल ऑफ माइंस कई अग्रणी क्षेत्रों में सहयोग करेंगे, जिनमें लौह अयस्क का संवर्धन और एग्लोमरेशन; खनन अपशिष्ट के उपयोग हेतु प्रौद्योगिकियों का विकास; स्वदेशी कच्चे माल का उपयोग कर वैकल्पिक लौह निर्माण प्रौद्योगिकियां; तथा दुर्लभ मृदा तत्वों सहित महत्वपूर्ण खनिजों का निष्कर्षण शामिल है।

इसके साथ ही, साझेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, माइनिंग 4.0, तथा ड्रोन और स्वचालित वाहनों जैसी स्वायत्त प्रणालियों पर आधारित प्रौद्योगिकी-संचालित खनन समाधानों पर भी केंद्रित होगी।

इस सहयोग की एक प्रमुख विशेषता सतत खनन और टेलिंग्स, कोल ऐश् तथा निम्न-ग्रेड अयस्क जैसे अपशिष्ट स्रोतों से मूल्य सृजन पर विशेष जोर देना है। यह पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण, उन्नत विनिर्माण तथा रणनीतिक उद्योगों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों के नए स्रोतों को विकसित करने के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप है ।

इस एमओयू के महत्व को रेखांकित करते हुए एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कहा, 'यह सहयोग खनन अपशिष्ट से महत्वपूर्ण खनिजों के निष्कर्षण को आगे बढ़ाने में एक नए अध्याय की शुरुआत है। कोलोराडो स्कूल ऑफ माइंस के साथ इस रूश के माध्यम से एनएमडीसी अपनी अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत कर रहा है और खनन में उन्नत प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमारा व्यापक लक्ष्य सतत और जिम्मेदार खनन प्रथाओं को सुनिश्चित करते हुए भारत को महत्वपूर्ण खनिजों में आत्मनिर्भर बनाना है।'

महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने और उन्नत खनन प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भारत के बढ़ते फोकस के बीच, एनएमडीसी-कोलोराडो स्कूल ऑफ माइंस एमओयू एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय साझेदारी का प्रतिनिधित्व करता है, जो तकनीकी नवाचार, क्षमता निर्माण और भारतीय खनन क्षेत्र की दीर्घकालिक स्थिरता में योगदान देगा।

इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

50% अधूरे काम पूरे करने 1 साल बाद 100 करोड़ का टेंडर

■ **डेढ़ लाख आबादी को राहत**

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा के बहुप्रतीक्षित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की अधूरी सड़क को पूरा करने के लिए करीब 100 करोड़ की नई टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य शासन ने दो माह पूर्व परियोजना के रिवाइज्ड इस्टीमेट को मंजूरी दी थी। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अधूरी रहने के कारण पहले यह टेंडर जारी नहीं हो सका था। अब जमीन अधिग्रहण पूरा होने के बाद दोबारा टेंडर जारी किया गया है और नए वर्ष से कार्य प्रारंभ होने की संभावना है। कॉरिडोर की कुल लंबाई 27.19 किलोमीटर है, जिसे तीन चरणों में विकसित किया जा रहा है। पहले इसकी लागत 200 करोड़ तय की गई थी, जिसे एसईसीएल ने अपने सीएसआर फंड से उपलब्ध कराया है। कार्य एक वर्ष तक बंद रहने से परियोजना लागत में 30 करोड़ की वृद्धि भी हुई है।

ठेका निरस्त होने से रुका था काम: हरदीबाजार से तरदा के बीच भूमि अधिग्रहण न होने के कारण ठेका कंपनी एसएमएस नागपुर ने दिसंबर 2024 में कार्य करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद टेंडर निरस्त कर दिया गया और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया नए सिरे से शुरू की गई।

तकनीकी अड़चनों से भी देरी: सर्वमंगला से इमलीछापर फोरलेन सड़क पर बरमपुर नहर पुल की डिजाइन बदलने के कारण काम अधूरा रह गया। इमलीछापर क्षेत्र में अभी सिर्फ टू-लेन सड़क बनी है क्योंकि वहां रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है।

> भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। टेंडर जारी कर दिया गया है। नए साल से काम शुरू होगा और दो चरणों के अधूरे कार्य भी पूरे किए जाएंगे।
>
> **जीआर जांगड़े, ईई, पीडब्ल्यूडी**

डीएफओ की गाड़ी से ग्रामीण की मौत, दो भैंसों ने भी तोड़े दम

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे पर धरसींवा के पास अंबिकापुर सरगुजा डीएफओ की सरकारी स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार एक ग्रामीण और सड़क पार कर रही दो भैंसों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि ग्रामीण की पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ली है। हादसा 22 दिसंबर की शाम को छह बजे के बाद चरौदा में मोंदही ओवरब्रिज के पास हुआ। डीएफओ सरगुजा की तख्ती वाली स्कार्पियो सीजी 02 ए यू 0470 से हादसा हुआ।

बाइक सवार महिला का इलाज जारी, हालत गंभीर- पुलिस के मुताबिक सिलतरा निवासी मृतक मनहरण पिता प्रेमनाथ वर्मा (45 वर्ष) बाइक में अपनी पत्नी रेखा वर्मा के साथ ग्राम किरना में रिश्तेदारों से मिलकर घर लौट रहे थे। शाम छह-साढ़े 6 बजे ग्राम मोंहदी ओवरब्रिज पर भैंसों को ग्रामीण हाईवे पार करा रहे थे। भैंसों को सड़क पर देखकर मनहरण ने अपनी बाइक को ब्रेक लगाया तो पीछे से तेज रफ्तार ब्लैक स्कार्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

बाइक को जोरदार टक्कर मारने के बाद भी स्कार्पियो की रफ्तार कम नहीं हुई और वह दो भैंसों को ठोकर मारते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी दोनों को गंभीर चोटें आईं। अस्पताल पहुंचने से पहले मनहरण वर्मा की मौत हो चुकी थी जबकि रेखा वर्मा का इलाज जारी है। वहीं घटनास्थल पर ही दोनों भैंसों की भी मौत हो गई।

डीएफओ को मामूली चोटें, स्कार्पियो थाने में छोड़कर गए दूसरी गाड़ी से

पुलिस ने मृतक मनहरण वर्मा के पुत्र सागर वर्मा एवं चश्मदीद गवाह संजय यादव का बयान दर्ज किया। स्कार्पियो के चालक के खिलाफधारा 106 (1) 125 एवं 281 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। टीआई धरसींवा राजेन्द्र दीवान के मुताबिक गाड़ी में डीएफओ सरगुजा अंबिकापुर खुद सवार थे। शासकीय ड्राइवर स्कार्पियो चला रहा था। डीएफओ और ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं। हालांकि पुलिस ने अभी डीएफओ और ड्राइवर का नाम नहीं बताया है। धरसींवा में उपचार के बाद सरकारी गाड़ी उन्होंने थाने में रखवाई और दूसरी गाड़ी से रायपुर निकल गए। जांच के बाद ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विक्षोभ बेअसर, सर्दी से ब्रेक नहीं मिल पा रहा

दिसंबर में जनवरी जैसी ठंड ला-नीना ने मौसम बदला, जनजीवन प्रभावित

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। जनवरी में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड इस बार दिसंबर में ही लोगों को परेशान करने लगी है। दिन हो या यत, तापमान सामान्य से नीचे बने रहने के कारण ठंड लगातार चुभ रही है। मौसम विशेषज्ञ इसे ला नीना का असर बता रहे हैं, जिसके चलते पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गए हैं और सर्दी पर लगने वाला ब्रेक इस बार नहीं मिल पा रहा है।

हालांकि गुरुवार को ठंड में थोड़ी कमी दर्ज की गई। पिछले एक सप्ताह के आंकड़ों पर नजर डालें तो दिन और रात दोनों का तापमान सामान्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। दिन में पारा ज्यादा ऊपर नहीं जा पाता और शाम ढलते ही गिरने लगता है। उदाहरण के तौर पर अधिकतम तापमान दिन में करीब 27 डिग्री तक पहुंचता है और रात में गिरकर 11 डिग्री के आसपास आ जाता है। हालांकि

अब इसमें कुछ बढ़ोतरी देखी गई है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री रहा, जबकि एक दिन पहले यह 10.6 डिग्री था। वहीं अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री से बढ़कर 27.6 डिग्री पहुंच गया।

हवा की दिशा बदलने से ठंड से मिली थोड़ी राहत

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से हवा की दिशा में बदलाव शुरू हो गया है। उत्तर से ठंड़ी और शुष्क हवा तो आ रही है, लेकिन पूर्वी हवाओं का प्रभाव बढ़ने लगा है। इसके चलते न्यूनतम तापमान में करीब ढाई डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। तापमान में आई इस वृद्धि ठंड से परेशान लोगों को कुछ से राहत मिली है।

जो विक्षोभ आ रहे उन पर ला नीना का असर: चंद्रा

मौसम विशेषज्ञ डॉ. एचपी चंद्रा के मुताबिक सर्दी के मौसम में पश्चिमी विक्षोभ के कारण ठंड पर कुछ दिनों के लिए ब्रेक लगता है, क्योंकि विक्षोभ के चलते हवा की दिशा बदल जाती है। लेकिन इस बार पश्चिमी विक्षोभ कम आ रहे हैं और जो आ रहे हैं, उन पर भी ला नीना का असर है। ला नीना के दौरान प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से में समुद्री सतह का तापमान सामान्य से कम हो जाता है, जिससे वैश्विक वायुमंडलीय परिसंचरण प्रभावित होता है।

स्कूल शिक्षा विभाग को बैंक एकाउंट बंद कराने में हो रही परेशानी

निष्क्रिय 2903 खातों में फंसा 35 लाख का फंड, अब वापसी की पहल

बिलासपुर/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग में दशकों से निष्क्रिय पड़े खातों और उनमें जमा सरकारी धनराशि की वापसी को लेकर शासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिले में विभिन्न योजनाओं के लिए सालों पहले खोले गए 2903 मृत या निष्क्रिय है। जिसमें शासन का लाखों रुपए का सरकारी धन फंसा हुआ है। अब उक्त बैंक अकाउंट को बंद कराकर सरकार को राशि लौटाने का आदेश दिया गया है।

शिक्षा विभाग के वित्तीय प्रबंधन में एक बड़ी सफाई प्रक्रिया शुरू हुई है। जिले में 2903 ऐसे खाते है, जिसका सालों से उपयोग नहीं किया जा रहा है। उक्त खातों को विभिन्न योजनाओं के लिए खोला गया था। योजनाएं भी बंद हो गई है। इसके बाद भी अकाउंट में शून्य से एक लाख रूपए से अधिक की राशि जमा है। जिसका ध्यान आने पर उक्त राशि को शासन को वापस करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

जिले में सालों से मृत पड़े खातों में शासन का पैतीस लाख रुपए से अधिक की धन राशि फंसा हुआ है, जिसे अब तत्काल प्रभाव से सरकारी खजाने (राजकोष) में लौटाने का आदेश जारी किया गया है। उक्त खाते दशकों पहले खोले गए थे। उस समय विभिन्न सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्ति वितरण, स्कूल भवन निर्माण और विशिष्ट शैक्षिक परियोजनाओं के लिए यह बैंक खाते संचालित किए गए थे।

योजनाएं समाप्त होने या नई वित्तीय व्यवस्था लागू होने के बाद, इन खातों को न तो बंद किया गया और न ही इनकी शेष राशि वापस की गई। इसलिए उक्त खातों में शासन का लाखों रुपए लावारिस स्थिति में पड़ा है। इसलिए उसको शासन को वापस लौटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

30 सालों बाद ली जा रही बंद खातों की सुध

स्कूल शिक्षा विभाग में सालों से विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। योजनाएं बंद होने के बाद भी उक्त एकाउंट में शुन्य रुपए से एक लाख रुपए तक जमा है। जो अकाउंट में पड़े हुए है। उसकी सुध स्कूल शिक्षा विभाग को करीब तीस सालों बाद आई है। इसलिए उक्त खातों को बंद कराकर जमा राशि का बैंक ड्राप्ट बनवाकर शासन के अकाउंट में जमा करने का निर्देश दिया गया है।

लापरवाही बरतने पर वेतन रोकने की चेतावनी

जिला शिक्षा अधिकारी ने उक्त संबंध में बीईओ को एक आदेश जारी किया है। इसमें सालों पहले खाले गए विभिन्न योजनाओं के मृत और संधारण नहीं होने वाले खातों का ई-केवाईसी कराकर चालू करें एवं खाते में जमा राशि का बैंक ड्राप्ट बनवाकर शासन निर्धारित खाते में जमा कराने को कहा गया है। उक्त कार्य में किसी तरह की लापरवाही होने पर बीईओ, प्राचार्य और एचएम का वेतन रोकने की बात कही गई है।

कोटा में 1 करोड़ और तखतपुर में 52 लाख

मृत और निष्क्रिय खातों की जांच में पाया गया कि, जनपद पंचायत के साथ भी मिलकर स्कूल शिक्षा विभाग की कुछ योजनाएं चलती थी। जिसमें जनपद सीईओ और बीआरसी के नाम खाते खोले गए थे। दोनों के हस्ताक्षर से राशि का आहरण होता था। उक्त योजना में कोटा में करीब एक करोड़ रुपए और तखतपुर जनपद के अकाउंट में 52 लाख रुपए जमा है। उसको भी शासन के खाते में जमा किए जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com